# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 7 नवंबर 2026



राजश्री इलायची

KP GROUP Quality Since 1965

दीपावली का जश्न, राजश्री का दर्शन

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

KP GROUP Quality Since 1965

राजश्री

सुगंधित इलायची

नया पैक

For calorie conscious people the product shown here contains artificial sweeteners like Sodium Saccharin (INS 954), Sucralose (INS 955) and Neotame (INS 961). Not recommended for kids.

## राजनांदगांव के जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अपील हाईकोर्ट से खारिज

**एसटी वर्ग के सहायक ग्रेड-तीन पद पर प्रतीक्षा सूची से नियुक्ति देने का आदेश**




**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने राजनांदगांव के जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अपील खारिज करते हुए कहा कि भर्ती की चयन सूची जारी होने के एक साल के भीतर किसी चयनित अभ्यर्थी के इस्तीफा देने या पद खाली होने पर प्रतीक्षा सूची से नियुक्ति की जा सकती है। जब भर्ती विज्ञापन में इसका साफ प्रावधान हो तो नियोक्ता इससे पीछे नहीं हट सकता। साथ ही हाईकोर्ट ने एसटी वर्ग के सहायक ग्रेड-तीन पद पर प्रतीक्षा सूची में पहले स्थान पर रहे चंद्रशेखर कंवर को नियुक्ति देने के सिंगल बेंच का आदेश बरकरार रखा है। हाईकोर्ट ने माना कि भर्ती विज्ञापन में एक साल के भीतर पद खाली होने पर प्रतीक्षा सूची से नियुक्ति का प्रावधान था। ऐसे में अभ्यर्थी को इस आधार पर नियुक्ति से वंचित नहीं किया जा सकता कि पद को नई भर्ती से भरा जाएगा।

राजनांदगांव जिला न्यायालय ने 28 जून 2023 को विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसमें सहायक ग्रेड-तीन के 9 पद थे, जिनमें दो पद अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित थे। रायपुर निवासी चंद्रशेखर कंवर ने एसटी वर्ग से आवेदन किया था। कौशल परीक्षा में वे पहले स्थान पर रहे और अंतिम चयन सूची में एसटी वर्ग की प्रतीक्षा सूची में भी उनका नाम पहले क्रम पर था। इस पद पर चयनित अभ्यर्थी ने चयन सूची जारी होने के एक साल के भीतर इस्तीफा दे दिया। इसके बाद चंद्रशेखर कंवर ने रिक्त पद पर नियुक्ति की मांग की, लेकिन जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने यह कहते हुए आवेदन खारिज कर दिया कि पद को नई भर्ती से भरा जाएगा। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। सिंगल बेंच ने 25 जून 2025 को याचिका स्वीकार कर छह सप्ताह के भीतर नियुक्ति देने का निर्देश दिया था। इस आदेश को जिला न्यायाधीश ने चुनौती देते हुए डिवीजन बेंच में अपील पेश की थी। उनकी ओर से तर्क दिया गया कि चयनित अभ्यर्थी के पदभार ग्रहण करने के बाद इस्तीफा देने से प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी को नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता। पद भरने के लिए नई भर्ती की जानी चाहिए।

## गांजा तस्कर को सात वर्ष कैद, एक लाख जुर्माना

**रायपुर।** चार वर्ष पूर्व गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार आरोपी को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस किरण थवाईत की कोर्ट ने सात वर्ष कैद के साथ एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवनलाल साहू के अनुसार, कोर्ट ने दुर्ग, अमलेश्वर निवासी शंकर निषाद को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है।



## पॉवर कंपनियों में डेढ़ हजार पदों पर होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की तीनों कंपनियों में बड़े पैमाने पर भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा 38 प्रकार के पदों पर कुल 1,501 रिक्तियों के लिए विस्तृत भर्ती विज्ञापन 5 नवंबर को जारी किया गया है। इनमें द्वितीय श्रेणी के 195 तथा तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के 1,306 पद शामिल हैं। सबसे अधिक पद कनिष्ठ अभियंता एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर के हैं। कनिष्ठ अभियंता इलेक्ट्रिकल के 167 पद हैं, जिनमें जनरेशन कंपनी के 11, ट्रांसमिशन कंपनी के 32 और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के 124 पद शामिल हैं। इसी तरह डाटा एंट्री ऑपरेटर के 609 पद तीनों कंपनियों के क्रमशः 95, 64 और 450 पद हैं।

ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 6 नवंबर 2026 को शाम 8 बजे से प्रारंभ की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 26 नवंबर 2026 की रात 11.55 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन शुल्क भी इसी तिथि और समय तक नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड अथवा यूपीआई के माध्यम से जमा किया जा सकेगा। विज्ञापन के अनुसार तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थी ही आवेदन करने के पात्र होंगे। प्रत्येक पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा एवं अन्य पात्रता संबंधी विस्तृत जानकारी भर्ती विज्ञापन में दी गई है।

**इन पदों पर भर्ती**

भर्ती में तकनीकी पदों के अंतर्गत सहायक अभियंता के मैकेनिकल (26), इलेक्ट्रिकल (92), इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन (10), कंप्यूटर साइंस (2), सूचना प्रौद्योगिकी (2) तथा सिविल (20) के पद शामिल हैं। इसके अलावा फायर ऑफिसर (1), सुरक्षा अधिकारी (3), शिफ्ट केमिस्ट (6), प्रोग्रामर (3), कनिष्ठ अभियंता मैकेनिकल (12), इलेक्ट्रिकल (167), इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन (9), कंप्यूटर साइंस (1), सूचना प्रौद्योगिकी (1) तथा सिविल (26) के पद हैं। अन्य पदों में सब फायर ऑफिसर (6), सुरक्षा निरीक्षक (10), सुरक्षा उप निरीक्षक (19), अटेंडेंट (प्लांट) ग्रेड-III के अंतर्गत फिटर (84), टर्नर (36), इलेक्ट्रीशियन (90), इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक (45) एवं इलेक्ट्रॉनिक्स (45), फायर अटेंडेंट ग्रेड-II (45), डाटा एंट्री ऑपरेटर (609), लेखा अधिकारी/सहायक प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) (15), चिकित्सा अधिकारी (15), सहायक विधि अधिकारी (8), सहायक औद्योगिक संबंध अधिकारी (8), स्टेनोग्राफर ग्रेड-III अंग्रेजी (12) एवं हिंदी (13), सहायक लैब तकनीशियन (6), सहायक फार्मासिस्ट (25), सहायक स्टाफ नर्स (18), सहायक रेडियोग्राफर (3), सहायक ड्रेसर (5) तथा सहायक ईसीजी तकनीशियन (3) के पद शामिल हैं।

## नहर निर्माण के लिए अधिग्रहित जमीन का अनुपयोगी हिस्सा वापस करने की मांग, दो रिट याचिकाएं खारिज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मिनीमाता बांगो परियोजना के तहत नहर निर्माण के लिए अधिग्रहित जमीन का अनुपयोगी हिस्सा वापस करने की मांग वाली दो रिट याचिकाएं खारिज कर दी हैं। जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच ने कहा कि केवल इस आधार पर कि अधिग्रहित जमीन का कुछ हिस्सा नहर निर्माण में इस्तेमाल नहीं हुआ है, पुराने भू-स्वामियों को उसे वापस पाने का कोई कानूनी अधिकार नहीं मिल जाता।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 के तहत अधिग्रहण पूरा होने और अवार्ड पारित होने के बाद जमीन राज्य में निहित हो चुकी है। मामले में खरसिया निवासी बजरंग लाल, श्रीनिवास, सुभाष चंद और छेदीलाल ने याचिका दायर कर कलेक्टर रायगढ़ के 27 सितंबर 2021 के आदेश को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि हसदेव बांगो परियोजना के तहत नहर निर्माण के लिए उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया था। नहर निर्माण पूरा होने के बाद जमीन का बड़ा हिस्सा अनुपयोगी पड़ा है। राजस्व अधिकारियों ने सीमांकन और जांच के बाद ऐसे हिस्सों की पहचान भी की थी, लेकिन कलेक्टर ने सार्वजनिक और शासकीय हित का हवाला देकर जमीन लौटाने की मांग खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने कहा कि जमीन का इस्तेमाल केवल मुख्य नहर के निर्माण तक सीमित नहीं है। नहर के निरीक्षण, रखरखाव, निगरानी, सुरक्षा और विभाग की भविष्य की आवश्यकताओं के लिए भी आसपास की अधिग्रहित जमीन जरूरी हो सकती है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने भी शपथपत्र में विवादित जमीन को इन विभागीय जरूरतों के लिए आवश्यक बताया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अधिग्रहण की मूल कार्रवाई या 28 फरवरी 2004 को पारित अवार्ड को याचिकाकर्ताओं ने किसी वैधानिक आधार पर चुनौती नहीं दी है, वहीं, 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून की धारा 101 लागू होने का आधार भी साबित नहीं किया। कोर्ट ने माना कि अधिग्रहित जमीन के कुछ हिस्सों पर नहर का प्रत्यक्ष निर्माण नहीं होना, अपने आप में यह साबित नहीं करता कि जमीन परियोजना के लिए अनावश्यक है। ऐसे में जमीन वापस करने का कोई लागू करने योग्य कानूनी अधिकार याचिकाकर्ताओं को प्राप्त नहीं है।

## सरकार के नए बजट के लिए विभागों के खर्च पर 5 फीसदी की सीमा

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

**योजनाओं के दोहराव को खत्म कर परिणाम आधारित बजट बनाने पर जोर, महंगाई भत्ते के लिए वेतन प्रावधान का 62% रखने का निर्देश**

छत्तीसगढ़ सरकार का अगले वित्तीय वर्ष के सालाना बजट का आकार मौजूदा बजट के मुकाबले 5 प्रतिशत या उससे कुछ अधिक बढ़ने की संभावना है। दरअसल सरकार के वित्त विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट की तैयारी के लिए विभागों के खर्च में अधिकतम 5 प्रतिशत वृद्धि की सीमा निर्धारित की है। वित्त विभाग ने सभी विभागों को वर्ष 2025-26 के बजट प्रावधानों में अधिकतम 5 प्रतिशत वृद्धि करते हुए अगले वित्तीय वर्ष के बजट प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। नए व्यय मदों को शामिल करने के लिए वित्त विभाग की सहमति आवश्यक होगी।

वित्त विभाग द्वारा को जारी निर्देशों में वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित अनुमान और 2026-27 के बजट अनुमान तैयार करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। विभागों से कहा गया है कि बजट प्रस्ताव वास्तविक व्यय और उपलब्ध वित्तीय आंकड़ों के आधार पर तैयार किए जाएं तथा प्रत्येक प्रस्ताव के साथ उसका औचित्य भी प्रस्तुत किया जाए।निर्देशों के अनुसार, विभागों को ऐसी योजनाओं का एकीकरण करना होगा जिनके उद्देश्यों में दोहराव है। योजनाओं की संख्या सीमित करते हुए बजट को परिणाम आधारित बनाने पर जोर दिया गया है। विभागीय योजनाओं को छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 और सतत विकास लक्ष्यों 2030 की प्राप्ति में सहायक बनाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

नए व्यय मदों के प्रस्ताव अलग से प्रस्तुत करने होंगे। वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है कि अपरीक्षित नए व्यय मदों को बजट में प्राथमिकता नहीं दी जाएगी। विभागों को अधिक से अधिक नए मदों के प्रस्ताव वित्त विभाग से परीक्षण और सहमति प्राप्त कर बजट में शामिल कराने के निर्देश दिए गए हैं। वित्त विभाग ने वेतन और महंगाई भत्ते के प्रावधानों को लेकर भी निर्देश जारी किए हैं। वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित अनुमान में वेतन के प्रावधान का 55 प्रतिशत महंगाई भत्ते के लिए तथा वर्ष 2026-27 के बजट अनुमान में 62 प्रतिशत महंगाई भत्ते के लिए रखने को कहा गया है।

**अफसर चर्चा करेंगे, लेकिन फैसला मंत्री करेंगे**

केंद्र प्रायोजित योजनाओं में केंद्रांश का बजट भारत सरकार द्वारा निर्धारित आवंटन के अनुरूप तैयार करने और राज्यांश का प्रावधान पुनरीक्षित अनुमान के आधार पर करने के निर्देश दिए गए हैं। विभागों को योजनाओं के वित्तपोषण में केंद्र और राज्य के हिस्से का स्पष्ट उल्लेख भी करना होगा। वित्त विभाग ने सभी विभागों से निर्धारित प्रारूप में वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित अनुमान तथा वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्ताव पिछले माह के तीसरे सप्ताह तक देने के निर्देश दिए गए थे।

ये प्रस्ताव मिलने के बाद वित्त विभाग अपने स्तर पर विचार करेगा। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 1 से 17 दिसंबर तक सचिव एवं विभागाध्यक्ष स्तरीय संयुक्त बजट चर्चा, सचिव द्वारा विभागीय सचिवों एवं विभागाध्यक्षों के साथ बजट प्रस्ताव के निरंतर व्यय मदों पर चर्चा की होगी। लेकिन अंतिम रूप मंत्री स्तरीय चर्चा में दिया जाएगा।

## सौरभ के पकड़े जाने के बाद बुकी हुए अंडर ग्राउंड

**अफसर दिल्ली की दौड़ लगा रहे, पूछताछ में कई और नाम सामने आ सकते हैं**


हरिभूमि न्यूजःरायपुर

ऑनलाइन महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर के पकड़े जाने के बाद प्रशासनिक हल्के में खलबली मच गई है। जिन अफसरों पर सट्टा एप तथा सौरभ चंद्राकर की मदद करने के आरोप लगे हैं, उन अफसरों के दिल्ली दौड़ लगाने की सूत्रों ने जानकारी दी है। अफसर सीबीआई के ऐसे अफसर हैं, जो उनके बैचमेट रहे हैं। उनसे संपर्क कर स्थिति जानने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा महादेव सट्टा एप से जुड़े बुकी अंडर ग्राउंड हो गए हैं।

- हवाला रूट से प्रोटेक्शन मनी, बुकी हुए अंडर ग्राउंड

महादेव सट्टा एप प्रकरण में सीबीआई, ईडी की चार्जशीट में कई पुलिस अफसर, कर्मियों के नाम शामिल हैं, जिन्हें एप के प्रमोटरों से प्रोटेक्शन मनी (रिश्वत) लेने और पूरे नेटवर्क को कानूनी कार्रवाई से बचाने के आरोप में नामजद किया गया है। वे अफसर सबसे ज्यादा परेशान है। उन्हें डर है कि पूछताछ में सौरभ चंद्राकर उनके नामों का खुलासा न कर दे। नाम सामने आने के बाद सीबीआई उन अफसर, पुलिसकर्मियों को पूछताछ के लिए तलब कर पूछताछ करेगी।

केंद्रीय एजेंसियों द्वारा अब तक जो जांच की गई है, उसके अनुसार, महादेव एप के संचालकों ने कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए छत्तीसगढ़



सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी भी नहीं रोक पाई

के कई निचले से लेकर उच्च स्तर के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को नियमित रूप से करोड़ों रुपए की रिश्वत दी। पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को बांटी जाने वाली प्रोटेक्शन मनी को रूट करने के लिए बड़े पैमाने पर हवाला ऑपरेटरों का इस्तेमाल किया गया था। एप के मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को ओमान से भारत प्रत्यर्पित किए जाने और रवि उप्पल पर दुबई में शिकंजा कसे जाने के बाद इस सिंडिकेट को शेल्टर देने वाले कई अन्य बड़े चेहरों और दागी अफसरों की भूमिका पर जांच और तेज हो गई है।

महादेव एप का नेटवर्क देशभर में अलग-अलग 'पैनल' और 'फ्रेंचाइजी मॉडल' के जरिए संचालित हो रहा था। जांच एजेंसी सीबीआई, ईडी के हाथों मुख्य सरगना के आने पर, इस सिंडिकेट से जुड़े छोटे-बड़े बुकीज को अपनी गिरफ्तारी का डर सताने लगा है, जिसके कारण अधिकतर ने अपने ठिकाने बदल दिए हैं और फोन बंद कर अंडरग्राउंड हो गए हैं। विशेषकर रायपुर तथा दुर्ग के बुकीज सौरभ चंद्राकर के प्रत्यर्पण होने की जानकारी मिलने के बाद से ही अपने होम टाउन से बाहर निकल गए हैं।

### प्रत्यर्पण की प्रक्रिया तेज

दुबई में रवि उप्पल की गिरफ्तारी भारतीय जांच एजेंसियों के अनुरोध पर इंटरपोल द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर की गई है। अलग-अलग रिपोर्ट की रिपोर्ट के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई उचित चैनलों के माध्यम से अधिक जानकारी जुटाने और प्रत्यर्पण प्रक्रिया को तेज करने में जुटी हैं, ताकि उसे जल्द से जल्द भारत लाया जा सके।

### मनी ट्रेल, हवाला नेटवर्क की जांच

ईडी के आरोपों के मुताबिक रवि उप्पल महादेव एप सिंडिकेट के दुबई हेड ऑफिस का प्रबंधन करता था और करोड़ों रुपए के अवैध हवाला नेटवर्क के संचालन को संभालता था। भारत वापस आने के बाद एजेंसियां उससे अवैध कमाई की मनी ट्रेल, विदेशों में छिपाई गई संपत्तियों और भारत में राजनेताओं व नौकरशाहों को दी गई कथित रिश्वत के बारे में कड़ी पूछताछ करने की तैयारी में हैं।

## दीपावली-छठ पर रेलवे अलर्ट : 400 यात्रियों की क्षमता का होल्डिंग एरिया तैयार

**55 आरपीएफ जवानों की तैनाती, 20 रुपए में मिलेगा भोजन**

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

दीपावली और छठ पूजा के दौरान ट्रेनों में बढ़ने वाली यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रायपुर रेल मंडल ने व्यापक तैयारियां की हैं। रायपुर, दुर्ग और भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण से लेकर सुरक्षा और यात्री सुविधाओं तक विशेष इंतजाम किए गए हैं। रेलवे प्रशासन ने 14 नवंबर तक यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ की संभावना को देखते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई है। वहीं, स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जाएगी। रायपुर रेलवे स्टेशन पर करीब 4 हजार 200 वर्गफीट में होल्डिंग एरिया बनाया गया है। इसमें लगभग 400 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था है। यहां सीसीटीवी कैमरे, रोशनी, पेयजल और किफायती भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यात्रियों को 15 और 20 रुपए में भोजन तथा 14 रुपए में रेल नीर उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा निशुल्क पेयजल की व्यवस्था भी की गई है।

**तीन प्रमुख ट्रेनें प्लेटफार्म नंबर-7 से चलेंगी**

यात्रियों की भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए बिहार और उत्तरप्रदेश की ओर जाने वाली तीन ट्रेनों को प्लेटफार्म नंबर-7 से संचालित करने के



लिए नामांकित किया गया है। इनमें दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस, गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस और दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस शामिल हैं। टिकट काउंटरों पर भीड़ कम करने के लिए व्यस्त समय में तीन अतिरिक्त काउंटर खोले जाएंगे। रायपुर स्टेशन पर 20 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनें उपलब्ध हैं। इसके अलावा दुर्ग में 4, भिलाई पावर हाउस में 3, भाटापारा में 3 और तिल्दा-नेवरा में 2 मशीनों की सुविधा दी गई है। दुर्ग रेलवे स्टेशन के मल्टीफंक्शनल कॉम्प्लेक्स का उपयोग होल्डिंग एरिया के रूप में किया जा रहा है। यहां यात्रियों के लिए भोजन और पेयजल की व्यवस्था की गई है। ट्रेनों के आगमन के अनुसार प्लेटफार्म पहले से निर्धारित किए जाएंगे। भीड़ नियंत्रण और यात्रियों की सहायता के लिए रेलवे अधिकारियों, आरपीएफ जवानों और टिकट जांच कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखने के लिए रेलवे का वार रूम सक्रिय रहेगा। यहां विभिन्न स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड के जरिए निगरानी की जाएगी। रायपुर स्टेशन पर 55, दुर्ग में 43 और भिलाई पावर हाउस में 55 सीसीटीवी कैमरे कार्यरत हैं। सुरक्षा के लिए रायपुर में 55, दुर्ग में 42 और भिलाई पावर हाउस में 12 आरपीएफ जवानों की तैनाती की गई है। रायपुर स्टेशन पर एंबुलेंस और चिकित्सा दल की व्यवस्था भी रहेगी।

### त्योहारों पर चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

अतिरिक्त यात्रियों को सुविधा देने के लिए दुर्ग से बरौनी, दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन तथा गोंदिया से पटना के बीच स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इनमें दुर्ग-बरौनी स्पेशल 4 और 18 नवंबर, बरौनी-दुर्ग स्पेशल 5 और 19 नवंबर तथा गोंदिया-पटना स्पेशल 6 और 20 नवंबर को चलेगी। इसके अलावा पटना-गोंदिया और चर्लपल्ली-बरौनी के बीच भी विशेष ट्रेनें संचालित की जाएंगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे स्टेशन पर कतार में रहें, फुट ओवरब्रिज का इस्तेमाल करें और ट्रेन में चढ़ते-उतरते समय जल्दबाजी न करें। त्योहारों के दौरान सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

## 'सबके लिए आवास' : दीपावली पर 4670 परिवारों को मिली पक्के घर की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**27 जिलों के 84 नगरीय निकायों में नए आवास स्वीकृत**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबके लिए आवास' के संकल्प और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिबद्धता से प्रदेश के शहरी जरूरतमंद परिवारों के पक्के घर का सपना साकार होने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ा है।

हरिभूमि सरोकार

दीपावली के शुभ अवसर पर भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी) घटक के अंतर्गत 4670 नए आवासों की स्वीकृति प्रदान की है। प्रदेश के 27 जिलों के 84 नगरीय निकायों में यह मंजूरी दीपावली की सौगात बनकर आई है।

### हर शहरी गरीब को अपना घर मिले : साव

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने इस स्वीकृति को नगरीय विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सभी हितग्राही परिवारों को बधाई दी है। उन्होंने संबंधित सभी 84 नगरीय निकायों को हितग्राहियों के आवास निर्माण में हर संभव सहयोग प्रदान करने और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के हर शहरी गरीब को अपना घर मिले, यही राज्य सरकार का लक्ष्य है।




### बीएलसी में 60,623 और एएचपी में 15,463 आवासों को स्वीकृति

इस नवीन स्वीकृति से पूर्व भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी) घटक के अंतर्गत 55 हजार 953 हितग्राहियों तथा भागीदारी में किफायती आवास (एएचपी) घटक के अंतर्गत 15 हजार 463 हितग्राहियों के आवास स्वीकृत किए जा चुके थे। इस प्रकार दोनों घटकों में पहले ही कुल 71 हजार 416 आवासों को मंजूरी मिल चुकी थी। अब 4670 नए आवासों की स्वीकृति के साथ बीएलसी घटक में स्वीकृत आवासों की संख्या बढ़कर 60 हजार 623 हो गई है। एएचपी घटक के 15 हजार 463 आवासों को मिलाकर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के इन दोनों घटकों के अंतर्गत अब तक कुल 76 हजार 086 हितग्राहियों के आवासों को भारत सरकार की मंजूरी मिल चुकी है।

### *हर पात्र परिवार को पक्का आवास दिलाने प्रतिबद्ध : साय*

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवीन आवासों की स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'सबके लिए आवास' के संकल्प को छत्तीसगढ़ में तेजी से साकार किया जा रहा है। उन्होंने सभी नए लाभार्थी परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि 4670 नए आवासों की स्वीकृति से हजारों शहरी गरीब परिवारों के पक्के घर का सपना पूरा होगा। राज्य सरकार हर पात्र परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। दीपावली पर मिली यह सौगात उन परिवारों के लिए विशेष महत्व रखती है, जो अपने घर के आंगन में खुशियों के दीप जलाने का सपना संजोए हुए हैं। आवास की स्वीकृति उनके लिए केवल मकान निर्माण का अवसर नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य की दिशा में बढ़ता कदम है।*

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़ | मध्यप्रदेश | हरियाणा | दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### कलेक्टर दिव्या की अनुकरणीय पहल, सोलर दीदियों के जरिए बदल रहीं गांव की तस्वीर



**क्या कहती हैं कलेक्टर**

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि जिला प्रशासन ने सोलर दीदियों को प्रशिक्षण प्रदान कराया है। नारागांव में रूफ टाप सिस्टम के लिए कोई शासकीय अनुदान, सीएसआर या अन्य फंड का उपयोग नहीं किया गया है। इस पहल से सोलर दीदियों की आय बढ़ी है एवं इससे लखपति दीदियों की संख्या भी बढ़ेगी।

### नारागांव की तस्वीर व तकदीर जिला प्रशासन की एक पहल ने बदलनी प्रारंभ कर दी

# नारागांव का नारा...घर-घर सोलर, बिना सरकारी अनुदान व खर्च सोलर से जगमगाया गांव



ओम टुवानी ▶▶| बालोद

*विकासखण्ड गुरूर के आदिवासी बहुल ग्राम नारागांव की तस्वीर व तकदीर जिला प्रशासन की एक पहल ने बदलनी प्रारंभ कर दी है। यहां के ग्रामीण सूरज की रोशनी से बिजली बना रहे हैं और अतिरिक्त बिजली विभाग को बेचेंगे भी। इससे ग्रामीणों का बिजली बिल शून्यता की ओर बढ़ेगा, साथ ही अतिरिक्त बिजली आर्थिक मजबूती का माध्यम भी बनेगी।*

अलग खबर

*कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की दूरगामी सोच के साथ की गई पहल से नारागांव के ग्रामीणों के घर बिजली घर बनने लगे हैं। इसके लिए ग्रामीणों को घर से एक रुपए भी खर्च नहीं करना पड़ा है। जिला प्रशासन ने भरदा क्लस्टर के सक्रिय स्वसहायता समूहों के माध्यम से 10 सोलर दीदियों को प्रशिक्षण दिया। इनमें 4 दीदीयों का वेन्डर के रूप में पंजीयन किया गया। अब वे गांव के घर - घर सोलर पैनल लगाने का कार्य कर रही हैं। समूह की चार महिलाएं टाकेश्वरी ओटी, लिलेश्वरी साहू, लीना यादव एवं सुमन साहू घर घर जाकर ग्रामीणों से चर्चा करती हैं और उन्हें सोलर पैनल लगाने प्रेरित कर पंजीयन करवाती हैं। ग्राम में अब तक 100 से अधिक रूफ टॉप सिस्टम लगकर सक्रिय हो गए हैं। वहीं 50 से अधिक सिस्टम पूर्णता की ओर हैं। इस कार्य में न ग्रामीणों को कुछ खर्च करना पड़ा न शासन से कोई अनुदान मिला है।*

### शून्य लागत इस तरह...

*क्लस्टर के समूहों ने स्वतः जमा राशि में से 29 लाख रुपए इस कार्य में अपनी अंश पूंजी लगाई, बैंक से कोई ऋण नहीं लिया। ग्रामीणों के घरों में 2 किलोवाट का पैनल लगाया गया है। इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा 60 हजार रुपए एवं राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रुपए की सब्सीडी दी जाती है। कार्य होने के बाद हितग्राही को प्राप्त सब्सिडी की राशि हितग्राही वेंडर को प्रदान करता है, क्योंकि वेंडर ने ही रूफ टॉप सिस्टम की प्रारंभिक पूंजी कार्य के लिए लगाई थी। जिला प्रशासन ने ऐसी व्यवस्था की कि हितग्राही को शून्य खर्च में स्वतः की बिजली मिलने लगी एवं वेंडर को इसके लिए प्रति सिस्टम 3 से 4 हजार रुपए तक की बचत होने लगी। सोलर दीदियां अब तक लगभग 3 लाख की आय प्राप्त कर चुकी है।*

### बढ़ रहा आत्मविश्वास

*जिला प्रशासन की इस पहल ने एक नई राह दिखाई है। एक ओर जहां शून्य लागत से पूरे गांव को सोलर ग्राम में बदला जा रहा है। वहीं ग्राम की महिलाएं परंपरागत कार्यों को छोड़ बड़े कार्यों में सक्रिय हो रही हैं। इससे महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है और महिला सशक्तीकरण का एक मजबूत संदेश भी दिया जा रहा है। यह कार्य आदिवासी बाहुल्य ग्राम नारागांव के ग्रामीणों को सस्ती बिजली मिलने के साथ अतिरिक्त बिजली आय का माध्यम बनकर ग्रामीणों को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करने लगी है।*


सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹105614/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹128990/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹140805/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

anand Jewels Pandri, Raipur


## खबर संक्षेप

### सीबीएसई 10वीं, 12वीं परीक्षाएं 16 फरवरी से

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 16 फरवरी, 2027 से शुरू होंगी। बोर्ड ने शुक्रवार को यह घोषणा की। बोर्ड के मुताबिक, 10वीं कक्षा की परीक्षाएं नौ मार्च को समाप्त होंगी, जबकि 12वीं की परीक्षाएं नौ अप्रैल तक चलेंगी। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, ''10वीं कक्षा के विद्यार्थी 83 विषयों और 12वीं कक्षा के विद्यार्थी 121 विषयों की परीक्षाओं में शामिल होंगे।

### 2013 रेप केस : तेजपाल को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** तहलका मैगजीन के पूर्व एडिटर तरुण तेजपाल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने शुक्रवार को 2013 के रेप केस में मिली 10 साल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बेंच ने कहा कि यह सजा पर रोक लगाने के लिए सही मामला नहीं है। कपिल सिब्बल ने दलील दी कि पूरा मामला झूठा है, जबकि गोवा सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सजा बढ़ाकर उम्रकैद करने की मांग की।

### कोलकाता : नगर निगम चुनाव पर लगाई रोक

**कोलकाता।** निकाय चुनाव में कलकत्ता हाई कोर्ट ने शुक्रवार को चुनावी अधिसूचना जारी करने पर अंतरिम रोक लगा दी। अदालत ने स्पष्ट किया कि वार्ड परिसीमन से संबंधित मुकदमे का निपटारा होने तक राज्य चुनाव आयोग नगर निगम चुनाव को लेकर कोई अधिसूचना जारी नहीं कर सकेगा। यह मामला कोलकाता नगर निगम के वार्डों के नए सिरे से परिसीमन और उनकी संख्या 144 से बढ़ाकर 209 करने के राज्य सरकार के फैसले से जुड़ा है।

### आम नागरिकों के लिए जिला अदालत जरूरी : सीजेआई

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत ने कहा है कि कोई भी आम नागरिक न्याय पाने की उम्मीद और कई तरह की चिंताओं के साथ सबसे पहले जिला अदालत ही पहुंचता है, इसलिए वकीलों को डॉक्टर की तरह उनका भरोसा जीतना चाहिए। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आयोजित एक सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि जैसे अस्पताल पहुंचते ही मरीज को ढांढस बंधाने से उसकी आधी तकलीफ दूर हो जाती है, वैसे ही वकीलों को भी मुवक्किल को सही कानूनी सलाह देकर राहत देनी चाहिए।

### सराफा, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन, कपड़े, फर्नीचर, गिफ्ट आइटम, मिठाई का बाजार रात तक रहा गुलजार

# छत्तीसगढ़ में धनतेरस पर इस बार जमकर खरीदी, बरसी 7000 करोड़ से ज्यादा की कृपा

**फैक्ट फाइल**

- 2500 करोड़ का बिका सोना और चांदी
- 2500 करोड़ के बिके वाहन
- 1000 करोड़ के बिके इलेक्ट्रॉनिक आइटम और मोबाइल
- 1000 करोड़ के बर्तन, फर्नीचर, कपड़े, मिठाई और गिफ्ट आइटम बिके
- 300 करोड़ के बिके घर और प्लाट

*धनतेरस पर शुक्रवार को राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर के बाजारों में सुबह से लेकर देर रात तक जमकर धनवर्षा हुई। सबसे ज्यादा ढाई हजार करोड़ का सोना और चांदी बिका। ऑटोमोबाइल सेक्टर में एक लाख से ज्यादा वाहन बिके, जिनकी कीमत करीब 25 सौ करोड़ है। रियल एस्टेट में इस समय थोड़ा मंदी का दौर है, ऐसे में इस बार ज्यादा से ज्यादा 300 करोड़ का ही कारोबार हो पाया है।*




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल सेक्टर में 1000 करोड़ का कारोबार हुआ है। गांव के लोगों ने भी महंगे मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम लिए हैं। इसके अलावा बर्तन, फर्नीचर, कपड़ा बाजार, मिठाई और गिफ्ट आइटम को मिलाकर 1000 करोड़ का कारोबार हुआ। सभी सेक्टरों को मिलाकर एक ही दिन में करीब सात हजार करोड़ से ज्यादा का ▶▶|शेष पेज 6 पर

हरिभूमि लाइव

**2500 करोड़ का बिका सोना-चांदी**

धनतेरस पर सराफा में बड़ा कारोबार हुआ। इस बार सोने और चांदी के दाम भले बीते साल से ज्यादा रहे, लेकिन धनतेरस से पहले इसके दाम कम हो गए। सोना जहां डेढ़ लाख के अंदर रहा, वहीं चांदी के दाम भी दो लाख से कम रहे। सोने और चांदी की कीमत ज्यादा होने के कारण ग्राहकों ने तो अपने बजट के हिसाब से ही सोना और चांदी ▶▶|शेष पेज 6 पर

**सात हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार**

*धनतेरस पर हर सेक्टर में जमकर खरीदारी हुई है। एक ही दिन में सात हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है। इस बार त्योहारी सीजन में प्रदेश में 15 हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार होगा।*

*- अमर पारवानी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, कैट*

**धनतेरस पर सोना-चांदी सस्ता**

*धनतेरस पर आज सोना-चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 2,677 रुपए घटकर करीब 1.41 लाख रुपए पर आ गए हैं। एक किलो चांदी 4,432 रुपए सस्ती होकर 1.83 लाख रुपए पर आ गई है। इससे एक दिन पहले गुरुवार को सोना 1.44 लाख और चांदी 1.87 लाख रुपए पर थी। चांदी इस साल चांदी 48 हजार रुपए सस्ती हुई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव* ▶▶|शेष पेज 6 पर



**लाखों वाहन बिके**

ऑटोमोबाइल सेक्टर में जमकर बूम रहा। राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में एक ही दिन में एक लाख वाहन बिके हैं। इसमें सबसे ज्यादा 90 हजार दुपहिया वाहन हैं। इसके लिए पहले से बुकिंग हो गई थी। वहीं दस हजार के आस-पास कारों की बुकिंग थी।

**रियल एस्टेट में मंदी**

रियल एस्टेट धनतेरस पर इस बार भी कम कारोबार हुआ है। रीयल एस्टेट में इस समय मंदी का दौर चल रहा है। ऐसे में इस बार राजधानी रायपुर के साथ भिलाई, दुर्ग, कोरबा, बिलासपुर सहित हर शहर में जो योजनाएं चल रही हैं, इनमें मुश्किल से दो सौ करोड़ का ही कारोबार हो सका है। करीब सौ करोड़ के प्लाट भी बिके हैं।

# पुलिस पर 24 राउंड फायरिंग, पटना में 3 शूटर ढेर, 20 मिनट चली मुठभेड़

**परिजन का हंगामा- तोड़फोड़, एम्स में पोस्टमॉर्टम**

एजेंसी ▶▶| पटना

पटना में शुक्रवार को पुलिस ने 3 अपराधियों का एनकाउंटर कर दिया। पटना SSP कार्तिकेय शर्मा ने बताया, सुबह करीब 4.30 बजे हुई मुठभेड़ में अपराधियों ने पुलिस पर 24 राउंड फायरिंग की। करीब 20 मिनट तक दोनों ओर से गोलीबारी हुई। जवाब में पुलिस की ओर से 18 राउंड गोलियां चलाई गईं। जवाबी फायरिंग में राजा शर्मा, बबलू कुमार यादव और जेपी यादव घायल हो गए।

अस्पताल पहुंचने से पहले तीनों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, तीनों पेशेवर शूटर थे और सुपारी लेकर मर्डर करते थे। मुठभेड़ में मनेर थाना के एसएचओ रजनीश कुमार भी जख्मी हुए हैं। उनके हाथ में गोली लगी है। घटना शेरपुर गंगा घाट के पास की है। मौके से एक देशी पिस्टल, दो देशी कट्टे बरामद हुए हैं।



**मीसा भारती ने सम्राट सरकार पर साधा निशाना**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की स्थानीय सांसद मीसा भारती भी परिजनों से मिलने अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर पुलिस मुठभेड़ों के जरिए जानबूझकर एक खास जाति के लोगों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। मीसा भारती ने कहा, 'बिहार में मुठभेड़ की घटनाएं बढ़ गई हैं। यहां के मुख्यमंत्री सार्वजनिक रूप से एक खास जाति को निशाना बनाते हुए बयान देते हैं और हरे गमछे (कथित तौर पर यादव समुदाय से जुड़ा प्रतीक) पहनने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई का निर्देश देते हैं।' उन्होंने बिहार सरकार में मंत्री और दानापुर के विधायक रामकृपाल यादव की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि रामकृपाल यादव मृतकों के परिजनों से मिलने और उनके प्रति संवेदना व्यक्त करने नहीं पहुंचे।

**एनकाउंटर पर उठाए सवाल**

मारे गए आरोपियों के परिजन ने एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए अस्पताल में करीब 5 घंटे हंगामा किया। लोगों ने पुलिस के साथ हाथापाई की, पथराव किया और गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। काफी मशक्कत के बाद मामला शांत हुआ। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए पटना एम्स भेजा है। राजद सांसद मीसा भारती ने भी कहा, एक जाति के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

**पंजाब में हादसा, 4 डिब्बे जले, 8 ट्रेनें डायवर्ट**

# यात्रियों से भरी चलती ट्रेन में आग लगी, सवारियों ने लगाई छलांग

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब में शुक्रवार दोपहर चलती कर्मभूमि एक्सप्रेस में अचानक आग लग गई। आग इंजन के साथ लगे जनरल डिब्बे में भड़की और देखते ही देखते ट्रेन के 4 जनरल कोच इसकी चपेट में आ गए। आग की चपेट में आए डिब्बों में यात्री सवार थे। इससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। ट्रेन रुकते ही यात्री जान बचाने के लिए नीचे उतरकर खेतों की ओर भागने लगे। इस दौरान कई यात्रियों ने ट्रेन से छलांग भी लगा दी। घटना फतेहगढ़ साहिब के ▶▶|शेष पेज 6 पर

**रेलवे ने वैकल्पिक ट्रेन की व्यवस्था की**

अंबाला मंडल के सीनियर डीसीएम यशनजीत सिंह ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जाएगी। फिलहाल रेलवे की प्राथमिकता यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाना है। इसके लिए वैकल्पिक ट्रेन की व्यवस्था की गई है। यात्रियों से करीब 500 मीटर दूर स्थित नजदीकी स्टेशन पहुंचने को कहा गया है।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत, मां गंभीर

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| बलौदाबाजार

धनतेरस को सुबह शहर के नेहरू चौक में करंट की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से झुलस गई। मृतकों की पहचान राकेश गुप्ता और उनके पुत्र ओम गुप्ता के रूप में हुई है। घायल वर्षा गुप्ता को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे गुप्ता परिवार दिवाली की साफ-सफाई में जुटा था। ▶▶|शेष पेज 6 पर





**इतने करीब हाईटेंशन लाइन, सुरक्षा इंतजाम पर सवाल**

रिहायशी मकान से महज पांच फीट की दूरी पर हाईटेंशन लाइन गुजरने की बात सामने आने के बाद बिजली विभाग की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि क्षेत्र में बिजली तारों की असुरक्षित स्थिति को लेकर पहले भी विभाग का ध्यान आकर्षित कराया गया था। हालांकि, इन शिकायतों और विभागीय कार्रवाई की स्थिति की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। शहरवासियों ने घटना ▶▶|शेष पेज 6 पर

**आरटीआई से मिली पहली बार जानकारी, 2020 में 808 थे, 2025 में 2 हजार से ज्यादा**

# 6 साल में 3 गुना बढ़े मेडिकल डिवाइस से गंभीर नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश में मेडिकल डिवाइस के इस्तेमाल के बाद मरीजों को होने वाले गंभीर नुकसान के मामलों में पिछले छह साल के दौरान करीब तीन गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इंडियन फार्माकोपिया कमीशन (आईपीसी) के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2020 में ऐसे 808 मामले सामने आए थे। 2025 में इनकी संख्या बढ़कर 2,176 हो गई। 2020 से अब तक कुल 9,373 गंभीर मामले दर्ज किए गए हैं। ये आंकड़े पहली बार सूचना का अधिकार (आरटीआई) के जरिए सार्वजनिक हुए हैं। एक अंग्रेजी अखबार की ▶▶|शेष पेज 6 पर

**775 निगरानी केंद्रों से जुटाए जाते हैं आंकड़े**

इंडियन फार्माकोपिया कमीशन देशभर में फैले 775 निगरानी केंद्रों के माध्यम से मेडिकल डिवाइस के इस्तेमाल के बाद होने वाली परेशानियों की जानकारी जुटाता है। इन केंद्रों से मिली रिपोर्ट के आधार पर प्रतिकूल घटनाओं का रिकॉर्ड तैयार किया जाता है। अब तक आईपीसी अपनी सालाना रिपोर्ट में मेडिकल डिवाइस से जुड़ी सभी घटनाओं की कुल संख्या तो बताता था।



**तब माना जाता है गंभीर मामला**

मेडिकल डिवाइस से जुड़ी घटनाओं में मरीज को होने वाले नुकसान को मेडिकल डिवाइस एडवर्स इवेंट (एमडीएई) कहा जाता है। इनमें डिवाइस के इस्तेमाल के बाद सामने आने वाली स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां शामिल होती हैं। वहीं, गंभीर प्रतिकूल घटना यानी सीरियस एडवर्स इवेंट (एसएई) उन मामलों को माना जाता है, जिनमें मरीज की जान को खतरा हो, लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़े या कोई दूसरी गंभीर स्वास्थ्य समस्या पैदा हो जाए।

**केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश के बाद मिले आंकड़े**

*रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्रीय सूचना आयोग ने 10 सितंबर को इस मामले में आदेश जारी किया था। सूचना आयुक्त जया वर्मा सिन्हा ने 11 पन्नों के आदेश में आईपीसी को गंभीर घटनाओं से जुड़े आंकड़े उपलब्ध कराने को कहा। इसके बाद 27 अक्टूबर को जानकारी दी गई। हालांकि, आयोग के आदेश के बावजूद मेडिकल डिवाइस की श्रेणी और उसे बनाने वाली कंपनी का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया। आईपीसी ने दलील दी थी कि इन जानकारियों को साझा करने से कंपनियों की कारोबारी गोपनीयता प्रभावित हो सकती है।*

**सीडीएससीओ तक पहुंचे कम मामले**

*आईपीसी की सालाना रिपोर्ट में मेडिकल डिवाइस से जुड़ी शिकायतों और उन्हें आगे की जांच के लिए भेजे जाने वाले मामलों के बीच बड़ा अंतर सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, शिकायतों की जानकारी मिलने के बाद बहुत कम मामलों को आगे की कार्रवाई के लिए केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के पास भेजा गया। इससे मेडिकल डिवाइस से जुड़ी शिकायतों की निगरानी और उनकी जांच की प्रक्रिया पर सवाल उठते हैं।*

चिंतन

# पर्यावरण के प्रति निभानी होगी जिम्मेदारी भी

हवा में घुलता जहर अब किसी एक शहर, राज्य या वर्ग की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि इससे पूरा देश त्रस्त है। दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा-पंजाब के कई शहर तो गैस के चैंबर बन चुके हैं। यहां लोगों का सांस लेना भी दुर्भर हो रहा है। देश के कई शहरों में प्रदूषण का स्तर भयावह स्थिति में पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि समस्या की जड़ें कितनी गहरी हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी बेहद महत्वपूर्ण है कि सरकार और अदालतें जितने अधिक आदेश और पाबंदियां लगाएंगी, उनके उल्लंघन की आशंका भी उतनी ही बढ़ेगी। सवाल वाजिब है कि क्या केवल सख्त नियम बनाकर स्वच्छ हवा सुनिश्चित की जा सकती है? निश्चित रूप से नहीं। इसके लिए सरकारी इच्छाशक्ति के साथ नागरिकों की जिम्मेदारी और व्यवहार में बदलाव भी जरूरी है। लोगों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, तभी हम साफ हवा में सांस ले पाएंगे। प्रदूषण की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दिल्ली का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 391 तक पहुंच गया, जबकि कई निगरानी केंद्रों पर यह 400 के पार दर्ज किया गया। हरियाणा, पंजाब, यूपी और राजस्थान में भी यह 400 के करीब रहा। इन आंकड़ों के बीच यह समझना जरूरी है कि प्रदूषण अब केवल दिल्ली की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य का गंभीर खतरा बन चुका है। ग्रैप-3 लागू होने के बावजूद यदि हवा की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा तो व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। सुप्रीम कोर्ट ने भी प्रदूषण के लिए केवल पराली जलाने वाले किसानों को जिम्मेदार ठहराने की प्रवृत्ति पर सवाल उठाया है। पांच नवंबर को दिल्ली के प्रदूषण में पराली जलाने की हिस्सेदारी महज 14 प्रतिशत थी। इसका अर्थ है कि शेष प्रदूषण के लिए वाहन, उद्योग, निर्माण गतिविधियां, सड़क की धूल, ऊर्जा उत्पादन और कचरा जलाने जैसे स्रोत भी जिम्मेदार हैं। महंगी और बड़ी गाड़ियों से निकलने वाला धुआं हो या निर्माण स्थलों पर उड़ती धूल, इन पर प्रभावी नियंत्रण के बिना प्रदूषण से लड़ाई अधूरी रहेगी। अदालत की यह चिंता भी गंभीर है कि प्रदूषण का सबसे अधिक नुकसान गरीब और कमजोर वर्ग को उठाना पड़ता है। जिनके पास महंगे एयर प्यूरीफायर, बेहतर आवास और स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं, उन्हें जहरीली हवा में सांस लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है। बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक है। असल जरूरत प्रदूषण नियंत्रण को मौसमी अभियान के बजाय सालभर की प्राथमिकता बनाने की है। सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना, इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देना, उद्योगों के उत्सर्जन की नियमित निगरानी, निर्माण स्थलों को ढकना, सड़कों की नियमित सफाई और कचरा जलाने पर प्रभावी रोक जैसे उपाय निरंतर लागू करने होंगे। साथ ही नागरिकों को भी निजी वाहनों का अनावश्यक इस्तेमाल छोड़ने, कचरा नहीं जलाने और पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने की जरूरत है। अदालतें दिशा दे सकती हैं, सरकारें नियम बना सकती हैं और प्रशासन कार्रवाई कर सकता है, लेकिन स्वच्छ हवा का लक्ष्य तभी हासिल होगा, जब हर नागरिक इसे अपनी जिम्मेदारी समझेगा। पर्यावरण संरक्षण किसी एक विभाग या अदालत का दायित्व नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी है। आखिर सांस लेने के लिए स्वच्छ हवा किसी की सुविधा नहीं, हर नागरिक का अधिकार है। इसे बचाने के लिए जिम्मेदारी भी सबको निभानी होगी।



मुद्दा
ज्ञानेन्द्र रावत

# भीषण प्रदूषण की मार से कराहते लोग

आज प्रदूषण एक भयावह समस्या का रूप ले चुका है। सरकार दावे भले कितने ही करे, असलियत तो यह है कि इस बाबत सारे सरकारी प्रयास नाकाम साबित हुए हैं और जनता जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है। जहां तक मुझे याद आता है आज से तकरीब चौदह-पंद्रह साल पहले की बात है, एक अमेरिकी पत्रकार ने अपने विदाई संदेश में लिखा था कि - 'वह दिल्ली इसलिए छोड़कर जा रहा है कि अमेरिकी दूतावास में प्रदूषण जांचने वाली मशीन बता रही है कि यहां उसके बच्चे की सेहत को खतरा है।' उस वक्त यह कहा गया था कि अमेरिकी दूतावास समस्या को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। कुछ समय बाद जब दिल्ली में सरकारी प्रदूषण जांच केन्द्र स्थापित किए गए, तब उन्होंने भी इस बात की पुष्टि की कि समस्या वाकई गंभीर है। उस समय कहा गया था कि यहां की आबोहवा में हद से भी अधिक पीएम 2.5 की मौजूदगी से न सिर्फ बच्चे समय पूर्व अस्थमा के शिकार हो सकते हैं, बल्कि गर्भवती महिलाएं ऐसे बच्चों को जन्म दे सकती हैं,जो तमाम तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के साथ-साथ कम वजन के शिकार होंगे।

पीएम 2.5 के ऐसे सूक्ष्म कण तो बुजुर्गों के लिए बेहद घातक हो सकते हैं। असलियत में तकरीबन 14-15 साल बाद आज देश की राजधानी के हालात वास्तव में न सिर्फ उससे भी ज्यादा खराब हैं बल्कि बेहद भयावह हैं। हालात की गंभीरता का सबूत यह है कि पिछले कुछ सालों से डॉक्टर दिल्ली के लोगों को सर्दियों के इन महीनों में बाहर पहाड़ी इलाकों में जाने की सलाह देते हैं ताकि यहां की जहरीली हवा से उनकी जान बच सके। आने वाले दिनों में हवा और ज्यादा प्रदूषित होने के आसार हैं। इस हकीकत को झुठलाया नहीं जा सकता। सीपीसीबी इसकी पुष्टि करता है। जबकि केन्द्र सरकार ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ हवा कार्यक्रम, एनसीएपी लागू किया था जिसमें अभी तक मामूली सफलता ही हाथ लगी है। राज्य और नगर निगम एनसीएपी के तहत मिले फंड का 70 फीसदी हिस्सा ही खर्च कर पाये हैं। उसमें भी सरकार ने बजटीय आवंटन का अधिकांश हिस्सा स्थायी सुधारों जैसे सार्वजनिक परिवहन के बजाय केवल सड़कों पर पानी छिड़कने व मैकेनाइज्ड स्वीपिंग जैसी तात्कालिक गतिविधियों पर ही खर्च किया है। अब सरकार दावा कर रही है कि प्रदूषण पर वार के लिए 'वार रूम' तैयार है जिसके तहत प्रदूषण की निगरानी व्यवस्था बढ़ाई जाएगी और प्रदूषण की रियल टाइम मॉनीटरिंग और उस पर तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी। जबकि हकीकत में अभी तक कहीं-कहीं न तो वायु गुणवत्ता मापक यंत्र ही लग पाये हैं और न ही वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन ही लगे हैं। उस स्थिति में जबकि सर्दियां आते ही उत्तर भारत में हवा खराब होने लगती हैं। गिरता तापमान और रुकी हुई हवायें जहरीले धुंए को जमीन के पास रोक लेती हैं जिससे दिल्ली और आसपास के मैदानी इलाकों में एक दम घोंटने वाली धुंध छा जाती है। इससे लोग परेशान होते हैं और उनके लिए सांस लेना भी दूभर हो जाता है। फिर इसमें बीते 25 सालों में दिल्ली में हुए बेतरतीब विकास ने पारिस्थितिकी को बड़ी क्षति पहुंचायी है, जिसकी कीमत प्रदूषण के रूप में जनता को चुकानी पड़ रही है। नतीजतन प्रदूषण से दिल्ली हांफ रही है। हकीकत में देश की राजधानी दिल्ली का बेतरतीब



फैल रहे भारत के शहरों में पांचवां स्थान है जिसका अहम कारण कमजोर योजना, बिखरा प्रशासन, असमान सेवाओं के चलते उत्पादकता और जीवन गुणवत्ता का बुरी तरह प्रभावित होना है। यहां पिछले 15 सालों में आबादी 37.5 फीसदी की दर से बढ़कर 2.30 करोड़ के पास पहुंच गई है लेकिन आबादी के हिसाब से यहां सुविधायें आज भी अधूरी हैं। आंकड़े इसके जीते-जागते सबूत हैं। शोधों के अनुसार वायु प्रदूषण गर्भ में पल रहे बच्चे की सेहत पर भी असर डाल रहा है। प्रदूषण की वजह से मां के पेट में भ्रूण का विकास प्रभावित हो रहा है, नतीजतन कम वजन के बच्चे पैदा हो रहे हैं। इससे उनका कद भी घट रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ रहा है। यही नहीं, वायु प्रदूषण बच्चों के फेफड़ों, उनकी बुद्धिमत्ता, याददाश्त, सीखने की क्षमता और एकाग्रता पर भी असर डाल रहा है। बिगड़ती हवा से बच्चों में सांस की बीमारी 10 साल पहले की तुलना में 47 फीसदी बढ़ गयी है। हवा में मौजूद सूक्ष्म कण यानी पीएम 2.5 कम उम्र में ही आंखों में मोतियाबिन्द और ग्लूकोमा यानी काला मोतिया का कारण बन रहा है। सबसे दुखदायी तो यह है कि वायु प्रदूषण के संपर्क से आत्महत्या या आत्मघाती विचारों का खतरा बढ़ जाता है। वायु प्रदूषण से इंसानी फेफड़े बेदम हो रहे हैं। यह हमारे दिमाग की धार को कुंद कर रहा है। जहां तक दिल्ली वालों का सवाल है, उनके तो फेफड़े काले हो रहे हैं। और तो और यह रक्त वाहिकाओं पर भी असर डाल रहा है। यह दिल के मर्ज को जानलेवा बना रहा है। यह दिल के लिए मधुमेह और कोलेस्ट्राल से भी घातक साबित हो रहा है। अब इसका असर हृदय, फेफडों, सांस, त्वचा, दमा, पाचन तंत्र, मस्तिष्क से जुड़े रोगों को ही प्रभावित नहीं कर रहा, हड्डियों, श्वसन व प्रजनन तंत्र से भी काफी आगे बढ़ गया है। यह शरीर के हरेक अंग को प्रभावित कर रहा है। यह कैंसर और मैटाबोलिक विकार को भी पार कर गया है। इससे डिमेंशिया का खतरा बढ़ गया है। यही नहीं, उच्च वायु प्रदूषण और गंदी हवा में रहने वाले बच्चों के आईक्यू स्कोर में मौजूद प्रदूषक तत्व बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन, उनकी सोचने-समझने की क्षमता और व्यवहार पर भी बुरा असर डाल रहे हैं। यह स्थिति अवसाद और चिंता के जोखिम को और बढ़ा देती है। वायु प्रदूषण अब कम उम्र में आंखों की रोशनी छीन रहा है। यातायात सम्बंधी प्रदूषण इन समस्याओं को बढ़ाने में अहम भूमिका निबाह रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार पीएम कण इतने सूक्ष्म हैं कि वे शरीर के माध्यम से सीधे मस्तिष्क में पहुंच कर दिमाग में आक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन पैदा कर रहे हैं।

सबसे दुखदायी स्थिति यह है कि 15 साल से कम उम्र के 2.02 करोड़ बच्चे इस प्रदूषण के शिकार हैं। हकीकत है कि वायु प्रदूषण से हर साल तकरीबन बीस लाख से ज्यादा लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। भारत में सभी श्वसन संबंधी मौतों में से एक तिहाई से अधिक वायु गुणवत्ता से जुड़ी हैं। वायु प्रदूषण से जुड़ी होने वाली ज्यादातर स्वास्थ्य समस्याएं एयरोसोल से जुड़ी होती हैं जिसके कण मानव आंखों को मुश्किल से दिखाई देते हैं जो जलवायु, मौसम और शरीर में विषाक्तता सम्बंधी प्रतिक्रियाओं को जन्म देते हैं। इसके लम्बे समय तक संपर्क में रहने से फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। अत्याधिक सांद्रता के कारण श्वसन तंत्र अवरुद्ध होने से मृत्यु तक हो सकती है। इसके प्रभाव से जानवर और पौधे भी अछूते नहीं रह सके हैं। स्ट्रोक से होने वाली लगभग 40 फीसदी मौतों के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की आला पीठ ने सही ही कहा है कि वायुप्रदूषण अब एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। अब इसके फौरी निदान के बजाय दीर्घ-कालिक उपाय ढूंढना जरूरी हो गया है।

आज प्रदूषण एक भयावह समस्या का रूप ले चुका है। सरकार दावे भले कितने ही करे, असलियत तो यह है कि इस बाबत सारे सरकारी प्रयास नाकाम साबित हुए हैं और जनता जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है। अत्याधिक सांद्रता के कारण श्वसन तंत्र अवरुद्ध होने से मृत्यु तक हो सकती है। इसके प्रभाव से जानवर और पौधे भी अछूते नहीं रह सके हैं। स्ट्रोक से होने वाली लगभग 40 फीसदी मौतों के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की आला पीठ ने सही ही कहा है कि वायुप्रदूषण अब एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। अब इसके फौरी निदान के बजाय दीर्घ-कालिक उपाय ढूंढना जरूरी हो गया है।

( लेखक पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
अरविंद जयतिलक



# कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता की जरूरत

आज राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस है। कैंसर भारत सहित दुनिया भर में गैर-संचारी रोगों की वजह से होने वाली बीमारियों एवं मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। भारत में कैंसर का खतरा लगातार बढ़ रहा है। 29 अप्रैल, 2026 को जारी राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यालय (एनसीआरपी) की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 2 लाख, 31 हजार 671 नए कैंसर मामलों का अनुमान लगाया गया है, जो कि देश के सभी राज्यों में सबसे ज्यादा है। 2030 तक यह आंकड़ा 2 लाख, 54 हजार तक पहुंचने का अनुमान है। इसी तरह आंध्रप्रदेश में 65000, असम में 51734, तेलंगाना में 46762 कैंसर के नए मामले सामने आए हैं। देश के अन्य राज्यों की भी तकरीबन ऐसी ही स्थिति है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 8 जुलाई, 2026 को अपनी ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट ऑन कैंसर 2026 जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में भारत में कैंसर के 15.6 लाख नए मामले दर्ज किए गए हैं। भारत में 2024 के दौरान कैंसर से 9,01,828 मौतें हुई, जबकि करीब 33.2 लाख लोग निदान के बाद जीवन जी रहे हैं। वैश्विक स्तर पर बात करें तो वर्ष 2024 में विश्व भर में कैंसर के लगभग 2.06 करोड़ नए मामले सामने आए हैं और लगभग एक करोड़ लोगों की मौत हुई है। माना जा रहा है कि अगर इस स्थिति पर नियंत्रण नहीं लगा तो वर्ष 2050 तक कैंसर के नए मामलों की संख्या 3.5 करोड़ वार्षिक तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर पांच में से एक व्यक्ति को अपने जीवन काल में कभी न कभी कैंसर होने की आशंका है। इसके अलावा परिवार के किसी सदस्य के निदान को शामिल करें तो लगभग 92 फीसद लोग किसी न किसी रूप में इस बीमारी से प्रभावित होते हैं। अच्छी बात यह है कि 2010 से वैश्विक स्तर पर तंबाकू के उपयोग में 27 फीसद की गिरावट आई है जिससे फेफड़ों के कैंसर के मामलों में कुछ कमी आई है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हर साल कैंसर के उपचार में पूरी दुनिया में 320 अरब डॉलर का निवेश किया जाता है तो कैंसर से होने वाली मौतों की संख्या आधी हो जाएगी। अगर सर्वाइकल व स्तन कैंसर से पीड़ित महिलाएं समय रहते पपानीकोलाउ (पैप) स्मीयर और मैमोग्राम स्क्रीनिंग टेस्ट कराकर तुरंत इलाज कराएं तो इस भयंकर बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। आईएमआरसी के मुताबिक बेहतर उपचार होने की स्थिति में बचने वाले पांच मरीजों में से चार विकासशील देशों के होंगे। विडंबना है कि कैंसर पीड़ित मरीजों विशेषकर महिलाओं में इस भयावह बीमारी को लेकर जागरूकता का घोर अभाव है और दूसरा तथ्य यह भी कि उन्हें समय पर इलाज भी नहीं मिल रहा है। भारत की बात करें तो तकरीबन 15 लाख कैंसर के नए मामले हर वर्ष सामने आते हैं। एक रिपोर्ट सें उद्घाटित हो चुका है कि हर आठ मिनट में ग्रीवा के कैंसर से एक महिला की मौत होती है। हर दिन दो हजार से अधिक लोगों की मौत तंबाकू सेवन से उपजे कैंसर के कारण होती है। 19 वर्ष की उम्र तक हर वर्ष तकरीबन 50 हजार बच्चे कैंसर के शिकार होते हैं। 20 हजार बच्चे इलाज के अभाव में और 30 फीसदी बच्चे जांच न हो पाने के कारण दम तोड़ देते हैं। अच्छी बात यह है कि 2016-18 के दौरान 'वी कैन, आई कैन' की थीम निर्धारित किए जाने के बाद कैंसर को लेकर जागरूकता बढ़ी है। इसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति के सामूहिक व व्यक्तिगत स्तर पर वैश्विक रूप से कैंसर की रोकथाम की दिशा में प्रयास करना है। देखा भी जा रहा है कि इस थीम के तहत लोग अपनी जीवनशैली को स्वस्थ रखकर तथा परिवार एवं समुदाय को इसके प्रति जागरूक रखकर कैंसर की रोकथाम और उससे बचाव की दिशा में अहम योगदान कर रहे हैं। यह इसलिए भी आवश्यक है कि गत वर्ष अमेरिकन कैंसर सोसायटी और प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल लैंसेट ने दावा किया जा चुका है कि वर्ष 2030 तक कैंसर से होने वाली मौतों में 60 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है। उसके मुताबिक कैंसर से सालाना 55 लाख महिलाओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ सकता है। दरअसल, विशेषज्ञों ने शोध में पाया है कि वर्तमान समय में दुनिया की प्रत्येक 7 महिलाओं की मौतों में एक की मौत कैंसर से हो रही है। अगर नियमित शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा दिया जाए तो इससे शरीर संतुलित रहेगा और एक तिहाई कैंसर के मामले रोके जा सकते हैं।विश्व कैंसर दिवस के संस्थापक 'यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल का दावा है कि विकासशील देश में फैली कैंसर की बीमारी उपचार के विकल्प की कमियों का नमूना भर है। यूनियन का कहना है कि अगर 'एचपीवी टीका' को कैंसर के मरीजों के बीच अच्छी तरह वितरित किया जाए और जागरूकता प्रसारित किया जाए तो सर्वाइकल कैंसर को समाप्त किया जा सकता है।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित
दर्शन

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।

# एक सत्संग ऐसा भी



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**अपनों के साथ मनाएं दिवाली**

दुनिया का सबसे बड़ा पर्व दीपावली भारत सहित दुनियाभर के अनेक देशों में मनाया जाता है। दीपावली के त्योहार का आर्थिक, सामाजिक और धार्मिक महत्व है। यही वजह है कि भारत सहित दुनिया के करोड़ों लोगों को हर वर्ष दीपावली के पर्व का बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। वर्तमान आधुनिकता के इस दौर में जहां हर चीज का स्वरूप आधुनिक और स्मार्ट होता जा रहा है, वहीं धार्मिक एवं सामाजिक त्योहार भी आधुनिकता के प्रभाव से अछूते नहीं रह पाए हैं। आज भारत के त्योहार हों या दुनिया के अन्य देशों के पर्व, सभी पर आधुनिकता का आवरण चढ़ता जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप आधुनिक युग की स्मार्ट पीढ़ी त्योहारों के पौराणिक, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व से अनजान होती जा रही है।
- रविंद्र जोशी, बिलासपुर

## ट्रेंड

### वोटर आईडी से पात्रता



मोदी सरकार के एक मंत्री ने घोषणा की है कि कल्याणकारी योजनाओं के लिए पात्रता अब आधार से नहीं, बल्कि वोटर आईडी से तय होगी। यह खतरनाक साजिश है। एसआईआर के नाम पर वोटर लिस्ट से लाखों लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं। इसे नहीं रोका गया तो और भी नाम हटा दिए जाएंगे। - राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### बैडमिंटन में सिल्वर मेडल



सिर्फ 15 साल की उम्र में, तन्वी पत्री ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर भारत को गौरवान्वित किया है। यूथ ओलंपिक खेलों में बैडमिंटन में सिल्वर मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनने पर उन्हें बहुत-बहुत बधाई। हम उनके लिए और भी कई उपलब्धियों की कामना करते हैं।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### यूजीसी नियम



यूजीसी नियमों के संबंध में केंद्र सरकार का सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष रखा सुझाव अत्यंत स्वागत योग्य है। हमें पूरा विश्वास है कि इस समीक्षा से एक ऐसा संतुलित निर्णय निकलेगा जो सभी के हितों की रक्षा करेगा।
- रवि शंकर प्रसाद, सांसद, बीजेपी

### खेल सामान का निर्माण



खेल के सामान के निर्माण के लिए 1,856 करोड़ रुपये की पहल का स्वागत है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या हम निर्माण क्षमता (मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी) विकसित कर रहे हैं या वास्तव में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता ?
- अभिनव ए. बिंद्रा, ओलंपियन

## करंट अफेयर

# अमेरिकी राज्यों के गर्वनरों ने दिवाली समारोह किए आयोजित



अमेरिका के पांच प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्रीय राज्यों के गवर्नरों और 20 से अधिक मेयरों ने पहली बार राज्य की राजधानियों और सिटी हॉल में दिवाली उत्सव की मेजबानी की है, जहां नेताओं ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय की विविधता और योगदान की सराहना की। सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने बृहस्पतिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि दिवाली समारोह मध्य अक्टूबर में शुरू हुए थे और 10 नवंबर तक जारी रहेंगे, जब ओरेगन के गवर्नर सलेम में अंतिम समारोह की मेजबानी करने वाले हैं। इन समारोहों में अमेरिकी सीनेटरों, अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के सदस्यों, स्थानीय मेयरों और बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेताओं ने भाग लिया। इस क्षेत्र के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व ने अपने-अपने राज्यों की अर्थव्यवस्थाओं में भारतीय-अमेरिकी समुदाय की भूमिका और योगदान की सराहना की और सांस्कृतिक विविधता के महत्व पर जोर दिया। पिछले महीने इडाहो स्टेट कैपिटल में समारोह को संबोधित करते हुए, गवर्नर ब्रैड लिटिल ने कहा कि इडाहो राज्य को एक ' 'जीवंत भारतीय समुदाय पर गर्व है जो अपने कारोबारों, व्यवसायों, सेवा और नागरिक भागीदारी के माध्यम से हमारे राज्य में बहुत योगदान देता है।

## ऑफ बीट

# बलीन व्हेल अब तक की सबसे बड़ी जीवित जीव



बलीन व्हेल समुद्र की रानी होती हैं, जो अब तक जीवित सबसे बड़े जीव हैं। रिकॉर्ड धारी ब्लू व्हेल (बैलेनोप्टेरा मस्कुलस) है, जो 30 मीटर तक की लंबाई तक पहुंच सकती है। यह बास्केटबॉल कोर्ट से भी लंबा है। हालाँकि, उनके पूरे विकासवादी इतिहास में, अधिकांश बलीन व्हेल अपेक्षाकृत बहुत छोटी थीं, लंबाई में लगभग पाँच मीटर। हालांकि अधिकांश जानवरों की तुलना में यह आकार अभी भी बड़ा है, लेकिन एक बलीन व्हेल के लिए यह काफी छोटा है। हालाँकि, दक्षिणी गोलार्ध से नई जीवाश्म खोजें इस कहानी को बदलने वाली हैं। इनमें नवीनतम दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में मुर्रे नदी के तट से मिला एक जीवाश्म है। लगभग 1.9 करोड़ वर्ष पुराना, यह जीवाश्म एक बलीन व्हेल के निचले जबड़े (या 'ठोड़ी') की नोक है, जिसकी लंबाई लगभग नौ मीटर है, जो इसे अपने समय का नया रिकॉर्ड धारक बनाता है। यह खोज आज प्रोसीडिंग्स ऑफ द रॉयल सोसाइटी बी: बायोलॉजिकल साइंसेज जर्नल में प्रकाशित हुई है। अधिकांश स्तनधारियों के मुँह में दाँत होते हैं। बलीन व्हेल एक अजीब अपवाद हैं। जबकि उनके पूर्वजों के दांत थे, आज की बलीन व्हेल के पास बलीन है, जो महीन, बाल जैसे केराटिन का एक बड़ा रैक होता है जिसका उपयोग पानी से छोटे क्रिल को छानने के लिए किया जाता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 7 नवंबर 2026 | कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्दशी | वर्ष : 26, अंक : 228 | पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00*** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## सरयू के 56 घाटों पर आज जलेंगे 30 लाख दीप

### रामनगरी सहित देशभर में दिवाली की धूम

**नई दिल्ली।** रामनगरी अयोध्या में दसवें दीपोत्सव पर एक और विश्व कीर्तिमान बनाया जाएगा। राम की पैड़ी सहित सरयू तट के 56 घाटों पर 30 लाख से अधिक दीये जलाए जाएंगे। अवध विश्वविद्यालय के 35 हजार स्वयंसेवकों ने तीन दिन की मेहनत के बाद शुक्रवार को दीप सज्जा का काम पूरा कर लिया है। दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. एसएस मिश्र ने बताया कि शनिवार सुबह से स्वयंसेवक दीयों में तेल और बाती डालेंगे। इसके लिए 900 घाट समन्यवयक, 112 घाट प्रभारी और 27 प्रवेक्षकों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं।

**संबंधित आंकड़े**

- **घाट-56**
- **स्वयंसेवक- 35,000**
- **घाट समन्वयक- 900**
- **दीपों की संख्या- 30 लाख**
- **घाट प्रभारी- 112**
- **पर्यवेक्षक- 27**




**प्रयागराज।** प्रयागराज यूपी में शुक्रवार को धनतेरस त्यौहार के दौरान मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आतिशबाजी से आकाश जगमगा उठा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अभिनेता राजपाल यादव की गिरफ्तारी के निर्देश

**इंदौर।** बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव की एक बार फिर मुश्किलें बढ़ गई हैं। 25 लाख रुपए के चेक बाउंस मामले में महू की अदालत ने उनके खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। राजपाल यादव कई बार सुनवाई के दौरान कोर्ट में पेश नहीं हुए। इससे पहले उनके खिलाफ जमानती वारंट भी जारी किया गया था।



### पवार की तबीयत में सुधार, जल्द मिलेगी छुट्टी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार के अध्यक्ष शरद पवार से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। पवार (85) छाती में संक्रमण के कारण पिछले तीन दिनों से अस्पताल में भर्ती हैं और उनका इलाज जारी है। शिंदे ने पत्रकारों से कहा, "उनकी तबीयत में सुधार हो रहा है।

### वैन-बस की टक्कर 3 महिलाओं की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेंगलपट्टू जिले में शुक्रवार को कर्मचारियों से भरी टूरिस्ट वैन पलटकर सामने से आ रही सरकारी बस से टकरा गई। हादसे में 3 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 20 घायल हो गईं। पुलिस के मुताबिक, वैन में सवार कर्मचारी महाबलीपुरम से केलंबक्कम की एक कंपनी में काम करने जा रहे थे।



### नौसेना को मिला स्वदेशी एंटी-सबमरीन युद्धपोत अमिनी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना को स्वदेशी एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट अमिनी सौंपा गया। इसे कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने डिजाइन और तैयार किया है। 5 नवंबर को तमिलनाडु के कट्टुपल्ली में नौसेना को इसकी डिलीवरी दी गई। भारतीय नौसेना ने कहा कि अमिनी समुद्र की गहराई में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाने और उनसे मुकाबला करने में सक्षम है।

### सुकेश मामला : दिल्ली की अदालत में पेश हुईं नोरा

**नयी दिल्ली।** अभिनेत्री नोरा फतेही ने दिल्ली की एक अदालत को बताया कि दिसंबर 2020 में चेन्नई में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी लीना पॉलोज ने फोन पर उनकी बात सुकेश से कराई थी। वह चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ के रंगदारी मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गगनदीप सिंह की अदालत में सूचीबद्ध गवाह के रूप में पेश हुईं।



### ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, नए नियम पुराने मामलों पर लागू नहीं होंगे

# ओबीसी क्रीमी लेयर, माता-पिता के वेतन से नहीं, बल्कि पद से तय होगी पात्रता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

*अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण से जुड़े क्रीमी लेयर के नियमों पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बड़ा फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की संशोधन याचिका खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि ओबीसी क्रीमी लेयर का निर्धारण माता-पिता की केवल वेतन से होने वाली आय के आधार पर नहीं किया जा सकता। इसके लिए उनकी सेवा संबंधी स्थिति और सरकारी पद को ध्यान में रखना होगा। अदालत ने यह भी साफ कर दिया कि उसका यह फैसला पिछली तारीख से लागू नहीं होगा।*

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को 'यूनियन ऑफ इंडिया बनाम रोहित नाथन' मामले में ओबीसी नॉन-क्रीमी लेयर के निर्धारण को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया था। इसमें सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि क्रीमी लेयर का आधार सिर्फ आर्थिक स्थिति नहीं, बल्कि माता-पिता का सामाजिक और प्रशासनिक दर्जा भी है। अब केंद्र सरकार की संशोधन याचिका खारिज होने के बाद अदालत ने अपने पहले के फैसले को बरकरार रखा है। देश की सुप्रीम अदालत ने दो टूक कहा कि इस महत्वपूर्ण निर्णय के क्रियान्वयन को टालने के लिए सरकार के पास कोई भी ठोस या उचित कारण नहीं है। गौरतलब है कि 11 मार्च को कोर्ट ने सरकार को इस फैसले को लागू करने के लिए छह महीने का वक्त दिया था। शुक्रवार को मियाद पूरी होने पर कोर्ट ने समयसीमा को केवल आठ हफ्ते और बढ़ा दिया है। आपको बता दें, केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया था कि 11 मार्च के फैसले को पिछली तारीख से लागू करने के बजाय भविष्य से प्रभावी माना जाए। सरकार का तर्क था कि फैसले को पूर्वव्यापी प्रभाव देने से 2012 के बाद हुई सरकारी नियुक्तियों, आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों के कैडर आवंटन तथा वरिष्ठता सूची पर असर पड़ सकता है।

- पैरेंटल सैलरी इनकम पर केंद्र की संशोधन याचिका खारिज

#### क्या है ओबीसी क्रीमी लेयर का नियम?

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि ओबीसी आरक्षण के तहत सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के योग्य उम्मीदवारों को सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण का लाभ मिलता है। हालांकि, इस वर्ग के आर्थिक और सामाजिक रूप से उन्नत तबके को क्रीमी लेयर में रखा गया है। ऐसे उम्मीदवारों को ओबीसी आरक्षण का लाभ नहीं मिलता। फिलहाल क्रीमी लेयर की आय सीमा सालाना 8 लाख रुपये निर्धारित है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि इस सीमा की गणना में माता-पिता के वेतन और कृषि से होने वाली आय को सीधे शामिल नहीं किया जा सकता। माता-पिता किस पद पर कार्यरत हैं और उनकी सेवा की कैटेगरी क्या है, यह देखना जरूरी होगा।



#### भविष्य की नीतियों पर सरकार को स्वतंत्रता

अदालत ने यह भी साफ कर दिया कि 11 मार्च के फैसले के बाद रोस्टर पॉइंट के हिसाब से होने वाली सभी नियुक्तियां और आरक्षण का क्रियान्वयन कोर्ट की नई व्याख्या के अनुसार ही होगा। साथ ही, अदालत ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि सरकार संविधान के दायरे में रहकर और सुप्रीम कोर्ट के तय सिद्धांतों के मुताबिक अपनी नई आरक्षण और क्रीमी लेयर नीति बनाने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है।

#### क्या था पूरा विवाद और सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी?

यह पूरा कानूनी विवाद 8 सितंबर 1993 को जारी किए गए उस ऑफिस मेमोरेंडम (ओएम) से जुड़ा है, जिसमें ओबीसी में क्रीमी लेयर की सीमा तय की गई थी। बाद में 14 अक्टूबर 2004 को एक स्पष्टीकरण पत्र जारी किया गया, जिसमें पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग (पीएसयू) और प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों के वेतन को भी क्रीमी लेयर की आय में जोड़ने का निर्देश दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि इससे सरकारी कर्मचारियों और प्राइवेट/पीएसयू कर्मचारियों के बच्चों के बीच अनुचित भेदभाव पैदा हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केवल वेतन के आंकड़ों के आधार पर यह तय करना कि कोई उम्मीदवार क्रीमी लेयर में आता है या नहीं, कानूनन सही नहीं है। इसके लिए माता-पिता के पद और सामाजिक-आर्थिक स्थिति के मानदंडों को देखना भी उतना ही जरूरी है।

#### सिविल सेवा परीक्षा 2025 के आवंटन पर होगा असर

सिविल सेवा परीक्षा 2025 का परिणाम 6 मार्च को घोषित हो चुका है, लेकिन अभी तक सेवाओं का आवंटन फाइनल नहीं हुआ है। इसलिए 11 मार्च के फैसले में तय किए गए क्रीमी लेयर के सिद्धांत ही इस परीक्षा के ओबीसी उम्मीदवारों के सेवा आवंटन पर लागू होंगे। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह राहत भी दी है कि इस फैसले की वजह से पहले से पूरी हो चुकी नियुक्तियों, चयन प्रक्रियाओं या किसी अन्य की वरिष्ठता (सीनियरिटी) पर कोई असर नहीं पड़ेगा और पुरानी नियुक्तियों को दोबारा नहीं खोला जाएगा।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पिता और दो बच्चों की मौत, ड्राइवर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी/ भाटापारा

भाटापारा-बलौदाबाजार मार्ग पर ग्राम रवान मुख्य मार्ग में मंसा चौक के पास शुक्रवार को दोपहर लगभग 2 बजे एक सड़क हादसे में त्योहारी खुशियां मनाने निकले खैरताल के एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। पोस्ट ऑफिस से पैसे निकालकर घर लौट रहे पिता, पुत्र और पुत्री की बाइक को एक तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। वाहन सहित उसे थाना भाटापारा ग्रामीण में हिरासत में रखा गया है। वहीं, तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जानकारी के अनुसार, खैरताल गांव निवासी रामचंद्र ध्रुव (39 वर्ष) अपनी 16 वर्षीय पुत्री निहारिका ⏭शेष पेज 6 पर

#### तत्काल दी गई आर्थिक सहायता

दुर्घटना की जानकारी मिलते ही जनपद सदस्य प्रतिनिधि त्रिलोक यादव और सरपंच प्रेम लशंकर वर्मा तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लेते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दी। पीड़ित शोकसंतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए अपनी ओर से 75 हजार रुपए की तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान की।

#### एक साथ उठी तीन अर्थियां, रो पड़ा पूरा गांव

एक ही परिवार के तीन सदस्यों की एक साथ अर्थी उठने की खबर जैसे ही खैरताल गांव पहुंची, पूरा गांव दहल उठा। जिस घर में त्योहार की रोशनी और खुशियों की तैयारियां होनी थीं, वहाँ अब सिर्फ चीख-पुकार और आंसुओं का सैलाब है। पिता के साथ बाजार गए दोनों मासूम बच्चों की इस तरह अर्थी उठने से हर किसी का कलेजा फट पड़ा और इस गमगीन माहौल में पूरे गांव में मातम पसरा रहा।

### एसआईआर में छूटे मतदाताओं को एक और मौका

## दिल्ली, महाराष्ट्र समेत 7 राज्यों के वोटर फिर नाम जुड़वा सकेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि जिन राज्यों में फिलहाल एसआईआर चल रहा है, वहां ड्राफ्ट मतदाता सूची से हटे मतदाताओं को ढूंढने के लिए एक बार फिर से विशेष अभियान चलाया जाए। जिन राज्यों के लिए निर्देश जारी किया गया है उनमें दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, नागालैंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और झारखंड शामिल है। इसके तहत जिन मतदाताओं का नाम सूची से हटा है, बीएलओ एक बार फिर उनके घर जाकर जांच करेंगे कि क्या वे वाकई उसी पते पर रह रहे हैं या नहीं। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन मतदाताओं के नाम कटे हैं, उनकी सूची संबंधित पोलिंग बूथों पर लगाई जाए।

**खास खबर**

#### सख्त मॉनिटरिंग के निर्देश

चुनाव आयोग ने अधिकारियों को सख्त निगरानी बनाए रखने का भी निर्देश दिया है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी योग्य मतदाता अंतिम वोटर लिस्ट में शामिल होने के अवसर से वंचित न रहे और साथ ही किसी भी फर्जी या डुप्लिकेट नाम को सूची में जुड़ने से रोका जा सके. चुनाव आयोग के मुताबिक, अब तक बिहार और पश्चिम बंगाल समेत 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। मतदाता सूची के निरंतर अद्यतन की प्रक्रिया के तहत छूटे हुए मतदाताओं के नाम शामिल किए जा सकते हैं। ईसीआई ने सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को इस प्रक्रिया में सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

#### कार्यप्रणाली और आदेशों पर ईसीआई का स्पष्टीकरण

चुनाव आयोग ने इससे पहले अपने हलफनामे में आंतरिक कार्य आवंटन और एक अधिकारी की कार्यप्रणाली को लेकर उठे सवालों पर भी स्पष्टीकरण दिया था। ईसीआई ने कहा कि कैबिनेट सचिव को लिखा गया पत्र आयोग या उसके आईटी विभाग से संबंधित किसी नीतिगत मामले को लेकर नहीं था, बल्कि चुनाव आयोग में प्रतिनियुक्ति पर तैनात एक अधिकारी के कामकाज से संबंधित था। ईसीआई के अनुसार, संबंधित अधिकारी की ओर से जारी कार्य पुनर्वितरण के आदेशों को दोनों चुनाव आयुक्तों के निर्देश के बाद लागू नहीं किया गया था।

### मुंबई के चार प्रमुख जगहों पर भी आया धमकी भरा मेल

## अब बिग बी पर निशाना, बम से घर उड़ाने की मिली धमकी

एजेंसी ⏭ मुंबई

मायानगरी मुंबई में बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के बंगले जलसा समेत चार प्रमुख जगहों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

- पूरे शहर में हाईअलर्ट

धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद मुंबई पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। जिन जगहों को निशाना बनाने की बात कही गई है, उनमें बॉम्बे हाईकोर्ट, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और वर्ली रेसकोर्स भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, बॉम्बे हाईकोर्ट को एक ई-मेल मिला



***बॉलीवुड सितारों को लगातार मिल रही धमकी***

*हाल के दिनों में फिल्मी सितारों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी है। 18 अक्टूबर को अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग हुई थी। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली थी।*

#### बच्चन को दूसरी बार मिली धमकी

अमिताभ बच्चन को निशाना बनाने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले 22 अक्टूबर को मुंबई के एक स्कूल को धमकी भरा ई-मेल भेजा गया था। इसमें अमिताभ बच्चन का नाम भी शामिल था। हालांकि, उस समय अधिकारियों ने साफ किया था कि अभिनेता को सीधे तौर पर कोई धमकी नहीं मिली है। इस घटना के बाद अमिताभ बच्चन का हर रविवार को अपने घर के बाहर प्रशंसकों से मिलने का कार्यक्रम भी चर्चा में रहा. इस बार वह बेटे अभिषेक बच्चन के साथ सुरक्षा के लिए लगाए गए बुलेट प्रूफ शीशे के पीछे खड़े दिखाई दिए।

### बेंगलुरू की घटना, सिलबट्टे से ली जान

## पत्नी-सास समेत ससुराल के सात सदस्यों की हत्या

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक के बेंगलुरु में घरेलू विवाद के चलते एक कैब ड्राइवर ने अपनी पत्नी समेत उसके परिवार के 7 लोगों की हत्या कर दी। मृतकों में 7 साल का बच्चा भी शामिल है। आरोपी की पहचान शेखर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, शेखर की शादी करीब 20 साल पहले सुनीता से हुई थी। दोनों के बीच सुनीता के मायके जाने को लेकर अक्सर विवाद होता था। सुनीता की मां और भाई भी उसका साथ देते थे।



#### गुमशुदगी की शिकायत से खुला हत्याकांड का राज

मामला गुरुवार को सामने आया, जब नलिनी की मां ने उसके लापता होने की शिकायत श्रीरामपुरा थाने में दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस को सामूहिक हत्याकांड का पता चला और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### नेपाल, भूटान और पाकिस्तान से आने वाले यात्रियों के लिए नियम हुए सख्त

# भारत सख्त, 6 गैर-मुस्लिम समुदायों के लिए वीजा अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने भारत में आने और यहां से दूसरे देशों में जाने वाले लोगों के लिए पासपोर्ट और वीजा से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी नई अधिसूचना का असर अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आने वाले छह गैर-मुस्लिम समुदायों के लोगों पर पड़ेगा। इसके अलावा नेपाल और भूटान के रास्ते भारत आने-जाने वाले यात्रियों के लिए भी नियम सख्त किए गए हैं।

#### नेपाल और भूटान के लिए भी बदले नियम

भारत सरकार ने नेपाल और भूटान के नागरिकों की आवाजाही से जुड़े नियमों में भी बदलाव किया है। अब भारत, नेपाल और भूटान के नागरिकों को एक-दूसरे के देश में आने-जाने के लिए वीजा मैनुअल के तहत निर्धारित मान्य पहचान दस्तावेज दिखाने होंगे। इसके अलावा अगर कोई भारतीय नागरिक नेपाल या भूटान के रास्ते किसी तीसरे देश की यात्रा करता है, तो उसके पास वैध पासपोर्ट होना जरूरी होगा। ऐसे यात्रियों को अब निर्धारित चेकपॉइंट्स से ही गुजरना होगा।



#### इन पर लागू होगा नियम

यह नियम उन लोगों पर लागू होगा, जो धार्मिक उत्पीड़न या इसके डर के कारण 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए थे। ऐसे लोगों के पास वैध यात्रा दस्तावेज नहीं थे या भारत आने के बाद उनके दस्तावेजों की वैधता समाप्त हो गई थी। गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि भारत में रहने के लिए अब इन लोगों को निर्धारित श्रेणी का वीजा लेना अनिवार्य होगा। इससे पहले सितंबर 2025 के आदेश के तहत इन छह समुदायों के लोगों को पासपोर्ट और वीजा की शर्तों से छूट दी गई थी।

#### चीन और पाक के रास्ते भारत आने पर भी सख्ती

नए नियमों के तहत नेपाल और भूटान के ऐसे नागरिक, जो चीन, पाकिस्तान, हांगकांग या मकाऊ के रास्ते भारत आ रहे हैं, उनके लिए वैध पासपोर्ट और वीजा दिखाना अनिवार्य होगा। केंद्र सरकार ने देश में रह रहे श्रीलंकाई तमिल शरणार्थियों और तिब्बती नागरिकों के लिए पासपोर्ट और वीजा से जुड़ी कानूनी छूट जारी रखी है। नए बदलावों के बावजूद इन दोनों श्रेणियों को पहले से मिल रही छूट बरकरार रहेगी।

## खबर संक्षेप

### ग्राम तेलीखाम्ही में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आज

**लोरमी।** ग्राम तेलीखाम्ही में 7 नवंबर को शाम 6 बजे से माँ महामाया प्रांगण में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया है। आमंत्रित कवि एवं कवयित्रियों में वंशीधर मिश्रा हास्य कवि, अमित शुक्ला हास्य कवि, देवेंद्र परिहार, वीर रस कवि, प्रियंका मिश्रा श्रृंगार रस कवियित्रि, कृष्णा भारती हास्य रस कवियित्रि, सरकार साहू गीतकार, कमलेश यादव हास्य प्रस्तुति देंगे।

### नवपदस्थ सीएमओ ने 11 दिनों से बंद पड़ी स्ट्रीट को कराया शुरू



**मुंगेली।** नवपदस्थ सीएमओ आशीष तिवारी ने पदभार ग्रहण करते ही सबसे पहले जनसमस्या को प्राथमिकता देते हुए इसके निराकरण की दिशा में पहल की। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर पिछले 11 दिनों से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को पुनः चालू करने के संबंध में बातचीत की। जिसके बाद स्ट्रीट लाइट व्यवस्था बहाल करने पर सहमति बनी और इस सेवा को पुनः चालू किया गया। नगर में पिछले 11 दिनों से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट के कारण आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

### चित्रकांत बने राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के ग्रीमीण अध्यक्ष

**सीपत।** कांग्रेस संगठन में सक्रियता, समर्पण और लंबे समय से जनहित के मुद्दों पर निरंतर आवाज बुलंद करने वाले चित्रकांत श्रीवास को एक और महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारी मिली है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने उन्हें छत्तीसगढ़ में जिला बिलासपुर ग्रामीण का अध्यक्ष नियुक्त किया है।



संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुनील पंवार द्वारा जारी जिलाध्यक्षों की आधिकारिक सूची में चित्रकांत श्रीवास का नाम शामिल किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के लेटरहेड पर जारी नियुक्ति सूची के अनुसार, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुनील पंवार ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अध्यक्षों की घोषणा की है। इसमें बिलासपुर जिले की जिम्मेदारी चित्रकांत श्रीवास को सौंपी गई है।

### सागर जलाशय के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए 1 करोड़ 72 लाख स्वीकृत



**सकरी।** सागर स्थित पवित्र तालाब के सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार के लिए तखतपुर विधायक डॉ धर्मजीत सिंह की पहल पर शासन द्वारा 1 करोड़ 72 लाख 31 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। उल्लेखनीय हो कि तखतपुर विकासखंड स्थित सागर मैया तालाब में प्रतिवर्ष मांघी पूर्णिमा के अवसर पर इस विशालकाय सागर मैया तालाब परिसर में भव्य मेले एवं महाआरती का आयोजन किया जाता है। जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर यहाँ स्नान करते है लोगो की मान्यता है कि इस पवित्र सरोवर में स्नान मात्र से दाद, खाज, खुजली जैसे व्याधियां दूर हो जाती है। सावन के पवित्र महीने में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा यहा से भव्य कावर यात्रा निकाली जाती है। ये तखतपुर क्षेत्र की प्राचीन धरोहर है। स्थानीय एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने विधायक डॉ धर्मजीत सिंह से इसके सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार के लिए मांग रखी थी जिसे पूरा करते हुए विधायक ने शासन से इस कार्य की स्वीकृति कराई इस कार्य की स्वीकृति पर स्थानीय जनपद सदस्य एवं जनपद पंचायत तखतपुर के उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, सरपंच अंजू सुरेश पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष भाजपा रामकुमार निर्मलकर, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आनंद अवस्थी, डॉ प्रवीण तिवारी, स्थानीय सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष दिनेश शर्मा, बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल यादव, गुलजारी केशरवानी, अनिल यादव, मनोज साहू, रामेश्वर सूर्यवंशी, हितेश विशु साहू, मान्शू तिवारी, भागीरथी श्रीवास, अर्जुन केवट, शरद गंधर्व सहित स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक डॉ धर्मजीत सिंह सहित शासन का आभार जताया है।

## सोने चांदी के जेवरों, बाइक-स्कूटी व कारों की सर्वाधिक बिक्री

# धनतेरस पर बाजार गुलजार, 40 से 50 करोड़ का व्यापार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पांच दिवसीय दीपावली पर्व की धनतेरस पर्व से शुरूआत हुई। लोग घरों एवं दुकानों में उमंग एवं उल्लास से भगवान धनवंतरी का पूजा–पाठ की। धनतेरस के दिन मिट्टी के तेरह दीए जलाकर घर के चारों दिशाओं में रखी गई। धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर शहर के बाजार गुलजार हो गया है। सुबह से देर शाम तक खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी रही। धनतेरस के अवसर पर आज 40 से 50 करोड़ से अधिक का व्यापार हुआ। कपड़े, गहने, मूर्तियां, लाई बताशे, मिठाई, इलेक्ट्रानिक्स आयटम, बाइक, ट्रेक्टर बाजार इन दिनों बूम–बूम है। 6 नवंबर को पड़ने वाले धनतेरस पर्व से 5 दिवसीय दीपावली पर्व की शुरूआत हो गई। लोग घरों एवं दुकानों में उमंग एवं उल्लास से भगवान धनवंतरी का पूजा–पाठ किए। धनतेरस के दिन मिट्टी के तेरह दीए जलाकर घर के चारों दिशाओं में रखी गई। भारी महंगाई के बाद भी लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रहा है। धनतेरस के अवसर पर आटो सेक्टर खासकर ट्रेक्टर बाजार गुलजार रहा। गरीब–मध्यम व उच्चवर्गीय परिवार अपनी पसंद हैसियत के मुताबिक सामानों की खरीदारी में जुटा रहा। दीपों से घर की सजावट कर मां लक्ष्मी का आव्हान करते हुए सुख–समृद्धि की कामना लोग करेंगे। बच्चे पटाखे जलाकर त्योहार मनाएंगे। वहीं इस बार बाजार में मिट्टी से बने दीये




की बिक्री भी हो रही है। इसमें छोटी साइज की दीये को लोग ज्यादा पसंद कर रहे है। इसे घर में बालकनी में जलाकर सजाया जाता है। दीपावली का पर्व मां लक्ष्मी की आराधना का विशेष पर्व है। इससे सुख–समृद्धि व धन–धान्य से परिपूर्ण होगी। कार्तिक का महिना लक्ष्मी प्रदान करने वाला होता है क्योंकि इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा का पर्व दिवाली मनाया जाएगा। इसमें धनतेरस, नरक चौदस, लक्ष्मी पूजा एवं दूसरे दिन गोवर्धन पूजा व भाईदूज शामिल है। प्रत्येक दिन का विशेष महत्व होता है और उसी के आधार पर पूजा की जाती है। दीपावली के दिन मां लक्ष्मी व कुबेर की आराधना की जाती है। इस दिन को खरीददारी की दृष्टि से श्रेष्ठ माना जाता है। इस दिन कोई भी वस्तु खरीदना शुभ होता है। मान्यता के अनुसार सोना–चांदी या सामान खरीदने से लक्ष्मी का आगमन होता है और लक्ष्मी का आव्हान कर दीपावली पर घर को सजाने के लिए लोग कई तरह से तैयारी करते रहे। इसमें तोरण व आर्टिफिशियल फूलों की सजावट भी शामिल है। घरों को सजाने के लिए बाजार में बहुत सी वेरायटी में फूल व तोरण बिकते रहे।

### बीआरसाव मैदान में सजी पटाखा दुकानें



**मुंगेली।** दीपावली पर्व के अवसर पर बीआरसाव मैदान में फटाखा व्यवसायियों की दुकान सज चुकी है। नगर में दीपावली में रंग भरने के लिए दीवाली बाजार पूरी तरह से सजधज के तैयार हो गया है। नवरात्रि पर्व की शुरूआत के साथ ही फटाखों की पूछ परख बढ़ जाती है। छोटे बच्चे फटाखों को लेकर कुछ ज्यादा ही उत्साहित रहते है। छोटे बच्चों के लिए रोल कैप्स, डॉट कैप्स, लाल दनाका, लूंगी, रंगीन फूलझड़ी, जमीन चकरी, चुटपुट फटाखे सबसे ज्यादा आकर्षित करते है। फटाखा दुकानों के मुख्य खरीददारी छोटे–छोटे बच्चे ही है, जो दीपावली के पूर्व ही फटाखे फोड़कर अपनी खुशियां जाहिर कर रहे हैं। दीपावली में रंग भरने के लिए दीवाली बाजार पूरी तरह से सजधज के तैयार हो गया है। रेडीमेड रंगोली, डिजाइनर दीए, पूजा थाली, वंदनवार और लक्ष्मी–गणेश की सुंदर मूर्तियों से बाजार में खासी रौनक छाई हुई है। दुकानों का आबंटन होते ही फटाका व्यवसायी अपनी–अपनी दुकानें फटाखों से सजा लिए हैं। सभी फटाखों की दुकानें सजकर तैयार हो गई है।

### 10 को मनेगा गोवर्धन पूजा उत्सव यादव समाज की तैयारियां शुरू

**मोपका।** हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी यादव समाज बेलतरा विधानसभा द्वारा जिला स्तरीय गोवर्धन पूजा उत्सव का भव्य आयोजन ग्राम खैरा डगनियां स्थित जगसाला में 10 नवंबर मंगलवार को रखा गया है। इसमें प्रातः 9:00 बजे से पूजा हवन तथा 11:00 बजे से 1:00 बजे तक सम्मान समारोह संगोष्ठी तथा प्रसाद भोजन का कार्यक्रम होगा। इस गोवर्धन पूजा को सफल बनाने के लिए पूजा समिति का गठन किया गया है जिसमें निम्न पदाधिकारी चुने गए अध्यक्ष -शिव शंकर यादव, उपाध्यक्ष - प्रहलाद यादव, सुधर्म यादव, बृजेश यादव, बलराम यादव, धनंजय यादव, संतोष यादव, उदय राम यादव, गॉड राम यादव तथा संतोष यादव, कोषाध्यक्ष - अनिल यादव (जलसों), महामंत्री -दीपक यादव, अभिलेश यादव, धनंजय यादव, दिलीप यादव, कुशल यादव, ओम प्रकाश यादव, श्रवण यादव, कृष्ण यादव, विक्की यादव, दीपक यादव, सुनील यादव एवं मनोज यादव मोपका, सचिव - कृष्ण कुमारयादव, उत्तम यादव, विनोद यादव सहित अन्य सदस्य बनाए गए हैं। ज्ञात होगा कार्यक्रम स्थल में पूर्ण नशाबंदी है, उक्त जानकारी देते हुए कोषाध्यक्ष अनिल यादव कहा है कि गोवर्धन पूजा हेतु 1 लीटर दूध या 100 रु सहयोग राशि की अपील की है।

## निधन

### कांति देवी देवांगन

**मल्हार।** देवांगन समाज के नागरिक सदन लाल देवांगन की पत्नी कांति देवी देवांगन का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया. वे केशर व अजय देवांगन की माता थी।



### अनिता यादव

**मुंगेली।** ग्राम मझगांव भरवागुडा निवासी अनिता यादव का 46 वर्ष की आयु में 6 नवम्बर को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे राधेश्याम यादव की पत्नी एवं लक्ष्य कुमार दोषम कुमार की माता थी।



## बुढ़ीखार के विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**मल्हार।** दीपावली पर्व के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ीखार के विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के वनगमन से लेकर अयोध्या वापसी एवं राज्याभिषेक तक की मनमोहक नाट्य प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। दीपावली अवकाश के पूर्व आयोजित यह सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्याकालीन समय में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्ष मिथला थवाईत तथा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी अभिनय प्रतिभा के माध्यम से यह संदेश दिया कि दीपावली का पर्व भगवान श्रीराम के 14 वर्षों के वनवास के पश्चात अयोध्या लौटने और उनके राज्याभिषेक की खुशी में दीप जलाकर मनाया जाता है। नाट्य मंचन में शांति ने श्रीराम, अर्चना ने लक्ष्मण, अंजू ने माता सीता तथा धनसाय ने हनुमान की भूमिका निभाई। वहीं रावण सहित अन्य पात्रों का अभिनय सुकून, अंजलि, साधना, करिश्मा, पूजा, संगीता, साक्षी, दिशा एवं मंजू ने किया।

## जिले में 37 जुआरी गिरफ्तार, 10 हजार 540 नकद जब्त



**मुंगेली।** जिले में असामाजिक तत्वों, जुआ, सट्टा एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में ऑपरेशन बाज अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 1 से 5 नवम्बर तक जिले के पांच थाना क्षेत्रों में जुआ खेलने वालों के विरुद्ध कुल 10 प्रकरणों में 37 जुआरियों को गिरफ्तार कर 10 हजार 540 रुपये नगद जप्त किया गया। थाना पथरिया 01 प्रकरण, 06 आरोपी' ग्राम छिन्दभोग में जुआ खेलते हुए साधेराम राजपूत, सत्या पाटले, निर्मल बंजारे, रामकुमार चक्रधारी, भुरवाराम साहू एवं प्रदीप कुर्रे, सभी निवासी छिन्दभोग को गिरफ्तार कर 2 हजार 130 रुपये नगद एवं ताश की पत्तियां जप्त की गईं। थाना जरहागांव 04 प्रकरण, 12 आरोपी ग्राम बिरगहनी में गजानंद दिवाकर, सेवक दिवाकर, संजय भास्कर, कच्छीराम दिवाकर एवं राबिन भास्कर। ग्राम डोमनपुर में मनीराम यादव, संजय यादव, रामकिशोर यादव, रमेश मोहले एवं कुंवर टण्डन तथा ग्राम धरमपुरा में गुलेश्वर सिंह निवासी सोढ़ार एवं अक्षय कुमार निवासी धरमपुरा को जुआ खेलते पकड़ा गया। कुल 12 आरोपियों से 4 हजार 780 रुपये नगद एवं ताश की पत्तियां जप्त की गईं। थाना लालपुर 02 प्रकरण, 08 आरोपी ग्राम सोनपुर में चन्द्रभान सोन्डे, बैतल रात्रे, भरत रात्रे एवं सोनसाय बंजारे, सभी निवासी सोनपुर तथा ग्राम भालूखोदरा में सुनील पटेल, भागवत मोहले, धिराजी पटेल एवं अंजोरी वर्मा, सभी निवासी भालूखोदरा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से 900 रुपये नगद एवं ताश की पत्तियां जप्त की गईं। थाना लोरमी 02 प्रकरण, 06 आरोपी ग्राम नवाडीह में देवानंद वैष्णव एवं भुवन मरकाम, दोनों निवासी नवाडीह तथा तिलक दास वैष्णव निवासी ढोलगी। इसी प्रकार भारत सागर डेम के पास नंद कुमार पन्द्राम, सूरज धुर्वे एवं नरेन्द्र मरकाम, सभी निवासी नवाडीह को जुआ खेलते पकड़ा गया। कुल 06 आरोपियों से 1 हजार 310 रुपये नगद एवं ताश की पत्तियां जप्त की गईं। थाना फास्टरपुर 01 प्रकरण, 05 आरोपी ग्राम हरियरपुर में राजेन्द्र महिलांगे, सतानंद गेंदले, हेमेश चतुर्वेदी, अंकित रात्रे एवं विद्याशंकर अंचल, सभी निवासी नवागांव उदका को गिरफ्तार कर 1 हजार 420 रुपये नगद जब्त किए गए। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई।

## जोन स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए सेजेस पंधी से 2 मॉडल चयनित



**बिलासपुर।** जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी शासकीय बहुदेशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजेस हिंदी/अंग्रेजी माध्यम बिलासपुर में संपन्न हुआ। इस प्रदर्शनी में सेजेस पंधी ने प्रचार्य संजय शर्मा के निर्देश में शिक्षको के सहयोग से उत्कृट प्रदर्शन कर दो विधाओं में स्थान प्राप्त किया और जोन स्तर के लिए चयनित हुए। जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पंधी के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थी सुनील सिंह नायक कक्षा (11वीं) मार्गदर्शिका व्याख्याता तीशू शुक्ला द्वारा एआई कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर अपना मॉडल प्रस्तुत किया गया और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षक टीएलएम विधा में माधुरी कौशिक व्याख्याता द्वारा मैथ्स पार्क का प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमें कि तृतीय स्थान मिला। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं तकनीकी के विभिन्न विषयों पर आधारि मॉडल प्रस्तुत किए, इन मॉडलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच, सृजनात्मकता, तार्किक क्षमता और समस्याओं के समाधान की समझ का परिचय दिया, सुनील सिंह नायक के द्वारा प्रस्तुत मॉडल एआई कृत्रिम बुद्धिमत्ता के द्वारा यह बताया गया कि हम भविष्य में किस तरह एआई का उपयोग करके आगामी आने वाली समस्याओं का निवारण कर सकते हैं तथा मिट्टी की नमी को कैसे माप सकते हैं। साथ ही विद्यालय की व्याख्याता माधुरी कौशिक के द्वारा प्रस्तुत मैथ्स पार्क में उन्होंने गणित को बहुत ही सरल और सहज तरीके से समझाकर कठिन विषय को सरल बनाने का प्रयास किया और उसमें सफल हुईं। विद्यालय के प्राचार्य और समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं ने उन सभी को बधाई देते हुए आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें शुभकामनाएँ प्रेषित की, और साथ ही साथ विद्यालय परिवार और प्राचार्य संजय शर्मा ने यह विश्वास व्यक्त किया कि आगामी प्रतियोगिता में भी उनका विद्यालय अपनी प्रतिभा का परचम लहराकर विद्यालय और जिले को गौरवान्वित करेगा।

### सुरीघाट में सड़क हादसा, घायल युवक को मिली त्वरित चिकित्सीय मदद

**मुंगेली।** ग्राम सुरीघाट में सड़क दुर्घटना में 25 वर्षीय युवक होलीराम पटेल, पिता झड़ूआ पटेल, घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही डॉ मनीष बंजारा ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर घायल युवक को तत्काल प्राथमिक उपचार प्रदान किया। इसके पश्चात 108 एम्बुलेंस को बुलाकर युवक को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल मुंगेली शिफ्ट कराया गया। डॉ मनीष बंजारा ने 108 एम्बुलेंस की टीम की तत्परता, संवेदनशीलता एवं त्वरित सेवाभाव के लिए विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना के बाद शुरुआती कुछ मिनट बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। समय पर प्राथमिक उपचार और बिना देरी के अस्पताल पहुंचाना किसी की जिंदगी बचाने में निर्णायक साबित हो सकता है। इस अवसर पर उन्होंने आम नागरिकों से भावुक अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाएं तथा शराब का सेवन करके कभी भी वाहन न चलाएं। तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाना स्वयं के साथ–साथ दूसरों के जीवन को भी खतरे में डालता है।

## खाद्य विभाग का अभियानः 18 खाद्य पदार्थों के लिए नमूने



**मुंगेली।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार दीपावली त्यौहार के दौरान आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले में खाद्य दुकानों की सघन जांच एवं निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। अभिहित अधिकारी देवेंद्र ठाकुर एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत बघेल के नेतृत्व में विभागीय टीम ने मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया क्षेत्र के होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई दुकानों और किराना प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 18 नमूने संकलित किए गए। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारियों को खाद्य सामग्री की गुणवत्ता बनाए रखने और स्वच्छता मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए। होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों तथा मिठाई निर्माताओं को खाद्य पदार्थ तैयार करते समय हेड कवर और हैंड ग्लव्स का उपयोग करने, निर्माण परिसर को साफ–सुथरा रखने, एक्सपायरी खाद्य सामग्री का विक्रय नहीं करने तथा मिठाइयों में अखाद्य रंगों का उपयोग नहीं करने की हिदायत दी गई। साथ ही खाद्य तेल का बार–बार उपयोग न करने, पेयजल को स्वच्छ एवं साफ–सुथरे बर्तनों में रखने तथा नमकीन एवं नाश्ते की पैकिंग में अखबारी कागज का उपयोग नहीं करने के निर्देश भी दिए गए।

---

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**
क्रमांक/क./ /
वाचक/अति.कले/2026.
बिलासपुर, दिनांक 23.10.2026
आवेदक श्री राकेश कुमार यादव आत्मज श्री घनश्याम यादव उम्र 23 वर्ष निवासी बेमेतरा नांदघाट छ.ग. वर्तमान निवास छोटी कोनी बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)
**एवं**
आवेदिका कुमारी सीमा यादव आत्मजा श्री घुरारू यादव उम्र 22 वर्ष निवासी रामदास नगर टिकरापारा बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम– 1954 की धारा– 5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/ दावा इस कार्यालय में दिनांक 26/11/2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


श्री राकेश कुमार यादव


कुमारी सीमा यादव

**शिवकुमार बनर्जी**
**अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**


---

**न्यायालय श्रीमान नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
(पीठासीन न्यायाधीश सुश्री कोनिका यादव)
1. सीमा सिंह उम्र 47 वर्ष पति पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल 2. कौशिल सिंह चंदेल उम्र 22 वर्ष पिता पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल 3. भूमिका सिंह उम्र 20 वर्ष पिता पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल तीनों निवासी ग्राम ब्लॉक टी/2, पुलिस लाईन बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) .....वादीगण
विरूद्ध
1. श्रीमान कलेक्टर महोदय, बिलासपुर (छ.ग.) 2. आज जनता, जिनसे संबंध हो...प्रतिवादीगण
प्रोसेस क्र. 732/26
व्य.वा.क्र.–252 ए/2026
आदेश दिनांक 24/10/2026
पेशी दिनांक 14.12.26
वादीगण ने इस न्यायालय में आप प्रतिवादी क्र. 02 के विरूद्ध व्यवहार वाद वास्ते पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल पिता स्व. राम सिंह चंदेल के सिविल मृत्यु की घोषणा हेतु वाद प्रस्तुत किया है जिसका व्य.वा.क्र. 252 ए/2026 है जिसकी आगामी पेशी दिनांक 14/12/2026 को नियत है।
आप प्रतिवादी क्र. 02 आम जनता को सूचित किया जाता है कि आप पेशी दिनांक 14/12/2026 को इस न्यायालय में प्रातः 11.00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें। प्रकरण की कार्यवाही में भाग नहीं लिये जाने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 14/12/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
अतः आज दिनांक 24/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
दिनांक 24.10.26 स्थानः बिलासपुर (छ.ग.)
कुमारी कोनिका यादव
नवम व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**–: विवाह सूचना का प्रकाशन :–**
क्रमांक क//वाचक/अति–कले/2026,
बिलासपुर, दिनाँक 13.10.2026
आवेदक श्री दीपक आत्मज श्री शत्रुहन प्रसाद उम्र 30 वर्ष निवासी मेण्ड्रा, थाना सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. एवं आवेदिक कुमारी मनीषा सूर्यवंशी आत्मजा स्व.बंशीलाल सूर्यवंशी माता श्रीमती अन्नपूर्णा सूर्यवंशी उम्र 29 वर्ष निवासी सकरी, थाना सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम–1954 की धारा–5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/ दावा इस कार्यालय में दिनाँक 19.11.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


श्री दीपक


कुमारी मनीषा सूर्यवंशी

**विवाह अधिकारी,**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली-1**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**
संदर्भः– जिला– मुंगेली तहसील–मुंगेली
प.ह.नं.–00035 जैतपुरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक–
RD202627630112000001
**ईश्तहार**
तहसील मुंगेली के प.ह.न. 00035 के अंतर्गत ग्राम जैतपुरी के वर्तमान भूमिस्वामी नवीन गिरी गोस्वामी पिता/पति–प्रतापगिरी पता सा देह भूमि स्वामी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 91/2(0.3280) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रतापगिरी गोस्वामी पिता/पति–गुलाबगिर गोस्वामी पता–जैतपुरी के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23/11/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली–1 पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/10/2026 को जारी किया जाता है।
नायब तहसीलदार:
DILIP KHANDEY
मुंगेली

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र–/ /2026–27
ग्राम–उसलापुर, प.ह.नं–60,
तहसील–सकरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)
एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नीलिमा सिंह क्षत्रीय पति अजीत सिंह क्षत्रीय निवासी सांई नगर उसलापुर तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा मौजा उसलापुर, प.ह.न. 60, रा.नि.मं व सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित ख.नं. 249/17 रकबा 0.0040 हे. भूमि पंजीकृत विक्रय दिनांक 11.01.2019 को क्रय कर विधिवत अपने नाम पर नामांतरण कराया गया। वर्तमान ऑनलाईन रिकॉर्ड में अनावेदक रवि सिंह ठाकुर पिता अशोक का नाम दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदिका द्वारा आवेदित भूमि के वर्तमान ऑनलाईन रिकार्ड में अनावेदक रवि सिंह ठाकुर पिता अशोक सुधार कर आवेदिका नीलिमा सिंह क्षत्रीय पति अजीत सिंह क्षत्रीय के नाम पर दर्ज किए जाने आवेदन पत्र इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 18/11/2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।
आज दिनांक 30.10.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।
**नायब तहसीलदार, सकरी**

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना/नोटिस**
क्रमांक /क/अति.तह. / वा. / 2026
बिलासपुर, दिनांक 28/10/2026
प्रति,
1. तुषार मौर्य, पिता उमेश मौर्य, निवासी जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 2. आकाश मौर्य, पिता रमेश मौर्य, निवासी विद्यानगर बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 3. रमेश मौर्य, पिता चन्द्रिका प्रसाद मौर्य, निवासी जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
आवेदिका मालादेवी मुदलियार पति स्व. विष्णु मुदलियार निवासी मकान नं. 14/162, गली नं.2, बजरंग केडिया हाउस के पास, विद्यानगर बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा मौजा जूना बिलासपुर, प.ह.नं. 36, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित खसरा नंबर 664 में से रकबा 0.07 एकड़ भूमि को राधा बाई पति एम.के. मुदलियार के नाम पर अंतर्गत छ.ग. भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अतः आपको सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में सुनवाई दिनांक 12/11/2026 नियत है। अतः आप दिनांक 12/11/2026 को प्रातः 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेंगे ।
आज दिनांक 28/10/2026 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.

*बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने तीन वर्षीय और पांच वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा समाप्त कर दी है। इस फैसले के बाद अब किसी भी उम्र के उम्मीदवार कानून की पढ़ाई के लिए प्रवेश ले सकेंगे। बीसीआई के निर्णय की जानकारी मिलने पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आयु सीमा को चुनौती देने वाली याचिका का निपटारा कर दिया।*

# अब किसी भी उम्र में कर सकेंगे एलएलबी कोर्स, आयु सीमा हटाई गई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**बीसीआई के फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का किया निपटारा**

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ को बताया गया कि बीसीआई की जनरल काउंसिल ने कानून के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अधिकतम आयु संबंधी प्रतिबंध वापस लेने का प्रस्ताव पारित किया है। बीसीआई की ओर से पेश अधिवक्ता राधिका गौतम ने कोर्ट को इस निर्णय की जानकारी दी। इसके बाद पीठ ने कहा कि आयु सीमा हटाए जाने के कारण याचिका अब निष्प्रभावी हो गई है और उसका निपटारा कर दिया।

### बीसीआई के नियम को दी गई थी चुनौती

यह मामला ऋषभ दुग्गल की ओर से दायर याचिका से जुड़ा था। उन्होंने बीसीआई के वर्ष 2016 के उस सर्कुलर को चुनौती दी थी, जिसके जरिए विधि शिक्षा नियम, 2008 की अनुसूची III के क्लॉज 28 को दोबारा लागू किया गया था। इस प्रावधान के तहत पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड लॉ पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 20 वर्ष निर्धारित थी। वहीं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों के लिए यह सीमा 22 वर्ष थी।

### मार्च 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने लगा दी थी रोक

मार्च 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने बीसीआई के उस फैसले पर रोक लगा दी थी, जिसमें पांच वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रम के लिए अधिकतम आयु 22 वर्ष और तीन वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रम के लिए 45 वर्ष निर्धारित की गई थी।



### सुप्रीम कोर्ट ने बीसीआई से मांगा था स्पष्टीकरण

इससे पहले 25 सितंबर को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बीसीआई से स्पष्ट करने को कहा था कि क्या वह पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड लॉ पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा वापस लेने को तैयार है। इसके बाद बीसीआई ने अपनी जनरल काउंसिल के प्रस्ताव की जानकारी कोर्ट को दी और पुष्टि की कि प्रवेश के लिए अधिकतम आयु संबंधी प्रतिबंध समाप्त कर दिए गए हैं।

### कोर्ट ने याचिका का किया निपटारा

इस फैसले को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने माना कि याचिका पर आगे सुनवाई की आवश्यकता नहीं रह गई है और उसे निष्प्रभावी मानते हुए निपटा दिया। बीसीआई के इस निर्णय के बाद तीन वर्षीय और पांच वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अधिकतम आयु की बाध्यता समाप्त हो गई है।

## यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की बोले- रूस युद्ध खत्म करना नहीं चाहता

# यूक्रेन में जहां बांटी जा रही थी मानवीय मदद, रूस ने वहीं बरसाए बम, 53 मृत

एजेंसी ▶▶| कीव

यूक्रेन के दक्षिण-पूर्वी जापोरिज्जिया इलाके में रूस की बमबारी में मरने वालों की संख्या बढ़कर 53 हो गई है। गत दिवस रूस ने यहां मानवीय सहायता बांटने वाले एक केंद्र को निशाना बनाया था। इस हमले को इस साल आम नागरिकों पर हुए सबसे घातक हमलों में से एक माना जा रहा है। इलाके के कार्यवाहक गवर्नर मिखाइलो सेमिकिन ने शुक्रवार को टेलीग्राम पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

गवर्नर ने बताया कि कोमिशुवाखा गांव में हमले वाली जगह पर राहत और बचाव का काम पांचवें दिन भी जारी है। इससे पहले यूक्रेन की इमरजेंसी सर्विस ने मृतकों की संख्या 50 बताई थी। एजेंसी के मुताबिक, मुश्किल हालात और रूस के दोबारा हमले के लगातार खतरे के बावजूद बचाव अभियान चलाया जा रहा है।



### कई टन विस्फोटक गिराया गया

अधिकारियों का दावा है कि इसके बाद नौ और भारी हथियार गिराए गए। इनमें करीब तीन टन का एफएबी ग्लाइड बम भी शामिल था, जिसमें लगभग 1.4 टन विस्फोटक था. इन हमलों में भूमिगत शेल्टर को निशाना बनाया गया।

### यहां किया रूस ने मिसाइली हमला

यह हमला अग्रिम मोर्चे के पास बसे कोमिशुवाखा गांव में एक पुराने स्कूल की इमारत पर हुआ। इस इमारत का इस्तेमाल भूमिगत शेल्टर के तौर पर किया जा रहा था। यहां स्थानीय लोगों को हर हफ्ते मानवीय सहायता भी बांटी जाती थी। हमले के वक्त नागरिक इसी जगह पर मौजूद थे। रूस ने पहले हमले के बाद दोबारा बमबारी की। इसे 'डबल टैप' हमला बताया गया है।

### हमला मानवीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन

संयुक्त राष्ट्र के यूक्रेन मानवाधिकार मिशन ने भी हमले की आलोचना की है। उसका कहना है कि यह बमबारी अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के स्पष्ट उल्लंघन की ओर इशारा करती है। मलबे में दबे लोगों की तलाश जारी है और मृतकों की पहचान के लिए डीएनए जांच का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

### सितंबर में नागरिक मौतें 85% बढ़ीं

यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर में यूक्रेन में नागरिकों की मौतें 85% बढ़ीं। रूस के 2022 में पूर्ण पैमाने पर हमला शुरू करने के बाद यह सितंबर का सबसे बड़ा आंकड़ा था। उस महीने हुए हमलों में आधे से ज्यादा नागरिक मौतों के लिए लंबी दूरी की मिसाइलें और ड्रोन जिम्मेदार थे।

**रूस ने सैन्य ठिकाने पर हमले का किया दावा**

यूक्रेन के अधिकारियों ने आरोप लगाया कि रूसी सेना को पता था कि इस जगह पर आम नागरिकों को सहायता दी जाती है। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि हमला इलाके में मौजूद यूक्रेनी सैन्य इकाइयों पर किया गया था और इसमें 25 सैनिक मारे गए। रूस ने जानबूझकर नागरिकों को निशाना बनाने के आरोपों से इनकार किया।




**फेसबुक लाइव में कई लोगों पर लगाए आरोप**

# झारखंड की आदिवासी नेता निशा भगत ने किया सुसाइड

एजेंसी ▶▶| रांची

झारखंड की आदिवासी नेता निशा कुमारी भगत शुक्रवार को अपने रांची स्थित आवास पर मृत मिलीं। बताया जा रहा है कि अपनी मौत से कुछ घंटे पहले वह फेसबुक पर लाइव आई थीं। अपने लाइव वीडियो में उन्होंने कहा था कि राज्य सरकार और जमीन दलालों के खिलाफ आवाज उठाने के कारण उन्हें लगातार धमकियां मिल रही थीं। पुलिस को शक है कि यह आत्महत्या का मामला हो सकता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान भेजा गया है। हालांकि, उनकी मौत के सही कारणों का पता अभी तक नहीं चल पाया है।



### निशा ने लिया सीएम सोरेन का नाम

फेसबुक लाइव के दौरान निशा कुमारी भगत ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और एक पुलिस अधिकारी का नाम लिया था। उन्होंने साफ चेतावनी दी थी कि अगर उन्हें कुछ भी होता है, तो इसकी जिम्मेदारी इन दोनों पर होगी। इसके साथ ही, उन्होंने जमीन दलालों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न का भी जिक्र किया था।

# पार्टी नहीं टूटेगी, 25 नाराज विधायकों से मिले-फारूक अब्दुल्ला

एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के भीतर नाराजगी और बगावत की अटकलों के बीच फारूक अब्दुल्ला ने एकजुटता का संदेश दिया है। उन्होंने श्रीनगर में पार्टी के 25 नाराज विधायकों के साथ बैठक के बाद कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस पूरी तरह संगठित और एकजुट है और पार्टी में फूट की खबरों को बेबुनियाद बताया। नाराज विधायकों को आश्वासन देते हुए उन्होंने ये भी कहा कि उनकी चिंताएं जायज हैं, जिन पर विस्तार से चर्चा हुई है।



**शिकायतों का समाधान होगा : फारूक :** फारूक ने कहा, नेशनल कॉन्फ्रेंस कभी नहीं टूटेगी। मैंने विधायकों की शिकायतें सुनी हैं, हम उन पर काम करेंगे। कुछ का समाधान तुरंत होगा, तो कुछ का धीरे-धीरे होगा। अफवाह फैलाई जा रही है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस गुटों में बंट गई है, यह सरासर गलत है। पार्टी पूरी तरह संगठित और एकजुट है। जो लोग सोचते हैं कि वे इस पार्टी को रोक लेंगे, वे जान लें कि यह पार्टी न कभी टूटी है और न कभी टूटेगी।




## खबर संक्षेप

### उत्तराखंड में तुंगनाथ मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित विश्व के सबसे ऊंचे शिव मंदिर और पंचकेदारों में से एक तुंगनाथ मंदिर के कपाट शुक्रवार को शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। चोपता क्षेत्र में समुद्र तल से लगभग 3,680 मीटर की ऊंचाई पर स्थित तृतीय केदार के रूप में विख्यात भगवान तुंगनाथ के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विधि-विधानपूर्वक बंद किए गए। कपाट बंद होने के बाद भगवान तुंगनाथ की डोली उनके शीतकालीन प्रवास स्थल मक्कूमठ के लिए रवाना हो गई।



# ईरान ने भेजा नया युद्धविराम प्रस्ताव ट्रंप बोले- नए हमले के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶| तेहरान

अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की हार के बाद ईरान युद्ध को लेकर अनिश्चितता का माहौल है। इस बीच ट्रंप ने ईरान को नई धमकी दी है। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान में संभावित अभियान शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार है, और अमेरिकी सेना पहले की तुलना में कहीं अधिक हथियार बना रही हैं। इस बीच, ईरान का एक नया युद्धविराम प्रस्ताव भी सामने आया है।



**ईरान ने कतर के जरिए नया प्रस्ताव भेजा :** रॉयटर्स ने एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी के हवाले से बताया कि ईरान ने अमेरिका को कतर के माध्यम से परमाणु प्रस्ताव भेजा है। इस पर अमेरिका द्वारा ईरान की 7 मांगों को पूरा करने के बाद ही चर्चा की जाएगी।

### व्हाइट हाउस में ट्रंप मनाएंगे दिवाली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हर साल की तरह इस साल भी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज व्हाइट हाउस में दिवाली समारोह करेंगे, जिसमें भारतीयों के साथ वो खुद शामिल होकर त्यौहार मनाएंगे। यह आयोजन दिवाली के सांस्कृतिक महत्व को पहचानता है और अमेरिका में इस समुदाय की विरासत का सम्मान करता है। पिछले साल, ट्रंप ने भारत के राजदूत के साथ मिलकर दीया जलाया था।

### क्या हैं ईरान की 7 शर्तें?

ईरान की शर्तों की आधिकारिक सूची अभी तक सामने नहीं आई है। हालांकि, खलीज टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, तेहरान की मांगों में लेबनान सहित सभी क्षेत्रों में युद्ध का अंत, ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को हटाना, ईरान पर लगे प्रतिबंधों को हटाना, ईरान की जब्त संपत्तियों को जारी करना, क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति को कम करना, युद्ध से हुए नुकसान का मुआवजा देना और ईरान पर अमेरिकी हमलों को खत्म करना शामिल है।

**डीआरडीओ ने किया सफल टेस्ट पाकिस्तान बॉर्डर पर होगी तैनात**

# भारत ने पहली बार एक लॉन्चर से 2 मिसाइलें दागीं : 500 किलोमीटर दूर 2 टारगेट तबाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने ओडिशा के चांदीपुर से प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। इसकी खासियत यह है कि एक ही लॉन्चर से 2 मिसाइलें लगातार दागी जा सकती हैं। 500 किलोमीटर तक मार करने वाली यह मिसाइल दुश्मन के अलग-अलग ठिकानों को निशाना बना सकती है। इसे क्वासी-बैलेस्टिक मिसाइल कहा जाता है, क्योंकि यह उड़ान के दौरान अपना रास्ता भी बदल सकती है। इस परीक्षण के पहले दो किमी.के दायरे में रहने वाले लोगों को वहां से हटा दिया गया था। रूस और अमेरिका पहले से ही इस तरह की मल्टी-मिसाइल लॉन्च क्षमता वाले सिस्टम विकसित कर चुके हैं। हालांकि, भारत ने यह क्षमता अपनी स्वदेशी तकनीक से विकसित की है।




### प्रलय की खूबियां और तकनीकी विशेषताएं

प्रलय की मारक क्षमता लगभग 150 से 500 किलोमीटर बताई गई है। यह ठोस ईंधन यानी सॉलिड प्रोपेलेंट रॉकेट मोटर से चलती है। ठोस ईंधन का एक बड़ा फायदा यह है कि मिसाइल को लंबे समय तक तैयार अवस्था में रखा जा सकता है और जरूरत पड़ने पर तेजी से लॉन्च किया जा सकता है।

### अलग-अलग स्थानों पर तैनाती की सुविधा

इससे सेना इसे अलग-अलग स्थानों पर तैनात कर सकती है. रक्षा मंत्रालय के अनुसार, प्रलय में आधुनिक नेविगेशन और गाइडेंस सिस्टम लगे हैं, जो इसे लक्ष्य तक अधिक सटीकता से पहुंचाने में मदद करते हैं। यह अलग-अलग प्रकार के वॉरहेड ले जाने में भी सक्षम है। प्रलय को भारत की सामरिक मिसाइल क्षमता मजबूत करने वाली प्रणाली के रूप में देखा जाता है।

**बीच से ही रास्ता बदल सकने में सक्षम :** आम बैलिस्टिक मिसाइल सीधे ऊपर जाकर फिर नीचे आती है, रास्ता पहले से पता चल जाता है। प्रलय लो-ट्रेजेक्टरी पर जाती है, बीच में ही दिशा बदल सकती है, टर्मिनल फेज में मैन्युवर करती है। इसलिए दुश्मन का एयर डिफेंस इसे इंटरसेप्ट नहीं कर पाता। इसे आर्मी और एयरफोर्स दोनों में शामिल किया जाना है।


## कांग्रेस पार्षद ओमप्रकाश का निलंबन समाप्त

रायपुर। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने बिरगांव नगर निगम के कांग्रेस पार्षद ओमप्रकाश साहू का निलंबन समाप्त कर उन्हें पुनः पार्टी में बहाल कर दिया है। गुरुवार को गांधी भवन में आयोजित कार्यक्रम में बंजारे ने ओमप्रकाश साहू को कांग्रेस का गमछा पहनाकर पार्टी में उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा, कांग्रेस नेता पंकज शर्मा, बिरगांव नगर निगम के महापौर नंदलाल देवांगन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिरगांव के अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी, पार्षद एवं एमआईसी सदस्य इकराम अहमद तथा मंडल अध्यक्ष ज्वाला गोस्वामी, बाबा खान, प्रवेश दुबे और लखन साहू की सहमति से निलंबन समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

## ई-चालान का लिंक भेजकर 93 हजार की ठगी



रायपुर। एक निजी कंपनी के क्वालिटी इंचार्ज को अज्ञात जालसाज ने उनके कार का फर्जी ई-चालान के नाम से एपीके फाइल भेजकर 93 हजार रुपए ठगी की है। राजेंद्र कुमार साहू ने डीडीनगर थाना में ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया है कि उनके मोबाइल में 29 अक्टूबर को कार चालान का मैसेज आया। दिए गए मैसेज का लिंक ओपन करने पर उनके अकाउंट से अज्ञात जालसाज ने रकम आहरण कर ठगी का शिकार बनाया। पीड़ित को अपने साथ ठगी की जानकारी 30 अक्टूबर को पेमेंट करने के दौरान मिली।




# कांग्रेस बोली- धान खरीदी में बायोमेट्रिक और टोकन की पाबंदी किसानों को परेशान करने की साजिश

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, धान खरीदी प्रक्रिया के लिए भाजपा सरकार द्वारा नए बायोमेट्रिक सत्यापन और टोकन के नियम किसानों को परेशान करने के लिए लागू किए गए हैं। ओटीपी के स्थान पर बायोमेट्रिक सत्यापन की बाध्यता, रकबे के आधार पर टोकन की संख्या सीमित करना, टोकन निरस्त होने का डर, और खरीदी की अवधि में कटौती, यह सब इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि यह सरकार किसानों को धान बेचने से रोकने और उनका उत्पीड़न करने के लिए सुनियोजित षड्यंत्र रच रही है।

श्री बैज ने कहा, एक तो मौसम की मार, ऊपर से टोकन की कैंची और 15 दिन बाद खरीदी शुरू करके 15 दिन पहले खरीदी बंद करने का फरमान, यह किसानों के साथ सीधी धोखाधड़ी है। भाजपा सरकार ढिंढोरा पीट रही है कि खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और डिजिटल बनाया जा रहा है, जबकि धरातल यह है कि सर्वर डाउन रहने, नेटवर्क की समस्या और बायोमेट्रिक मशीनें फेल होने से किसान घंटों कतारों में खड़े रहने को मजबूर होंगे। फिंगरप्रिंट मैच न होने पर किसानों को लौटाया जाएगा। पिछली कांग्रेस सरकार ने किसानों के लिए टोकन प्रक्रिया को बेहद सरल, सुगम और विकेंद्रीकृत बनाया था। इसके विपरीत, इस सरकार ने रकबे के आधार पर टोकन की संख्या 2 एकड़ से कम पर सिर्फ 1 टोकन की लिमिट लगाकर किसानों के हाथ-पैर बांध दिए हैं। मौसम की खराबी और खेतों में नमी के बीच 15 दिन पहले खरीदी बंद करने का निर्णय किसानों को औने-पौने दामों पर बिचौलियों को धान बेचने पर मजबूर करने की साजिश है।

रायपुर। बुजुर्ग के गुम मोबाइल से अज्ञात जालसाजों ने तीन लाख की ठगी की है। बुजुर्ग को ठगी की जानकारी तीन दिन बाद मिली, जब उनके मोबाइल से 10 हजार रुपए शेष होने का मैसेज मिला। घटना डीडीनगर थाना क्षेत्र की है। सीएसईबी के सेवानिवृत कर्मचारी राजेश खरे ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है।

## चार माह से वेतन का इंतजार, 3 हजार से अधिक घरों में नहीं जलेंगे सुख-समृद्धि के दीए

रायपुर । समग्र शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को पिछले चार माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। प्रदेश के 3 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों के परिवार वेतन के इंतजार में हैं। त्योहार के मौके पर भी वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों की खुशियां फीकी पड़ गई हैं। घरों में दीपावली की तैयारियों पर भी इसका असर पड़ रहा है।

# नितिन नवीन 15 को आएंगे, धरमजयगढ़ के जनजाति गौरव दिवस के कार्यक्रम में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

भाजपा का प्रदेश संगठन प्रदेश के हर जिले में जनजाति गौरव दिवस पर 15 नवंबर को कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ में होने वाले कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आने की सहमति दी है। इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उनको आमंत्रित किया था। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी रहेंगे। इसी के साथ भाजपा की प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी भी कार्यक्रम में रहेंगी। कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने में प्रदेश संगठन जुटा है।

### प्रदेश के हर जिले में होगा कार्यक्रम

जनजातीय गौरव दिवस हर साल 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मनाया जाता है। केंद्र सरकार ने 2021 से इस दिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने के साथ जनजातीय समाज की संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देना है। भाजपा के प्रदेश संगठन ने जनजाति गौरव दिवस के दिन प्रदेश के हर जिले में कार्यक्रम करने का फैसला किया है। अलग-अलग जिलों के कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री और प्रदेश संगठन के नेता, सांसद, विधायक शामिल होंगे। इस आयोजन के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आमंत्रण पर नितिन नवीन ने दौरे के लिए सहमति दी है। वे धरमजयगढ़ के कार्यक्रम रहेंगे। नितिन नवीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उनका पहला दौरा है। उनका एक बार जून में योग दिवस पर पहले भी दौरा बना था, लेकिन बाद में यह रद्द हो गया था। अब उनका दौरा तय हुआ है। उनके दौरे को लेकर प्रदेश भाजपा संगठन दीपावली के बाद तेजी से तैयारी प्रारंभ करेगा। इसी के साथ यह भी तय किया जाएगा कि धरमजयगढ़ के कार्यक्रम में और कौन-कौन रहेंगे।

## MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR

**Gem Portal Tender Notice**

Main Portal: http://Gem Portel (Government e-market place)

(2nd Call)

NIT NO: 70 — RAIPUR DATED: 04.11.2026

Online bids are invited for the following works up to **19.11.2026** at 17:30 hours.

| Sr. No | Gem Bid No. | Name of work | Amount of the Estimate (In lacs) | Earnest Money Deposit (In Rs.) | Eligible class of contractor / firm | Time allowed for Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GEM/2026/B/8240987 | जोन क्रमांक 04 अंतर्गत विभिन्न विभागों के कार्य संपादन हेतु निजी प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से उच्चकुशल कम्प्युटर आपरेटर, वाहन चालक, विद्युत विभाग हेतु श्रमिक प्रदाय कार्य | 66.76 | 67,000/- | Registered in Gem portal (Government e-market place) | 12 माह |
| 2 | GEM/2026/B/8241475 | जोन क्रमांक 04 अंतर्गत विभिन्न कार्यालयीन कार्यों हेतु विभागवार नगर निवेश, लोककर्म, जल विभाग, आनंद समाज वाचनालय में कार्यालय सहायक, मुख्यालय प्रेस विभाग कुशल एवं अकुशल श्रमिक प्रदाय कार्य | 113.58 | 1,14,000/- | Registered in Gem portal (Government e-market place) | 12 माह |

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

ZONE COMMISSIONER
ZONE-04
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

## CGHIDB न्यायालय तहसीलदार, बेलतरा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. /अ-19

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय अभियन्ता, छ.ग. निर्माण मण्डल बिलासपुर के द्वारा अपने पत्र क्रमांक/3898/का.अभि./ तक. शा.2026 बिलासपुर दिनांक 03.09.2026 के द्वारा कलेक्टर बिलासपुर के माध्यम से तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर अंतर्गत ग्राम नगोई, तहसील बेलतरा स्थित भूमि ख.नं. 937 तथा 944 कुल रकबा 56.676 हे./ए. को अटल विहार योजना कमजोर एवं निम्न आय वर्ग के लोगों को रियायत दर में मकान उपलब्ध कराने हेतु भूमि आबंटन की मांग की गई है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 20.11.2026 तक दावा / आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया।

तहसीलदार
बेलतरा, जिला-बिलासपुर

## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बलरामपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक /2128/ निर्माण/आ.वि./2026 — बलरामपुर, दिनांक- 27.11.2026

छ.ग. के राज्यपाल के नाम से निम्नलिखित कार्य के लिए कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बलरामपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज में नीचे दर्शाये गये विवरण के अनुसार एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत डी-श्रेणी एवं इससे ऊपर श्रेणी के ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन दर अनुसूची जो दिनांक 10.06.2026 एवं विद्युतीकरण दर अनुसूची जो दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील है, (समस्त संशोधन सहित) एस.ओ.आर. पद्धति में ई-निविदा के माध्यम से प्रतिशत दर पर प्रथम ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 30.10.2026 से दिनांक 25.11.2026 तक प्रभावशील रहेगी।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 202657 | बालक आश्रम चूनापाथर में शौचालय का निर्माण | 19,41,519 | 14,600 | 04 माह |
| 2 | 202658 | प्री.मै. बालक छात्रावास सलवाही में शौचालय का निर्माण | 19,41,519 | 14,600 | 04 माह |
| 3 | 202659 | पहाड़ी कोरवा बालक आश्रम पतरापारा में शौचालय का निर्माण | 19,41,519 | 14,600 | 04 माह |
| 4 | 202660 | पहाड़ी कोरवा बालक आश्रम जिगड़ी में शौचालय का निर्माण | 19,41,519 | 14,600 | 04 माह |
| 5 | 202661 | पहाड़ी कोरवा बालक आश्रम लाउ में शौचालय का निर्माण | 19,41,519 | 14,600 | 04 माह |
| 6 | 202663 | पहाड़ी कोरवा बालक आश्रम कोठली में शौचालय का निर्माण | 19,41,519 | 14,600 | 04 माह |
| 7 | 202665 | प्री.मै. बालक छात्रावास बसंतपुर में शौचालय का निर्माण | 19,41,519 | 14,600 | 04 माह |
| 8 | 202666 | प्री.मै. बालक छात्रावास पण्डरी में शौचालय का निर्माण | 19,41,519 | 14,600 | 04 माह |
| 9 | 202669 | प्री.मै. बालक छात्रावास सुलसुली में शौचालय का निर्माण | 19,41,519 | 14,600 | 04 माह |
| 10 | 202671 | प्री.मै. कन्या छात्रावास पण्डरी में शौचालय का निर्माण | 19,42,136 | 14,600 | 04 माह |
| 11 | 202673 | प्री.मै. कन्या छात्रावास भवंरमाल में शौचालय का निर्माण | 19,42,136 | 14,600 | 04 माह |
| 12 | 202674 | कन्या आश्रम चलगली में शौचालय का निर्माण | 19,42,136 | 14,600 | 04 माह |
| | | योग:- | 2,33,00,079 | | |

निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास, बलरामपुर - रामानुजगंज

जी. 262704409/3

## कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

**(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 203177 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026 | जिला जशपुर के कुनकुरी में इंटिग्रेटेड स्पोर्टस काम्पलेक्स निर्माण कार्य। (इंटीग्रेटेड स्पोर्टस कॉम्पलेक्स कुनकुरी में हाफ ओलम्पिक साईज स्वीमिंग पुल का निर्माण पार्ट-3)। | 536.91 |
| 2 | 203182 चतुर्थ आमंत्रण 30.10.2026 | जिला रायगढ के बनोरा से डुमरपाली मार्ग में सपनई नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 381.86 |
| 3 | 203117 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026 | जिला रायपुर नवा रायपुर अटल नगर में लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 3 एवं संभागीय कार्यालय (वि/यां.) के लिए कार्यालय भवन-2 एवं 4 नग अनुविभागीय कार्यालय भवन का निर्माण कार्य। | 899.90 |
| 4 | 203126 तृतीय आमंत्रण 30.10.2026 | जिला गरियाबंद के खरीपाथर से कोतरी डोंगरी मार्ग में खैरा नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 269.96 |
| 5 | 203127 प्रथम आमंत्रण 30.10.2026 | जिला कांकेर के मरोडा-बेलगांव-छोटे बिटिया मार्ग के कि.मी. 6/6 बेलगाल नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 396.64 |
| 6 | 203153 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026 | नेवसा से गढवट मार्ग लंबाई 6.325 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 684.90 |
| 7 | 203155 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026 | जिला जशपुर में ए.डी.आर. सेंटर भवन का निर्माण कार्य, जमा मद। | 242.04 |
| 8 | 203186 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026 | जिला बालोद के राजनांदगांव अर्जुन्दा गुण्डरदेही (राज्य मार्ग-23) के कि.मी. 17,18,23, 24, 28, 29, 30 से 35 = 12.00 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य। | 1002.17 |
| 9 | 203123 प्रथम आमंत्रण 30.10.2026 | जिला दुर्ग के खम्हरिया में बहुउद्देशीय स्टेडियम (सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक 8 लेन, सिटिंग गैलरी, बैडमिंटन हॉल एवं प्रशासनिक भवन) का विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य, जमा मद। | 1430.24 |
| 10 | 203205 प्रथम आमंत्रण 30.10.2026 | जिला रायपुर के नवा रायपुर सेक्टर 24 में निर्माणाधीन राजभवन, माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय मंत्रीगणों के परिसर के बाह्य संरचना के आवश्यक कार्य जैसे 8.0 कि.मी. मार्ग का नवीनीकरण, ड्रेन पुल पुलिया, लैण्ड स्केपिंग एवं बाह्य बाउंड्रीवाल, युटिलिटी शिफ्टिंग सहित अन्य आवश्यक कार्य। (8.0 कि.मी. मार्ग का नवीनीकरण, ड्रेन पुल पुलिया कार्य को छोडकर)। | 4427.74 |
| 11 | 203228 प्रथम आमंत्रण 30.10.2026 | जिला रायपुर के नवा रायपुर सेक्टर 24 में निर्माणाधीन राजभवन, माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय मंत्रीगणों के परिसर के बाह्य संरचना के आवश्यक कार्य जैसे 8.0 कि.मी. मार्ग का नवीनीकरण, ड्रेन पुल पुलिया, लैण्ड स्केपिंग एवं बाह्य बाउंड्रीवाल, युटिलिटी शिफ्टिंग सहित अन्य आवश्यक कार्य। (केवल 8.0 कि.मी. मार्ग का नवीनीकरण, ड्रेन पुल पुलिया कार्य हेतु)। | 2848.27 |
| 12 | 203236 प्रथम आमंत्रण 30.10.2026 | लोक निर्माण विभाग वर्कशॉप सब-डिवीजन, रायपुर के अंतर्गत पहाडी चौक से एक्सप्रेस-वे रोड (प्लेटफॉर्म नंबर 5 गेट के पास) तक एच.टी. 11 के.व्ही. लाईन, एल.टी. लाईन, ट्रांसफॉर्मर (XMER) और डी.पी. को जमीन के नीचे शिफ्ट करने अंडरग्राउंड करने का काम, तथा स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य। | 351.76 |
| 13 | 203269 प्रथम आमंत्रण 30.10.2026 | रायपुर के जी.ई. रोड पर गुरू तेग बहादुर उद्यान (पुराने पी.एच.क्यू. चौक / गुरू नानक चौक) से प्रस्तावित फ्लाईओव्हर के लिए 33 के.व्ही., 11 के.व्ही. और एल.टी. लाईनों भूमिगत को स्थानांतरित करना। | 299.18 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 02, सं.क. 04 दिनांक 10.11.2026, स.क. 01, सं.क्र. 03, सं. क्र. 06 से सं.क्र. 08 दिनांक 16.11.2026, सं.क्र. 05 दिनांक 20.11.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 23.11.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी-262704420/4

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी मस्तूरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

भू-अर्जन प्रकरण क्रं./04/अ-82/2025-26/527 — बिलासपुर दिनांक 14.10.2026

**प्रारूप "क"**

राज्य शासन के कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग बिलासपुर के द्वारा अमलडीहा सोलर सूक्ष्म सिंचाई योजना हेतु ग्राम मचहा, प.ह.नं. 40, रा.नि.मं. मानिकचौरी, तहसील पचपेड़ी, जिला बिलासपुर छ.ग. की भूमि क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को भूमि के स्वत्व के संबंध मे कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर आधार सहित लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे जमा किया जा सकता है। विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | भूमि स्वामी का नाम, पिता का नाम/पति का नाम | अर्जित भूमि का विवरण | | | किस्म भूमि | गाईड लाईन 2025-26 (असिंचित भूमि का मूल्य) 1760000 प्रति हे. x 2 गुणांक = 3520000 | गाईड लाईन अनुसार भूमि का मुआवजा | | | पुनर्वास नीति 6,8,10 के अनुसार भूमि का मुआवजा | | अधिकतम देय मुआवजा | पुनर्वास अनुदान भूमि के मूल्य का 50 प्रतिशत अधिकतम 5 लाख | कुल देय मुआवजा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | खसरा | एकड़ | हेक्टेयर | | | भूमि का | 100 प्रतिशत तोषण | योग | दर प्रति एकड़ | मुआवजा राशि | | | |
| 1 | रामकिशुन पिता लिखन, दुलौरीन बाई पिता लिखन, ननकईया बाई बेवा लिखन सा.दे. मरार भू.स्वा. जाति | 3/13 | 0.32 | 0.130 | पड़ती | 3520000 | 457600 | 457600 | 915200 | 600000 | 192000 | 915200 | 457600 | 1372800 |
| 2 | दुलारी पिता लिखन, दुलौरीन बाई पिता लिखन, ननकईया बाई बेवा लिखन, सा. दे.भू. स्वा. जाति मरार | 3/20 | 0.25 | 0.101 | पड़ती | 3520000 | 355520 | 355520 | 711040 | 600000 | 150000 | 711040 | 355520 | 1066560 |
| योग 02 | | 2 | 0.57 | 0.231 | - | - | 813120 | 813120 | 1626240 | - | 342000 | 1626240 | 813140 | 2439360 |

जी. 262704428/2 कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित प्रारूप "क" — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 6401



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

**शब्द पहेली- 6400 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ह | का | रि | ता | | अ | चा | न | क |
| छा | र | | य | | ना | वि | क | | त | र |
| थ | | त | र | जु | मा | | ल | ता | | दा |
| मा | कू | ल | | | र | थ | | क | वि | ता |
| र | | घ | | फ | ना | | खा | | र | |
| ना | म | र | ख | ना | | रा | ज | म | ह | ल |
| | थ | | त | | मो | ह | | ह | | प |
| क | ना | त | | रा | ह | | | क | पा | ल |
| र | | ना | प | | त | म | क | ना | | पा |
| ता | ना | | ली | ड | र | | थ | | का | ना |
| र | च | वि | ता | | मा | ख | न | चो | र | |

## सूडोकु नवताल - 6411

कठिन



MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6410 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## खबर संक्षेप

### हिंडाल्को का लाभ 59 फीसदी बढ़कर 7,533 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख धातु कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 58.8 प्रतिशत बढ़कर 7,533 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 4,741 करोड़ रुपये था।

### ब्रिटानिया का मुनाफा 10.8% बढ़कर 726 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** बेकरी उत्पाद बनाने वाली कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 725.99 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 655.06 करोड़ रुपये के मुकाबले 10.82 प्रतिशत अधिक है। सितंबर तिमाही में 16.6 प्रतिशत बढ़कर 5,541.57 करोड़ रुपये हो गया।

### नियो ग्रुप ने म्यूचुअल फंड कारोबार किया शुरू

**नई दिल्ली।** नियो वेल्थ एंड एसेट मैनेजमेंट (नियो ग्रुप) ने अपनी वित्तीय सेवा पेशकश का विस्तार करने की योजना के तहत नियो म्यूचुअल फंड की शुरुआत के साथ म्यूचुअल फंड कारोबार में प्रवेश की शुक्रवार को घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा कि नियो म्यूचुअल फंड ने करीब 10 अनुभवी फंड प्रबंधकों को अपने साथ जोड़ा है।

### गॉडफ्रे फिलिप्स के मुनाफे में 37 प्रतिशत गिरावट



**नई दिल्ली।** सिगरेट बनाने वाली कंपनी गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 37.73 प्रतिशत घटकर 189.90 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने इसका कारण कर में वृद्धि को बताया है। जुलाई-सितंबर तिमाही में 304.99 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी नियामकीय सूचना में बताया कि सितंबर तिमाही में उसका परिचालन राजस्व दोगुना होकर 4,198.17 करोड़ रुपये हो गया।

### आर्सेलरमित्तल को 39.1 करोड़ डॉलर का घाटा




**नई दिल्ली।** वैश्विक इस्पात कंपनी आर्सेलरमित्तल का घाटा 2026 की सितंबर तिमाही में 39.1 करोड़ डॉलर रहा। यूरोप में ऊर्जा लागत बढ़ने के कारण कंपनी को घाटा हुआ। लक्जमबर्ग स्थित इस्पात कंपनी को पिछले साल की समान तिमाही में 37.7 करोड़ डॉलर की शुद्ध आय हुई थी। कंपनी भारत में भी कारोबार करती है।

### नोएल टाटा 12 नवंबर को टाइटन से होंगे सेवानिवृत्त

**नई दिल्ली।** टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल एन टाटा आभूषण एवं घड़ी बनाने वाली प्रमुख टाइटन कंपनी लिमिटेड के निदेशक एवं वाइस चेयरमैन पद से 12 नवंबर, 2026 को हट जाएंगे। यह कदम टाटा समूह के संचालन संबंधी दिशानिर्देशों के तहत समूह की कई कंपनियों के निदेशक मंडल से नोएल टाटा (69) के हटने की प्रक्रिया का हिस्सा है। 'हम सूचित करना चाहते हैं कि टाटा समूह के संचालन संबंधी दिशानिर्देशों के अनुरूप नोएल एन. टाटा 12 नवंबर, 2026 से कंपनी के गैर-कार्यकारी, गैर-स्वतंत्र निदेशक एवं वाइस चेयरमैन के पद से सेवानिवृत्त होंगे।'

# सोने का भाव 1.68 लाख प्रति 10 ग्राम तक पहुंचने का अनुमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू बाजार में सोने की कीमत अगले 6-12 महीनों में बढ़कर 1.60-1.68 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती है। निवेश मांग जारी रहने और केंद्रीय बैंकों की खरीदारी के बीच दाम बढ़ने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

- वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतें 4,500-4,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच जाएंगी

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल) ने अपनी ताजा तिमाही सर्राफा रिपोर्ट में अनुमान लगाया कि मध्यम अवधि में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतें 4,500-4,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच जाएंगी, जबकि अल्पावधि में घरेलू कीमतें 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पास रह सकती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले वर्ष की असाधारण तेजी के बाद अमेरिकी ब्याज दरों में वृद्धि के अनुमान, मुद्रास्फीति के जारी रहने, ऊंचे बॉन्ड प्रतिफल और वैश्विक घटनाक्रमों के बीच 2026 में बहुमूल्य धातुओं में उतार-चढ़ाव देखा गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमत जनवरी 2026 में लगभग 5,600 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, जो बाद में घटकर 4,000 अमेरिकी डॉलर से नीचे आ गईं और फिर उनमें सुधार हुआ।

**मोतीलाल ओसवाल सर्विसेज ने तिमाही सराफा रिपोर्ट में लगाया अनुमान**


#### सोना सुरक्षित संपत्ति के रूप में महत्व बनाए हुए

एमओएफएसएल के जिंस शोध प्रमुख नवनीत दमानी ने कहा, "वैश्विक आर्थिक और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सोना एक सुरक्षित संपत्ति के रूप में अपना महत्व बनाए हुए है। हालांकि, निकट भविष्य में इसकी दिशा फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति, मुद्रास्फीति के रुझान, अमेरिकी डॉलर की चाल और वास्तविक बॉन्ड प्रतिफल से निर्धारित होगी।"



#### वर्ष 2025 में तेज उतार-चढ़ाव देखे गए

चांदी भी 100 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के पार जाने के बाद तेज गिरावट का शिकार हुई। रुपया-डॉलर विनिमय दर में उतार-चढ़ाव ने घरेलू सर्राफा कीमतों में अस्थिरता को और बढ़ा दिया। रिपोर्ट में कहा गया कि 2025 की एकतरफा तेजी के विपरीत, इस साल बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में अधिक तेज उतार-चढ़ाव देखे गए हैं, जो बदलती वैश्विक वृहद आर्थिक स्थितियों और मौद्रिक नीति से जुड़ी उम्मीदों को दर्शाते हैं।




## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.69 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 2.69 अरब डॉलर घटकर 717.06 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 1.27 अरब डॉलर घटकर 719.75 अरब डॉलर रहा था। प्रवासी भारतीयों की जमा पर विशेष रियायती अदला-बदली योजना के तहत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा आने से चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इस योजना के जरिये बैंकों ने करीब 133 अरब डॉलर की रिकॉर्ड राशि जुटाई है।

# महानदी कोलफील्ड्स को मिली आईपीओ लाने की सेबी से मंजूरी

- कोल इंडिया बेचेगी 10 प्रतिशत हिस्सेदारी
- कोल इंडिया लिमिटेड 66,18,36,300 तक इक्विटी शेयर बेचेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओडिशा स्थित महानदी कोलफील्ड्स लि. को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये पूंजी जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है।

मामले से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। सेबी ने चार नवंबर को कंपनी के निर्गम के मसौदा दस्तावेजों पर अंतिम टिप्पणी जारी की। नियामक की टिप्पणी आईपीओ प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके बाद कंपनी संबंधित नियामकीय आवश्यकताओं को पूरा करते हुए सार्वजनिक निर्गम की आगे की तैयारी कर सकती है। महानदी कोलफील्ड्स लि. (एमसीएल) ने सितंबर में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना मसौदा विवरण-पत्र दाखिल किया था। प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा। इसमें कंपनी की प्रवर्तक कोल इंडिया लिमिटेड 66,18,36,300 तक इक्विटी शेयर बेचेगी। चूंकि यह पूरी तरह बिक्री पेशकश है, इसलिए सार्वजनिक निर्गम से एमसीएल को कोई राशि नहीं मिलेगी और पूरी रकम शेयर बेचने वाली कंपनी कोल इंडिया के पास जाएगी।



#### कोल इंडिया के उत्पादन में महानदी की हिस्सेदारी 28 फीसदी

वित्त वर्ष 2025-26 में कोल इंडिया के कुल कोयला उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी 28 प्रतिशत रही। कोल इंडिया देश के घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान करती है। प्रस्तावित सूचीबद्धता पूंजी बाजार के जरिये अपनी अनुषंगी कंपनियों का मूल्य बढ़ाने की कोल इंडिया की व्यापक योजना का हिस्सा है।

#### बीसीसीएल और सीएमपीडीआई हो चुकी सूचीबद्ध

कोल इंडिया इस साल अपनी दो अनुषंगी कंपनियों- भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) को जनवरी और सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टिट्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआई) को मार्च में शेयर बाजार में सूचीबद्ध करा चुकी है।

# महिंद्रा चार एसयूवी समेत पांच नए वाहन करेगी पेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिंद्रा एंड महिंद्रा अगले साल जून तक चार स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) और एक हल्का वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) पेश करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी मांग को पूरा करने के लिए अपनी उत्पादन क्षमता भी बढ़ा रही है।



महिंद्रा एंड महिंद्रा के वाहन और कृषि कारोबार के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजेश जेजुरिकर ने कहा, 'हम 2027 की पहली छमाही में पांच बड़े उत्पाद पेश करेंगे। इनमें एनयू-आईक्यू प्लेटफॉर्म पर आधारित एक नया उत्पाद, एक बिल्कुल नया बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) 'लाइफस्टाइलर', मौजूदा मॉडल का नया संस्करण और एक नया हल्का वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) शामिल है। चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में महिंद्रा ने 1,83,000 लाख एसयूवी की बिक्री की। वहीं, कंपनी की इलेक्ट्रिक वाहन बिक्री 23,345 इकाई रही, जो उसके यात्री वाहन कारोबार की कुल बिक्री का 12.7 प्रतिशत है।

### बचत के लिए म्यूचुअल फंड पहली पसंद

नई दिल्ली। भारत में बचत और निवेश करने वालों के बीच म्यूचुअल फंड सबसे पसंदीदा विकल्प हैं, लेकिन बैंक की सावधि जमा (एफडी) और आवर्ती जमा (आरडी) का आकर्षण भी बरकरार है। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

## निविदा सूचना

सोसायटी फॉर एक्शन इन कम्युनिटी हेल्थ (SACH), राज्य स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (SHSRC), छत्तीसगढ़ की ओर से, लैपटॉप एवं डेस्कटॉप कम्प्यूटरों की आपूर्ति के लिए पात्र निर्माताओं, कंपनियों, वितरकों एवं अधिकृत डीलरों से खुली निविदाएँ आमंत्रित करती है।

निविदा दस्तावेज अधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं: https://sachindia.org/tenders

**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 07 दिसंबर 2026, 05:00 PM**

**अधिकृत हस्ताक्षरी**
**सोसायटी फॉर एक्शन इन कम्युनिटी हेल्थ (SACH)**
**बुढ़ापारा, बिजली ऑफिस चौक, कालीबाड़ी, रायपुर-492 001**

## OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION KORBA

**e-Procurement Tender Notice Main**
**Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT No :39502/2026 Korba Dated 03.11.2026

| Sr No. | System Tender No. | Name of Work/Description of Work | Probable Amount of Contract (In Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 203419 (1st Call) | Construction of hall at ward no 18 pipar para, kohadiya, near nahar kabir choura (MLA Fund ) | 8.47 |

The details can be viewed directly from the Government of Chhattisgarh http://eproc.cgstate.gov.in from 03.11.2026 at 15:00 Hours. (IST) onwards.

**Executive Engineer**
**Municipal Corporation**
**Korba (C.G.)**

## पूर्वोत्तर आयुर्वेद और लोक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान

(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान)
NORTH EASTERN INSTITUTE OF AYURVEDA & FOLK MEDICINE RESEARCH
(An Autonomous Institute under the Ministry of Ayush, Government of India)

अभि. संख्या RH-15017/1/2025-NEIAFMR-RW/ दिनांक पासीघाट 12 अक्टूबर 2026

**विज्ञापन संख्या 04/2026**
**वॉक-इन-इंटरव्यू**

एनएमपीबी द्वारा वित्त पोषित परियोजना ''एनईआईएएफएमआर परिसर, पासीघाट, अरुणाचल प्रदेश में क्षेत्रीय रॉ ड्रग भंडार की स्थापना'' के अंतर्गत निम्नलिखित अस्थायी परियोजना-आधारित पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों की नियुक्ति हेतु 09.11.2026 को सुबह 10:30 बजे एनईआईएएफएमआर, पासीघाट, अरुणाचल प्रदेश में वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा।

1. प्रोजेक्ट एसोसिएट-II (टेक्सोनॉमी)-01 पद
2. प्रोजेक्ट एसोसिएट-II (फार्माकोग्नोसी)-01 पद
3. प्रोजेक्ट एसोसिएट-I (केमेस्ट्री)-01 पद
4. प्रोजेक्ट एसोसिएट-I (माइक्रोबायोलॉजी)-01 पद
5. प्रोजेक्ट एसोसिएट-I (आईटी)-01 पद
6. वैज्ञानिक प्रशासनिक सहायक-01 पद
7. फील्ड वर्कर-02 पद

पदवार योग्यता, अनुभव, आयु सीमा और वेतनमान संस्थान की वेबसाइट **www.neiafmr.org.in** पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन में दिए गए हैं।

इच्छुक और पात्र उम्मीदवार निर्धारित आवेदन पत्र और मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपर्युक्त तिथि और समय पर साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं।

**नोट:** ये नियुक्तियाँ पूरी तरह से अस्थायी और संविदात्मक हैं, जो परियोजना की समाप्ति के साथ समाप्त हो जाएँगी। नियमित नियुक्ति के लिए कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। साक्षात्कार में शामिल होने के लिए कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा।

**निदेशक (प्रभारी)**
**एनईआईएएफएमआर, पासीघाट**

cbc 17218/11/0006/2627

## भारत सरकार
## आयुष मंत्रालय
## रिक्ति परिपत्र

**विषय: केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (CCRH), नई दिल्ली में महानिदेशक के एक (01) पद को प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक संविदा के आधार पर भरने के संबंध में।**

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त अनुसंधान संगठन, केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (CCRH), नई दिल्ली में महानिदेशक के एक (01) पद को भरने का प्रस्ताव है।

उक्त पद 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के स्तर-14 (रू.1,44,200-रू.2,18,200) में है। इस पद पर नियमानुसार स्वीकार्य गैर-अभ्यास भत्ता (NPA) एवं अन्य भत्ते देय होंगे। पद को प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक संविदा के आधार पर पाँच (05) वर्ष की अवधि अथवा पदधारी की अधिवर्षिता आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, भरा जाएगा।

पात्रता. की विस्तृत शर्तें तथा निर्धारित आवेदन प्रारूप क्रमशः अनुलग्नक-I एवं अनुलग्नक-II में उपलब्ध हैं। ये आयुष मंत्रालय की वेबसाइट (https://ayush.gov.in) तथा केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद की वेबसाइट (https://ccrhindia.ayush.gov.in) पर भी उपलब्ध हैं।

पात्र अभ्यर्थी अपना पूर्ण आवेदन उचित माध्यम से अग्रेषित कर अवर सचिव, होम्योपैथी अनुभाग, आयुष मंत्रालय, आयुष भवन, बी-ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली-110023 (दूरभाष: 011-24651970) को रोजगार समाचार में इस रिक्ति परिपत्र के प्रकाशन की तिथि से 45 दिनों के भीतर भेजें। अग्रिम आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**CBC 17201/11/0021/2627**

## OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR (C.G.)

**Gem Portal Tender Notice (Section)**
**Main Portal: http://Gem.gov.in (3rd Call)**

**NIT NO: 05/Zone 02/2026** **RAIPUR DATED: 05/11/2026**

Online bids are invited for the following works up to **16/11/2026** at 17:00 hours.

| Sr. No | System Tender No. | Name of work/ Description of work | Nos. Of Employees | Probable amount of contract | Earnest Money Deposit | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GEM/2026/B/8243452 | जोन क्र. 02 अंतर्गत उड़नदस्ता टीम, हल्के वाहन चालक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, कार्य-सहायक, चपरासी एवं चौकीदार प्लेसमेंट एजेंसी के तहत 01 वर्ष के लिए रखे जाने बाबत। | 50 | 10622100.00 | 106000.00 | 12 Months |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Procurement Portal : **http://Gem.gov.in** from **05/11/2026** on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**NOTE**: - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.

**ZONE COMMISSIONER**
**(ZONE NO. 02)**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**

घरों से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

**मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)**

फा.क्र./33689, 389150, 388918, 388871 एवं 395994/ निर्माण (कोरबा जोन)/2026
कोरबा, दिनांक 04.11.2026

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा (भवन / विद्युत) कार्य हेतु दिनांक 10.06.2026 से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) शेड्युल अनुसार प्रतिषत दरों पर निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर त्रि-लिफाफा पद्धति माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने अंतिम तिथि - 30.11.2026 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 30.11.2026 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि में | धरोहर राशि रू में |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 09 अमीर साय के घर से मोहन बसोड़ के घर तक सी.सी. रोड एवं नाली का निर्माण कार्य। (पार्षद मद 2026-27) | 5,93,758/- | 5300/- |
| 2 | ववार्ड क्र. 11 में सांस्कृतिक मंच एवं चबूतरा का विकास कार्य। (पार्षद मद 2026-27) | 5,93,221/- | 5300/- |
| 3 | वार्ड क्र. 12 लक्ष्मण्बन तालाब के पास नई बस्ती में चबूतरा एवं पंडाल का निर्माण कार्य। (पार्षद मद 2026-27) | 5,93,097/- | 5300/- |
| 4 | वार्ड क्र. 13 शारदा विहार के विभिन्न स्थानों में रोड एवं नाली का निर्माण कार्य। (पार्षद मद 2026-27) | 5,93,213/- | 5300/- |
| 5 | वार्ड क्र. 14 अमरैयापारा राठौर गली एवं श्रीवास गली में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। (पार्षद मद 2026-27) | 5,93,268/- | 5300/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राषि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website : www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संषोधन किया जाता है तो विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम**
**कोरबा (छ.ग.)**

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

## कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास

**ब्लॉक-04 डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ़)**
**Website - tribal.cg.gov.in-2263708**
**E mail - ctd.cg@nic.in, yuvacarriernirman@gmail.com**

क्रमांक/GENCOR/15045/2025-CGACE नवा रायपुर, अटल नगर

**संक्षिप्त विज्ञप्ति**

**CG-ACE योजना 2026 के "शिखर (भाग-1)" अंतर्गत नई दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी / कोचिंग हेतु अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र का आमंत्रण वर्ष 2026-27**

CG-ACE योजना 2026 के "शिखर (भाग-1)" अंतर्गत राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को नई दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र का आमंत्रण किया जाता है, विवरण निम्नानुसार है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन पत्र जमा करने की प्रारंभिक तिथि | 06/11/2026, दिन शुक्रवार |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि | 30/11/2026, दिन सोमवार रात्रि 11.59 बजे तक |
| 3 | ऑनलाईन आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार | 01/12/2026 से 04/12/2026 तक रात्रि 11.59 बजे तक |
| 4 | प्राक्चयन परीक्षा आयोजित करने की संभावित तिथि | 13.12.2026, दिन रविवार |
| 5 | ऑनलाईन आवेदन जमा करने हेतु वेबसाइट | https://hmstribal.cg.nic.in |

विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं योजना नियमावली विभाग की वेबसाईट https://hmstribal.cg.nic.in से ऑनलाईन अवलोकन एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**आयुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**नवा रायपुर अटल नगर छ.ग.**

जी-262704447/1

## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
## सामान्य वनमण्डल दुर्ग

**पुलगांव डिपो का ई-ऑक्शन का संक्षिप्त विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि दुर्ग वनमण्डल, दुर्ग के अधिनस्थ शासकीय डिपो पुलगांव, अण्डा, सुपेला, पाटन, वन परिसर कुम्हारी, धमधा, बेमेतरा, नवागढ़, नांदघाट, साजा, एवं अन्य डिपो में संग्रहित ईमारती काष्ठ, चिरान, जलाऊ एवं बल्ली, डेंगरी, का ई-ऑक्शन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / संबंधित परिक्षेत्र कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। ई-ऑक्शन में रखे जाने वाले अनुमानित मात्रा :- नीलाम तिथि- 16/11/2026, समय - प्रातः 9.00 बजे

नया ईमारती काष्ठ/जलाऊ चट्टा

| परिक्षेत्र | डिपो | प्रजाति | लट्ठा (घ.मी.) | जलाऊ |
|---|---|---|---|---|
| दुर्ग | अण्डा | मिश्रित लट्ठा/चट्टा | 30.322 | 53 |
| बेमेतरा | नवागढ़ | सागौन लटठा/मिश्रित लट्ठा | 61.130 | 0 |
| बेमेतरा | नांदघाट | मिश्रित चट्टा | 0 | 138 |
| | | योग:- | 91.452 | 191 |

अविक्रित ईमारती काष्ठ/जलाऊ चट्टा

| परिक्षेत्र | डिपो | प्रजाति | लट्ठा (घ.मी.) | चिरान | बल्ली | डेंगरी | जलाऊ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुर्ग | पुलगांव | सागौन लटठा, बल्ली / डेंगरी | 641.794 | 0 | 39597 | 35903 | 6 |
| | पुलगांव | आम लटठा | 1.166 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| दुर्ग | पुलगांव | अन्य मिश्रित लटठा | 92.187 | | | | |
| दुर्ग | पाटन | सागौन लटठा, सागौन बल्ली / डेंगरी, साल, कहुआ एवं मिश्रित लटठा, / कहुआ चिरान / कहुआ चट्टा | 8.405 | 5.143 | 203 | 582 | 38 |
| दुर्ग | सुपेला | सागौन लटठा, निलगिरी, कहुआ लट्ठा / मिश्रित जलाऊ | 12.136 | 0 | 0 | 0 | 9 |
| दुर्ग | अण्डा | मिश्रित चट्टा | | | | | 11 |
| धमधा | धमधा | सागौन लट्ठा/सागौन डेगरी / अर्जुन एवं अन्य लट्ठा/अन्य जलाऊ | 0 | 0.549 | 0 | 0 | 4 |
| धमधा | कुम्हारी | सोफा फ्रेम, बत्ता चिरान, मिश्रित जलाउ | 3.714 | 0 | 0 | 22 | 3 |
| बेमेतरा | बेमेतरा | सागौन लटठा, | 3.032 | 0 | 0 | 0 | 8 |
| साजा | साजा | सागौन लट्ठा/सागौन बल्ली/सागौन डेंगरी | 14.580 | 0 | 110 | 23 | |
| | | योग:- | 777.014 | 5.692 | 39910 | 36530 | 79 |

टीप :- (1) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। (2) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। (3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में अपने आईडी से लॉग-इन करके देख सकते है।। (4) ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओ द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा। (5) सफल क्रेताओं को अपना पूर्ण पता, मो.नं., पैन कार्ड एवं GST की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

फोन नं. 75870-13100, ई-मेल: dfodurg@gmail.com

जी. 262704442/1

**वनमण्डलाधिकारी दुर्ग वनमण्डल, दुर्ग (छ.ग.)**

- वैश्वक बाजारों में रही भारी गिरावट
- विदेशी निवेशकों की रही लगातार खरीदारी
- कच्चे तेल की नरमी से निवेशकों की धारणा मजबूत

## निफ्टी नौ महीने के शीर्ष पर पहुंचा

# धनतेरस पर झूम उठा शेयर बाजार सेंसेक्स में 1,718 अंकों का उछाल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*वैश्विक बाजारों में भारी गिरावट के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला शुक्रवार को लगातार सातवें कारोबारी सत्र में जारी रहा। विदेशी निवेशकों की लगातार लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से मजबूत हुई निवेशक धारणा के बीच सेंसेक्स 1,718 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी फिर से 25,000 अंक के पार पहुंच गया।*

विश्लेषकों के मुताबिक, दूसरी तिमाही में कंपनियों के बेहतर वित्तीय नतीजों और रुपये में मजबूती से भी बाजार की धारणा को समर्थन मिला। इसके साथ ही शेयर बाजार में दिवाली का त्योहारी उत्साह भी बना हुआ है। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,718.01 अंक चढ़कर दिन के उच्चतम स्तर 81,028.02 अंक पर बंद हुआ।

### निफ्टी 25 हजार के पार

एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 493.75 अंक यानी 2.01 प्रतिशत की तगड़ी बढ़त के साथ दिन के उच्चतम स्तर 25,030.35 अंक पर बंद हुआ। यह निफ्टी का नौ महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है।

### महिंद्रा के शेयर में रही सबसे अधिक तेजी

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 6.15 प्रतिशत चढ़ा। कंपनी ने एक दिन पहले कहा था कि सितंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत बढ़कर 4,587.88 करोड़ रुपये रहा। वाहन कारोबार में मजबूत राजस्व वृद्धि से कंपनी के लाभ को समर्थन मिला।

*सात कारोबारी सत्रों में रही तेजी*

*पिछले लगातार सात कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 7,781.99 अंक यानी 10.62 प्रतिशत चढ़ चुका है, जबकि निफ्टी में 2,331.5 अंक यानी 10.27 प्रतिशत की तेजी आई है। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 2,008.61 अंक यानी 2.60 प्रतिशत उछलकर 79,310.01 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 576 अंक यानी 2.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,536.60 अंक पर बंद हुआ था।*



**सेंसेक्स के शेयरों में मात्र पावर ग्रिड में रही गिरावट**

इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में भी बढ़त रही। चौतरफा तेजी के बीच सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 कंपनियों में से केवल पावर ग्रिड का शेयर ही गिरावट में रहा।

**स्मालकैप में रही गिरावट :** व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.23 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.92 प्रतिशत की गिरावट आई। इस कारोबारी सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स ने 6,568.49 अंक यानी 8.82 प्रतिशत की जोरदार बढ़त दर्ज की जबकि एनएसई निफ्टी ने कुल 1,977.25 अंक यानी 8.57 प्रतिशत की छलांग लगाई।

### एयरटेल दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बनी

भारती एयरटेल ने शुक्रवार को बाजार पूंजीकरण के लिहाज से जियो प्लेटफॉर्म्स को पीछे छोड़ते हुए दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी का स्थान फिर से हासिल कर लिया। बीएसई पर भारती एयरटेल के शेयर 1.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,096.25 रुपये पर बंद हुए। कारोबार के दौरान शेयर में 2.81 प्रतिशत की तेजी आई और यह 2,120 रुपये तक पहुंच गया। वहीं, जियो प्लेटफॉर्म्स का शेयर 0.90 प्रतिशत गिरकर 1,405.75 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान शेयर में दो प्रतिशत तक की गिरावट आई और यह 1,390 रुपये पर आ गया। कारोबार के अंत में भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 13 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि जियो प्लेटफॉर्म्स का बाजार मूल्यांकन 12.94 लाख करोड़ रुपये था।

## गिफ्ट सिटी में अब डिबेंचर और तरजीही शेयर होंगे सूचीबद्ध

नई दिल्ली। भारतीय कंपनियां अब गुजरात की गिफ्ट सिटी स्थित अंतरराष्ट्रीय शेयर बाजारों में इक्विटी शेयरों के अलावा परिवर्तनीय डिबेंचर और तरजीही शेयर भी सूचीबद्ध करा सकेंगी। सरकार ने विदेशों में सूचीबद्धता के नियमों में ढील देते हुए यह अनुमति दी है। इसके अलावा, कुछ शर्तों के साथ गैर-सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनियों और नकारात्मक नेटवर्थ वाली कंपनियों को भी विदेशों में सूचीबद्ध होने की अनुमति दी गई है। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने तीन नवंबर को कंपनी (अनुमत क्षेत्रों में इक्विटी साधनों की सूचीबद्धता) संशोधन नियम, 2026 अधिसूचित किए। इन बदलावों का उद्देश्य भारतीय कंपनियों के लिए विदेशी पूंजी बाजारों से धन जुटाना आसान बनाना है। परामर्शदाता कंपनी नांगिया ग्लोबल में एसोसिएट पार्टनर अंजलि मल्होत्रा ने कहा संशोधन के तहत 'इक्विटी शेयर' की जगह 'इक्विटी साधन' शब्द का इस्तेमाल किया गया है। इससे इक्विटी शेयर, परिवर्तनीय डिबेंचर और तरजीही शेयर भी विदेशों में सूचीबद्धता के दायरे में आ गए हैं। नकारात्मक नेटवर्थ वाली कंपनियां भी विदेशों में सूचीबद्ध हो सकेंगी, बशर्ते शुद्ध पेशकश का कम से कम 75 प्रतिशत हिस्सा पात्र संस्थागत खरीदारों को आवंटित किया जाए।

## केंद्र ने चावल, धान के भंडार की घोषणा अनिवार्य की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- दक्षिणी राज्यों को स्टॉक सीमा लगाने की अनुमति
- जमाखोरी रोकने भंडार सीमा लगाने की दी अनुमति

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को देशभर के व्यापारियों, खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं, प्रसंस्करणकर्ताओं और मिल मालिकों के लिए चावल एवं धान के भंडार की घोषणा करना अनिवार्य कर दिया है। साथ ही, जमाखोरी रोकने के लिए पांच दक्षिणी राज्यों को चावल और धान पर भंडार सीमा लगाने की अनुमति दी है।

चावल की कीमत बढ़ने के बीच यह कदम उठाया गया है। छह नवंबर के आदेश के तहत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी खुदरा दुकानों, प्रसंस्करणकर्ताओं और मिल मालिकों को छह श्रेणियों में अपने भंडार की जानकारी देनी होगी। इनमें बासमती चावल, गैर-बासमती प्रीमियम चावल, गैर-बासमती चावल, उसना चावल, टूटे चावल और धान शामिल हैं। खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भंडार रखने वाली सभी इकाइयों को हर शुक्रवार खाद्य भंडार पोर्टल (फूडस्टॉक डॉट डीएफपीडी डॉट जीओवी डॉट इन) पर अपनी जानकारी अद्यतन करनी होगी। पोर्टल पर पंजीकरण नहीं कराने या भंडार सीमा का उल्लंघन करने वाली इकाइयों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा छह और सात के तहत कार्रवाई की जाएगी। केंद्र ने छह नवंबर को जारी एक अलग पत्र में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना को नियंत्रण आदेशों के जरिए धान और चावल पर भंडार सीमा लगाने की मंजूरी दी है।

**सीमाएं 31 जनवरी 2027 तक लागू रहेंगी** – एक सरकारी बयान के अनुसार, ये सीमाएं 31 जनवरी, 2027 तक लागू रहेंगी। केंद्र और राज्य सरकारें इन आदेशों के क्रियान्वयन की निगरानी करेंगी, ताकि बाजार में पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो और जमाखोरी तथा कालाबाजारी रोक लगाई जा सके।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### छत्तीसगढ़ में धनतेरस .....

कारोबार हुआ। राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश के सभी शहरों के बाजार में धनतेरस पर सुबह से लेकर रात कर जमकर खरीदारी हुई। सबसे ज्यादा रस रात के समय रहा। रात के समय लोगों ने फुर्सत के साथ अपनी पसंद के सामान की खरीदारी की। हर सेक्टर के बाजार में देर रात तक ग्राहकों का मेला लगा रहा।

महंगे मोबाइल और एलईडी खूब बिके

इलेक्ट्रॉनिक आइटमों में बड़ी एलईडी, कंप्यूटर, फ्रीज, वाशिंग मशीन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स के साथ मोबाइल का भी जमकर कारोबार हुआ। कई कंपनियों ने नए मॉडल लांच किए हैं। मालवीय रोड व्यापारी संघ के राजेश वासवानी के मुताबिक गांवों के लोगों ने भी महंगे मोबाइल के साथ महंगे एलईडी की खरीदारी की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल सेक्टर को मिलाकर प्रदेश भर में 1000 करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है। बर्तन, फर्नीचर, कपड़ों का बाजार भी गुजजार

धनतेरस पर बर्तनों की खरीदी को भी शुभ माना जाता है, सुबह से लेकर रात तक लोगों ने बर्तनों की भी जमकर खरीदी की। इसी के साथ फर्नीचर में स्टॉल की अलमारी के अलावा लकड़ी के भी फर्नीचर भारी संख्या में बिके हैं। कपड़ा बाजार भी गुलजार रहा। इसके अलावा गिफ्ट और मिठाई की दुकानों में भी भारी भीड़ रही। इन सब सेक्टरों को मिलाकर प्रदेश में 1000 करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है।

### 2500 करोड़ का ....

खरीदा। जो पहले दो तोला सोना लेते थे, वो इस बार एक तोला से भी कम ही ले पाए। इसी तरह से चांदी के जेवर और चांदी भी अपने बजट के हिसाब के कम मात्रा में ली। सराफा कारोबारियों के मुताबिक एक ही दिन में जहां रायपुर में हजार करोड़ का कारोबार हुआ है, वहीं पूरे प्रदेश में ढाई हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है। रायपुर सराफा कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी ने बताया धनतेरस पर सोने से ज्यादा चांदी के सिक्के खूब बिके। इसी के साथ चांदी का अष्टलक्ष्मी लोटा, श्रीयंत्र, कुबेर यंत्र, लक्ष्मी-गणेश मूर्ति, कछुआ की ज्यादा बिक्री हुई है। सराफा कारोबारी हरख मालू के मुताबिक सोने और चांदी के दाम ज्यादा होने के कारण लोगों ने अपने बजट के हिसाब से खरीदारी की है।

### धनतेरस पर सोना-चांदी ....

देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 10,934 रुपए महंगा हुआ है। वहीं, चांदी 47,552 रुपए सस्ती हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10g सोना 1.33 लाख रुपए था, जो अब 1.41 लाख रुपए पहुंच गया है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो 1.83 लाख रुपए हो गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

### यात्रियों से भरी ....

साधूगढ़ और पटियाला के सराय बंजारा रेलवे स्टेशन के बीच हुई। सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन, दमकल विभाग और राहत टीमों को अलर्ट किया गया। रेलवे के अनुसार, ट्रेन नंबर 12508 कर्मभूमि एक्सप्रेस अमृतसर से पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी जा रही थी। हादसा दोपहर करीब सवा 1 बजे हुआ। सरकारी रेलवे पुलिस ने बताया कि कोच के पंखे में शॉर्ट सर्किट होने के कारण यह घटना हुई। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

सीनियर डीसीएम बोले- कोई हताहत नहीं

उन्होंने बताया कि आग से तीन कोच पूरी तरह प्रभावित हुए, जबकि चौथा कोच भी आंशिक रूप से चपेट में आया। ये ट्रेन अनारक्षित थी। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं, उत्तरी रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि सराय बंजारा स्टेशन के पास ट्रेन का सेफ्टी सिस्टम सक्रिय होने के बाद ट्रेन रुक गई।

### हाईटेंशन तार की ....

उनके मकान से महज पांच फीट की दूरी से हाईटेंशन गुजर रहा है। साफ सफाई के दौरान घर के बाहर से गुजर रहे हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में राकेश गुप्ता आ गए। पति को करंट की चपेट में आया देख उन्हें बचाने के प्रयास में पत्नी वर्षा गुप्ता और पुत्र ओम भी करंट की चपेट में आ गए। हादसे में राकेश और ओम की मौत हो गई, जबकि वर्षा गंभीर रूप से झुलस गईं। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें रायपुर रेफर कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे के वास्तविक कारणों और संभावित विभागीय लापरवाही का पता विद्युत सुरक्षा जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

### इतने करीब हाईटेंशन ...

की निष्पक्ष जांच कराने, विद्युत लाइन की स्थिति और सुरक्षा मानकों की जांच करने तथा जिम्मेदारों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही शहर के अन्य रिहायशी इलाकों में मकानों के नजदीक से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों का सुरक्षा ऑडिट कराने की मांग भी उठाई है।

### 6 साल में 3 गुना ....

रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के आदेश के बाद आईपीसी ने गंभीर मामलों का सालाना ब्योरा उपलब्ध कराया।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार...

ध्रुव और 12 वर्षीय पुत्र टोमेश ध्रुव के साथ बलौदाबाजार स्थित पोस्ट ऑफिस गए हुए थे। वहां से पैसे निकालने के बाद वे त्योहार की खरीदारी करने और घर लौटने के लिए निकले थे। परिवार को इस बात का रत्तीभर भी अंदाजा नहीं था कि यह सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर साबित होगा। जब वे ग्राम रवान मुख्य मार्ग में मंसा चौक के पास पहुंचे, तभी उनकी मोटरसाइकिल (क्रमांक एमपी 18 एम 1744) को तेज रफ्तार ट्रक (क्रमांक सीजी 08 एएक्स 6011) के चालक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिता और दोनों बच्चों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

**कार्यालय नगर पंचायत बिलाईगढ़, जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**
**Entail ID- npbilaigarh08@gmail.com**

क्र./ 1013 / न.पं./ लो.नि.वि./2026-27 — बिलाईगढ़, दिनांक 30/10/2026

**// प्रथम ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा Form-F (Lumpsum) अंतर्गत आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर क्र. | कार्य विवरण | अनु. लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | Tender Document Fee | समय सीमा | सक्षम श्रेणी | फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 203016 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Bilaigarh under SBM 2.0 (1st Call) | INR 235.46 LAKH | INR 1.50 Lakh TDR/ FDR in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, Nagar panchayat, Bilaigarh | INR 10000/- in the form of DD in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, Nagar panchayat, Bilaigarh | Construction Period-15 months (including rainy season) + 03 months of trial run (from the date of issuing of work order) | "B" and Above | 25.11.2026 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा/सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत बिलाईगढ़**

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज – अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का हीलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email- hbclassified375@gmail.com
Classified
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- वृंदावन परिसर बिलासपुर में कॉस्मेटिक ज्वेलरी दुकान में काम करने हेतु स्टाफ की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- महामाया कॉस्मेटिक एंड ज्वेलरी बिलासपुर 91116 11116 (42244)

आवश्यकता है- दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अरोरा बेकरी, बृहस्पति बाजार के पास, बिलासपुर 9827164721 (42240)

आवश्यकता है- बिलासपुर में घरेलू काम करने के लिए महिला एवं ऑफिस वर्क करने के लिए पुरुष कर्मचारी की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार इच्छुक एवं जरुरतमंद तत्काल सम्पर्क करें- 9993711248, 9109511248 (42237)

आवश्यकता है- Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 9644433021, 07752-337082 (42235)

आवश्यकता है- क्लीनिक में काम करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। (सैलरी 4000 से 5000, समय सुबह 10बजे से शाम 8बजे) सम्पर्क करें- राजीव प्लाजा के पास, पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर 7880210386 (42239)

आवश्यकता है- दिन में लॉज में कार्य करने हेतु वेटर की आवश्यकता है। रहने की सुविधा उपलब्ध। आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- किरण लॉज, गाँधी चौक बिलासपुर (42234)

आवश्यकता है- (1) सुरक्षा गार्ड-28 वेतन 17000 (2) कप्यूटर ऑपरेटर-3 अनुभव 2वर्ष टेंडर कार्य, ऑन लाइन, जेम, ऑफ लाइन वेतन 20000 (3)मार्केटिंग ऑफिसर -4 वेतन 40000 अनुभव 3वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA सम्पर्क करें- Alert sgs private limited कार्यालय : प्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर (छ.ग.) 7746000016,77470 00016 (815)

## बेचना है

बेचना है- नया मकान देवरीखुर्द विजय नगर बिलासपुर में 3 कमरों का डुप्लेक्स मकान हॉल, 3 बाथरूम किचन, पार्किंग सहित सर्व सुविधा युक्त मकान अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 9098251177, 8517872392 (42245)

बेचना है- ग्राम पंचायत गनियारी गांव में स्थित सर्व सुविधा युक्त सवा तीन एकड़ का फार्म हाउस अतिशीघ्र बेचना है खरीददार ही सम्पर्क करें- 7000773172 (42242)

बेचना है-नगर निगम सीमा से मात्र 8 किलो मीटर दूर गनियारी, बिलासपुर में डायवर्टेड प्लॉट 400 रुपए प्रति वर्गफुट पहले आएं, पहले पाएं। सम्पर्क करें- 7000773172, 7898333307, 78058 03607 (42243)

बेचना है- सरकंडा अशोक नगर में रघु विहार के पास 2566 वर्गफिट में 2BHK का मकान नवनिर्मित शीघ्र बेचना है दीपावली ऑफर रजिस्ट्री फ्री। सम्पर्क करें- 8770336700 (42246)

बेचना है- बुधिया काम्प्लेक्स सरकंडा मेन रोड फेसिंग 10×24 (240 वर्ग फिट) स्टेट बैंक सरकंडा से लगी दुकान बेचना है सम्पर्क करें- 93400 94419 (42241)

बेचना है- बिलासपुर, विद्या उपनगर, कृष्णा अपार्टमेंट के आगे में 35×30 एवं 35×60 के दो प्लाट टोटल 35×90= 3150 वर्गफिट का प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 9827171666 (कृपया दलाल सम्पर्क ना करें) (42232)

बेचना है-व्यापार विहार बिलासपुर में एक कमर्शियल प्लाट साईज 375 वर्गफीट एवं सिरगिट्टी में गोविन्द नगर में 3225 वर्गफुट प्लॉट शीघ्र बेचना है इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें - 9630083740, 9770676030 (42217)

बेचना है-भारत माला प्रोजेक्ट के पास नेशनल हाईवे 130A रोड से लगा 150 फ्रंट बाऊंड्री वाल से घिरा लिमतरा खैरा रोड पर स्थित (एक एकड़) जमीन शीघ्र बेचना सम्पर्क करें- 8349054531 (42185)

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 5.00 PM**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेनदेन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापनदाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला-मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:-मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:-मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:-मो.9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:-मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:-मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:-मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:-मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:-मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:-मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:-मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:-मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:-मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:-मो. 9827466133, 9907047586
- हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाइजमेंट:-मो. 8109229025

MedicareSpecialists
यौन रोग व यौन कमजोरी
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
क्या आपको किसी प्रकार के वायरस (बैक्टिरिया) संक्रमण रोग है जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी छाले, चमड़ी का फटना, खुजली, लाल होना, पेशाब में जलन या पीप आना, मुंह में छाले, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग हेपेटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक) रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। तुरंत खून की जाँच करायें। यदि खून का रिपोर्ट ठीक भी है और आप रोग से परेशान है तो भी इसका स्थायी जड़ से ईलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन में ही संभव है अन्य कोई उपाय नहीं है इसी को इम्यूनोथैरिपी कहा जाता है। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहें तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.वी. अग्रवाल (BAMS MD)
(यौन रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने
बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

# रणजी ट्रॉफी : त्रिपुरा ने सौराष्ट्र को हराकर किया बड़ा उलटफेर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के घरेलू क्रिकेट में रणजी ट्रॉफी का रोमांच जारी है। इसके चौथे राउंड में आखिरकार पृथ्वी शॉ रंग में नजर आए,जिसके चलते महाराष्ट्र की टीम ने बंगाल के विजयी अभियान को रोक दिया। वहीं, इस सीजन 400 रन की पारी से रिकॉर्ड बनाने वाले मिजोरम के चिन्मय सुतार ने एक बार फिर 175 रन की पारी खेलकर बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है।

अब पूरी दुनिया में फर्स्ट क्लास क्रिकेट की पहली पांच पारियों में सबसे अधिक 834 रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड उनके नाम हो गया है। चिन्मय के अलावा रणजी ट्रॉफी की कमजोर मानी जाने वाली त्रिपुरा की टीम ने भी बड़ा उलटफेर कर डाला। त्रिपुरा ने पूर्व रणजी चैंपियन सौराष्ट्र को 133 रन से हराकर सभी को चौंका दिया।



## त्रिपुरा ने सौराष्ट्र को चौंकाया

अगरतला के मैदान पर खेले गए मुकाबले में त्रिपुरा की टीम से श्रीदम पॉल ने 136 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाकर 86 रन की पारी खेली थी, जिससे त्रिपुरा की टीम ने पहली पारी में 268 का फाइटिंग टोटल बनाया। इसके मुकाबले सौराष्ट्र का कोई भी बल्लेबाज त्रिपुरा की गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सका। नतीजा यह रहा कि सौराष्ट्र की पहली पारी 118 रन पर सिमट गई। पहली पारी में बढ़त हासिल करने वाली त्रिपुरा ने दूसरी पारी में 191 रन का टोटल बनाया और सौराष्ट्र को चेज करने के लिए 342 का विशाल स्कोर दिया, जिसके जवाब में सौराष्ट्र की टीम 208 रन ही बना सकी और त्रिपुरा ने 133 रन के बड़े अंतर से पूर्व रणजी चैंपियन सौराष्ट्र की टीम को ढेर कर दिया।




## सुतार ने वर्ल्ड रिकॉर्ड से दिलाई जीत

मिजोरम की टीम से खेलने वाले चिन्मय सुतार ने रणजी ट्रॉफी सीजन में बल्ले से रनों की सुनामी ला रखी है। नागालैंड के खिलाफ 400 रन की नाबाद पारी खेल डाली थी। इसके बाद मेघालय के खिलाफ 125 रन और अब अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 175 रन की मैराथन पारी खेल डाली। इस तरह फर्स्ट क्लास क्रिकेट की दुनिया में पहली पांच पारियों में सबसे अधिक 834 रन बनाने वाले चिन्मय दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। अरुणाचल प्रदेश की टीम 285 और 257 रन ही बना सकी. इसके चलते मिजोरम को पारी और 29 रन से जीत मिली।

## हैदराबाद की एक विकेट से रोचक जीत

हैदराबाद के खिलाफ सिकंदराबाद के मैदान पर छत्तीसगढ़ की टीम ने पहली पारी में 284 रन का मजबूत स्कोर बनाया। मिलिंद ने तीन विकेट तो तीन विकेट रक्षण रेड्डी ने भी झटके। इसके बाद हैदराबाद के लिए राहुल रदेश ने 72 रन की पारी खेली तो उनकी टीम 280 रन ही बना सकी और पहली पारी के आधार पर छत्तीसगढ़ से चार रन पीछे रही। दूसरी पारी में छत्तीसगढ़ ने 254 रन का टोटल बनाया और मयंक वर्मा ने सबसे अधिक 81 रन की पारी खेली, जिससे छत्तीसगढ़ ने हैदराबाद को जीत के लिए 259 रन का लक्ष्य दिया था। 259 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद के एक समय 220 रन पर 9 विकेट गिर गए थे। अनिकेत ने 39 रन तो रक्षण ने 15 रन की नाबाद पारी खेली। इन दोनों ने दसवें विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी करके टीम को हारे हुए मैच में एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाई।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा वनडे आज

# युवा पेसरों के दम पर सीरीज में बढ़त दोगुनी करने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

भारत के अनुभवहीन लेकिन प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज शनिवार को दूसरे वनडे में चौतरफा आक्रमण से न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बनाकर श्रृंखला में भारत की बढत दुगुनी करने के इरादे से उतरेंगे।

श्रृंखला से पहले भारत के तेज गेंदबाजों की अनुभवहीनता पर काफी सवाल उठे थे लेकिन गुरनूर बराड़, अंशुल कम्बोज और अर्शदीप सिंह ने पहले मैच में यादगार प्रदर्शन करके सभी की धारणा बदल दी।

### भारतीय गेंदबाजों को डालनी होगी 'फुललैंग्थ'

अभी तक हरफनमौलाओं के चयन पर जोर देने वाले मुख्य कोच गौतम गंभीर की पसंद भी इससे बदलती नजर आ रही है। ईडन पार्क की बाउंड्री छोटी और सीधी थी लेकिन यहां सीमारेखा छोटी होने के बावजूद आकार चौकोर है, जिसके कारण तेज गेंदबाजों को अपनी लैंग्थ में बदलाव करना होगा। अर्शदीप सिंह की अगुवाई में भारतीय तेज गेंदबाजों ने आकलैंड में मेजबान टीम पर दबाव बनाया लेकिन यहां मैदान के आकार को देखते हुए उन्हें 'फुललैंग्थ' गेंद डालनी होगी।



### कम्बोज को टेस्ट का मिला फायदा

*अर्शदीप ने पहले मैच में सबसे ज्यादा विकेट लिए लेकिन कम्बोज ने 46 डॉट गेंद डाली। उन्होंने लगातार टेस्ट मैच वाली लैंग्थ से गेंदबाजी की, जिसका फायदा मिला। ईडन पार्क में अर्शदीप और आकिब नबी ने गेंदबाजी का आगाज किया लेकिन कम्बोज की गेंदों को मिल रही मूवमेंट को देखते हुए उन्हें नई गेंद सौंपी जा सकती है । चारों तेज गेंदबाजों में पहले मैच में सिर्फ नबी को विकेट नहीं मिला। उनकी जगह मोहम्मद सिराज को उतारा जा सकता है बशर्ते वह उपलब्ध हों।*




### बल्लेबाजों को करना होगा प्रदर्शन में सुधार

*फील्डिंग कोच शुभदीप घोष ने कहा, ' मुझे नहीं पता , यह टीम प्रबंधन तय करेगा।' बल्लेबाजी में रोहित शर्मा अच्छी पारी खेलना चाहेंगे, जो पहले मैच में पहले ओवर में ही आउट हो गए थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उन्होंने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया था। विराट कोहली ने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया और अपनी मर्जी से बाउंड्री लगाकर भारत को लक्ष्य का पीछा करके जीत दिलाने में मदद की। बाकी भारतीय बल्लेबाजों को हालांकि शॉर्ट गेंद ने परेशान किया और उन्हें प्रदर्शन में सुधार करना होगा। श्रेयस अय्यर कई शॉर्ट गेंद का सामना करने के बाद सस्ते में आउट हो गए।*

### कोंवे सीरीज से बाहर केली टीम में




वेलिंगटन। भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला के दौरान न्यूजीलैंड को करारा झटका लगा जब उसके आक्रामक बल्लेबाज डेवोन कोंवे को अभ्यास के दौरान सिर में चोट लगने (कनकशन) के कारण बाकी मैचों से बाहर हो गए। कोंवे को पहले वनडे से पूर्व लंबी चोट के कारण आकलैंड में अस्पताल ले जाना पड़ा था। बाएं हाथ के बल्लेबाज निक केली को उनकी जगह शनिवार को होने वाले दूसरे मैच में टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने यह जानकारी दी। फील्डिंग के दौरान कोंवे की टक्कर मैट हेनरी से हुई थी हालांकि हेनरी कनकशन से बच गए हैं और चयन के लिए उपलब्ध हैं।

# आर्यवीर का धमाका, इंडिया अंडर-19 ने नेपाल को हराया

एजेंसी ▶▶| अल अमेरत

आर्यवीर सहवाग और लक्ष्य रायचंदानी के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारतीय टीम ने अंडर-19 एशिया कप एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में नेपाल को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी।

ईशान सूद (18 रन देकर 3 विकेट) और अर्जुन राजपूत (8 रन देकर 3 विकेट)) की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारत ने नेपाल को 42.3 ओवर में 128 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद दिग्गज भारतीय खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर (नाबाद 70) और रायचंदानी (नाबाद 53) ने टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया। भारत ने केवल 19.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के 129 रन बनाकर 185 गेंद शेष रहते जीत हासिल की और इस तरह से अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की टीम का स्कोर एक समय चार विकेट पर 51 रन था। उसकी तरफ से दर्श सोनार ने 43 रन और आशीष लूथर के 29 रन का योगदान दिया। सूद ने नेपाल के शीर्ष क्रम को झकझोरा जबकि राजपूत ने पुछल्ले बल्लेबाजों को नहीं टिकने दिया।




## लंदन ओपन : क्वार्टर फाइनल में सेंथिलकुमार

**लंदन।** भारत के वेलावान सेंथिलकुमार ने लंदन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। विश्व रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने परागवे के 124वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को मारकांटोनियो को 11-5, 11-7, 14- 12 से हराया। अब उनका सामना दुनिया के 99वें नंबर के खिलाड़ी आमिर खालिद जोसेलिन से होगा।

# युवा ओलंपिक : 15 साल की तन्वी ने जीती चांदी

एजेंसी ▶▶| डकार

भारत की तन्वी पात्री युवा ओलंपिक की एकल स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बन गई, जिन्हें फाइनल में चीन की झांग यि शिन ने हराया।

1 घंटा और 22 मिनट तक चले मुकाबले में 15 साल की तन्वी को मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन ने 15-21, 21-13, 26-24 से हराया। तन्वी ने कहा,' यह उपलब्धि मेरे लिए काफी मायने रखती है और इससे आगे अच्छा खेलने की प्रेरणा मिलेगी।' तन्वी से पहले भारत के एचएस प्रणय (2010) और लक्ष्य सेन (2018) ने युवा ओलंपिक में रजत पदक जीता है।



भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा,'तन्वी पात्री ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे देश को गौरवान्वित किया है। पंद्रह वर्ष की उम्र में रजत पदक जीतना असाधारण उपलब्धि और पूरे देश के लिये गर्व का पल है।'

### मोदी से मिले सूर्यकुमार

**नई दिल्ली।** सूर्यकुमार यादव ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सूर्यकुमार के साथ उनकी पत्नी देविशा, उनकी नवजात बेटी, उनकी साली दीक्षा, उनके साले अजय शेट्टी और उनकी साली के दो बच्चे राम और सरयू भी थे। इस मुलाकात के दौरान सरयू ने मोदी के सामने एक कन्नड़ गीत भी गाया, जिसे प्रधानमंत्री ने बहुत पसंद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'दीपावली के माहौल में राम और सरयू का आगमन हुआ है। इससे दीपावली का वातावरण और भी पावन एवं दिव्य हो गया है।' भारत ने सूर्यकुमार की अगुवाई में इस साल के शुरू में टी20 विश्व कप में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया था।

**अधीक्षक भू-अभिलेख, परिवर्तित भूमि क्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रश्मि बुधिया पति-मनीष बुधिया, निवासी - चंद्रा पार्क कालोनी बिलासपुर ...आवेदक/आवेदिका

विरूद्ध

छ.ग. शासन .....अनावेदक/अनावेदिका

इस न्यायालय में आवेदक/आवेदिका श्री श्रीमती रश्मि बुधिया पिता/पति मनीष बुधिया निवासी चंद्रा पार्क कालोनी बिलासपुर ने मौजा खमतराई प.ह.न. 25 तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 872/7 शीट नं.....ब्लाक नं.....प्लाट नं.....पर निर्मित ए.आर. टावर के चतुर्थ तल के प्रकोष्ठ क्रमांक/फ्लैट नं. 402 क्षेत्रफल 946 वर्गफुट के धारक मनीष बुधिया का निधन दिनांक 08/02/25 होने से उनके विधिक वारिसान रश्मि बुधिया, श्रेयांश बुधिया, दिव्यांश बुधिया का नाम डायवर्सन अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

जिस किसी व्यक्ति संस्था निकाय को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष प्रकाशित होने के दिनांक 03/11/26 से दिनांक 25/11/26 तक कार्यालयीन दिवस एवं कायालयीन अवधि में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से समस्त दस्तावेज सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। सुनवाई के दिनांक के पश्चात प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ की जावेगी। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा। इस न्यायालय की सील मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

बिलासपुर, दिनांक 03/11/28

**अधीक्षक भू अभिलेख, परिवर्तित भूमि बिलासपुर (छ.ग.)**

**एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.**
LIC HFL HOUSING FINANCE LTD
एरिया ऑफिस: नारुति पैनोरमा बिल्डिंग, एलआईसी ऑफ इंडिया सैटेलाइट के सामने, शाखा: नमनाकला, रिंग रोड, अंबिकापुर (छत्तीसगढ़) 497001, फ़ोन: 07774 - 462759

**परिशिष्ट– IV नियम 8 (1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरी एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का अधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्थियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (12) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों का ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋण ग्रहित राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अत: ऋण ग्रहित और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋण ग्रहित को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग लि. अंबिकापुर प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | खातेदार का नाम | संपत्ति विवरण | मांग सूचना / कब्जा तिथि | उल्लेखित राशि मांग सूचना पत्र में |
|---|---|---|---|---|
| 1) | उधारकर्ता- श्री आशीष कुमार सरकार, सह-उधारकर्ता- श्रीमती मीना रानी सरकार एवं श्रीमती रोमा रानी सरकार, ऋण खाता संख्या 8005010000072 | नज़ूल प्लॉट नंबर 3486/1 एवं 3472/4811/1, बाबूपारा, शीट नंबर 9, वार्ड नंबर 33, अंबिकापुर, सरगुजा (छत्तीसगढ़) 497001 में क्षेत्रफल 3999 वर्गफुटपर स्थित संपत्ति का समस्त भाग तथा अंशा सीमाएं: उत्तर - नीली राय की भूमि, दक्षिण - एन.के. राय का मकान, पूर्व - सड़क, पश्चिम - सड़क। | 12.05.2026 02.11.2026 | रू 2,37,93,386.95 + ब्याज व अन्य खर्च |

वैधानिक सूचना: ऋणी एवं जमानतदार को सूचित किया जाता है कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदारों से की जावेगी।

दिनांक: 07.11.2026, स्थान: अंबिकापुर — प्राधिकृत अधिकारी

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 4368/न.पा.नि./लोनिवि/26-27 अम्बिकापुर दिनांक 06/11/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (प्रथम/तृतीय)**

स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत शा.क.उ.मा.वि. में 06 आंकाक्षीय शौचालय निर्माण (शेष कार्य) कार्य हेतु तृतीय ऑनलाईन निविदा तथा वार्ड क्रमांक 20 मटन मार्केट एवं वार्ड क्रमांक 01 माखन विहार के सामने दुकान निर्माण कार्यों हेतु (System Tender No. 203644, 203647 & 203649) हेतु प्रथम ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

**छ. स्टेट. पॉवर डिस्ट्री. कं. लिमि. अंबिकापुर**
**(छ.रा.वि.मं., की उत्तरदायी कम्पनी)**

**आवश्यक सूचना**

अंबिकापुर (शहर) संभाग क्षेत्रांतर्गत के समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, दिनांक 08.11.2026 को दीपावली के पावन पर्व पर विद्युत अवरोध होने पर त्वरित निराकरण हेतु निम्नलिखित स्थानों पर अतिरिक्त अस्थायी फ्यूज काल केन्द्र की व्यवस्था की गयी है।

| क्र. | अस्थाई फ्यूज कॉल केन्द्र | लाईन कर्मचारियों का नाम सर्व श्री | मोबाईल नंबर | कार्यक्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पावर हाउस 9201993754, 9201994123 | बरनाबास लकड़ा, बिहारी, तपन राम, कृष्णा, अमरदीप | 9201991755, 9201991766, 9201993084 | बौरीपारा, कलेक्ट्रड बंगला, गुदरी चौक, पुलिस कन्ट्रोल रूम, खैरबार एवं घुटरापारा आदि। |
| 2 | महामाया चौक / महामाया मंदिर | देबीसूरत, निरज भगत | 9201991758, 9201991771 | महामाया पारा, नवागढ, श्रीगढ़, खरसिया चौक, दरिमा मोड आदि। |
| 3 | घडी चौक | राजबहादुर, राहूल सिंह | 9201991752, 9201991767 | चित्र मंदिर, महाराजा गली, सतीपारा, गांधी चौक, चौपाटी, जोड़ा पीपल, मिशन चौक एवं जगन्नाथ मंदिर आदि। |
| 4 | लरग साय चौक | अनुराग पैकरा, दशरथ राजवाडे | 9201991745, 9201991769 | सोनपुर, बौरीपारा, तकिया रोड, प्रतापपुर नाका एवं आस पास के क्षेत्र इत्यादी। |
| 5 | एकता हस्पीटल | संदीप महावीर | 9201993086 | त्रिकोण चौक, प्रतापपुर चौक, शंकर फुट, जनपद एवं विश्वकर्मा गैराज आदि। |
| 6 | ब्रम्ह मंदिर | रमेश चौहा, प्रेम मिंज | 7999314989, 6261404816 | ब्रम्ह मंदिर, बसंत गली, संगम चौक, दिवान तालाब आदि। |
| 7 | खरसिया चौक | तिलेश्वर राम, कलेश्वर राम | 9201991753, 8959227897 | खरसिया चौक, भारतमाता चौक होटल पर्पल ऑर्चिट आदि । |
| 8 | अग्रसेन चौक | रीतु राज पैकरा | 7241151012 | देवेश्वर कालोनी एवं अग्रेसन चौक आदि। |
| 9 | जिला अस्पताल | सतीश खाखा, अमन राज | 9201991772, 6260628363 | भातु पारा, दर्रीपारा, जिला अस्पताल, प्रकाश हस्पीटल आदि। |
| 10 | बिलासपुर चौक | कमलेश पाण्डेय | 9826343038 | बिलासपुर चौक, मटपारा, बजारी, कचरापार्क, हनुमान मंदिर आदि। |
| 11 | तुलसी चौक गंगापुर | गोवर्धन राम, जीतेन्द्र | 6260737185, 7999642509 | गंगापुर, मेडिकल कालेज तुलसी चौक नालापारा आदि । |
| 12 | प्राईमरी स्कुल गोधनपुर | सम्पत पैकरा | 9171042007 | गोधनपुर, महुआपारा, मुक्तिपारा, वसुन्धरा बिहार एव कथा फैक्ट्री आदि। |
| 13 | माखन विहार | सुशील लकडा | 8770168916 | एम.जी. रोड, विशुनपुर व अजिरमा इत्यादी। |
| 14 | कार्मेल स्कुल | डोमनिक टोप्पो | 9009231794 | नमनाकला, झनझटपारा, खटीकपारा आदि। |
| 15 | आकाशवाणी चौक | दिनेश यादव | 7974781388 | शिवधारी कालोनी, चोपडापारा, उर्सूलाईन आकाशवाणी कालोनी, नवापारा, आदि। |
| 16 | बनारस चौक | कुलदीप कुमार, समीर तिर्की | 9111123831, 9753897587 | बनारस चौक, दत्ता कालोनी एवं आस पास का क्षेत्र इत्यादी। |
| 17 | प्यूज ऑफ कॉल गाधीनगर | राधेश्याम विश्वकर्मा, ठाकुर प्रसाद | 9201991744, 9302480921 | विद्युत कालोनी, राजेन्द्र नगर, बनारस रोड गांधीनगर, सुभाषनगर फुन्दूरडिहारी आदि। |

*"विद्युत लाईनो एवं उपकरणो के समीप अतिशबाजी न करें"*
*"स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएँ" "दिपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ"*

**कार्यपालन यंत्री (शहर) संभाग**
**छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमि, अंबिकापुर**

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् शिवपुर – चरचा, जिला कोरिया (छ.ग.)**

क्र./ 1504 /लो.नि.वि./टेण्डर/न.पा.प./2026 शिवपुर – चरचा, दिनाँक 06/11/2026

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा नगरपालिका परिषद् शिवपुर – चरचा के द्वारा अधोसंरचना मद से स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का पी.डब्ल्यू.डी एस.ओ.आर. (भवन) 10-06-2026, (सड़क) 16-06-2026 एवं पी.एच.ई. एस.ओ.आर. 01-06-2020 से तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलनों के आधार पर एकीकृत पंजीयन व्यवस्था के तहत पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से चार लिफाफा पद्धति में मुहरबंद निविदा दर स्पीडपोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त लिफाफे में निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक, कार्य का नाम, लागत राशि, टी.डी.आर./एफ.डी.आर. का विवरण तथा बैंक ड्राफ्ट का विवरण लिफाफा के ऊपर अंकित होने पर ही लिफाफा स्वीकार किया जायेगा।

- निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि व समय 27-11-2026 अपराह्न 04.00 बजे तक
- निविदा खोलने की तिथि व समय 30-11-2026 पूर्वाह्न 11.00 बजे से

| क्र. | कार्य का नाम | PAC (लाख में) | अमानत राशि (रुपये) | निविदा प्रपत्र शुल्क (बैंक ड्राफ्ट) | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 01 में अशोक सारथी घर से नदी तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 7.10 | 5325.00 | 750.00 | 3 माह |
| 2 | वार्ड क्र. 02 में चेरहापारा में जायसवाल जी के घर से मिश्री के घर के आगे तक नाली निर्माण कार्य | 3.05 | 3050.00 | 750.00 | 3 माह |
| 3 | वार्ड क्र. 02 में संतोष शर्मा के घर के पीछे महाराणा प्रताप के मेन नाले में ड्रेन कवर निर्माण कार्य | 4.88 | 4880.00 | 750.00 | 3 माह |
| 4 | वार्ड क्र. 02 में महाराणा प्रताप मुख्य नाला में सीटू ऑफिस के पीछे ड्रेन कवर निर्माण कार्य | 4.88 | 4880.00 | 750.00 | 3 माह |
| 5 | वार्ड क्र. 06 में राजा घर से गोविन्द ठाकुर घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 2.69 | 2690.00 | 750.00 | 3 माह |
| 6 | वार्ड क्र. 06 में शिवजी घर से कमलेश घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 2.69 | 2690.00 | 750.00 | 3 माह |
| 7 | वार्ड क्र. 06 में राजू शर्मा के घर से लखन के दुकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 2.69 | 2690.00 | 750.00 | 3 माह |
| 8 | वार्ड क्र. 06 में मुख्तार के घर से सुनील होटल तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 3.84 | 3840.00 | 750.00 | 3 माह |
| 9 | वार्ड क्र. 07 में सुबोध मण्डल घर से सुदाम डॉक्टर घर तक नाली निर्माण | 1.52 | 2000.00 | 300.00 | 3 माह |
| 10 | वार्ड क्र. 08 में रामदयाल घर से चैन साय घर तक पेवर ब्लॉक (फुटपाथ) कार्य | 4.32 | 4320.00 | 750.00 | 3 माह |
| 11 | वार्ड क्र. 08 में मनराखन यादव के बगल में पेवर ब्लॉक (फुटपाथ) निर्माण कार्य | 1.33 | 2000.00 | 300.00 | 3 माह |
| 12 | वार्ड क्र. 08 में आभा गार्डन कोरिया नीर के पास पेवर ब्लॉक (फुटपाथ) निर्माण कार्य | 2.20 | 2200.00 | 750.00 | 3 माह |
| 13 | वार्ड क्र. 08 में बालकुंवर के घर के सामने पेवर ब्लॉक (फुटपाथ) निर्माण कार्य | 2.20 | 2200.00 | 750.00 | 3 माह |
| 14 | वार्ड क्र. 09 में ओम प्रकाश के घर से गणेश मोदी के घर तक नाली निर्माण कार्य | 0.76 | 2000.00 | 300.00 | 3 माह |
| 15 | वार्ड क्र. 09 में बिजेंद्र के घर से गोपी के घर तक नाली निर्माण कार्य | 3.81 | 3810.00 | 750.00 | 3 माह |
| 16 | वार्ड क्र. 09 सलेंद्र के घर से विद्यासागर के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 4.40 | 4400.00 | 750.00 | 3 माह |
| 17 | वार्ड क्र. 09 में अशरफ के घर से जागोदास के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 4.95 | 4950.00 | 750.00 | 3 माह |
| 18 | वार्ड क्र. 09 में मुख्य सड़क से मसल्ली के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 2.27 | 2270.00 | 750.00 | 3 माह |
| 19 | वार्ड क्र. 09 में मुख्य सड़क से सोनू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 2.47 | 2470.00 | 750.00 | 3 माह |
| 20 | वार्ड क्र. 11 में इरफान के घर से कुरबान के घर होते हुए शंकर के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 1.81 | 2000.00 | 300.00 | 3 माह |
| 21 | वार्ड क्र. 11 में अमीन टेलर से मुसरकीम के घर तक ड्रेन कवर निर्माण कार्य | 0.24 | 2000.00 | 300.00 | 3 माह |
| 22 | वार्ड क्र. में 11 खुर्शीद के घर से कब्रिस्तान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 2.15 | 2150.00 | 750.00 | 3 माह |
| 23 | वार्ड क्र. 13 पीपल के पेड़ से नीम के पेड़ तक और शंकर साहू से वीरू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 1.93 | 2000.00 | 300.00 | 3 माह |
| 24 | वार्ड क्र. 13 में माणिक लाल सिंह के घर से पंकज मोदी के घर तक नाली निर्माण कार्य | 7.61 | 5710.00 | 750.00 | 3 माह |
| 25 | वार्ड क्र. 13 में नारियल पेड़ से राजेंद्र लोहार के घर तक नाली निर्माण कार्य | 7.61 | 5710.00 | 750.00 | 3 माह |
| 26 | वार्ड क्र. 13 में प्रद्युम्न के घर से मेन रोड तक नाली निर्माण कार्य | 1.90 | 2000.00 | 300.00 | 3 माह |
| 27 | वार्ड क्र. 14 में कमरुद्दीन के घर से नायडू के घर तक नाली कवर निर्माण कार्य | 1.95 | 2000.00 | 300.00 | 3 माह |
| 28 | वार्ड क्र. 14 में उक्कल फोटो स्टूडियो से अभयकान्त के दुकान तक ड्रेन कवर निर्माण कार्य | 1.95 | 2000.00 | 300.00 | 3 माह |
| 29 | वार्ड क्र. 15 में जगन्नाथ मंदिर गेट से लखन घर तक दोनों तरफ चेकर्ड टाईल्स से पाथवे निर्माण कार्य | 4.89 | 4890.00 | 750.00 | 3 माह |
| 30 | वार्ड क्र. 15 में मनोज सोनी घर से राम लड्डू घर तक दोनों तरफ चेकर्ड टाईल्स से पाथवे निर्माण कार्य | 3.67 | 3670.00 | 750.00 | 3 माह |
| 31 | वार्ड क्र. 15 में कमलेश ठाकुर घर से कालिया किराना दुकान तक दोनों तरफ चेकर्ड टाईल्स से पाथवे निर्माण कार्य | 3.67 | 3670.00 | 750.00 | 3 माह |
| 32 | वार्ड क्र. 02 में झाकी लाल घर से राजेन्द्र विश्वकर्मा घर तक पाईपलाईन विस्तार कार्य | 8.45 | 6340.00 | 750.00 | 3 माह |
| 33 | वार्ड क्र. 02 में संतोष शर्मा घर से सहदेव परीदा घर तक पाईपलाईन विस्तार कार्य | 8.45 | 6340.00 | 750.00 | 3 माह |
| 34 | वार्ड क्र. 03 में विक्रांत घर से बलकूराम घर तक पाईपलाईन विस्तार कार्य | 2.83 | 2830.00 | 750.00 | 3 माह |
| 35 | वार्ड क्र. 03 में फुसुन दुकान से भुनेश्वर राजवाड़े घर तक पाईपलाईन विस्तार कार्य | 2.83 | 2830.00 | 750.00 | 3 माह |
| 36 | वार्ड क्र. 07 में ललाईन घर से पीपल पेड़ तक पाईपलाईन विस्तार कार्य | 3.52 | 3520.00 | 750.00 | 3 माह |
| 37 | वार्ड क्र. 07 में शम्भू घर से काँके पुलिस घर तक पाईपलाईन विस्तार कार्य | 4.22 | 4220.00 | 750.00 | 3 माह |
| 38 | वार्ड क्र. 07 में अरुण सिंह गली से आँगनबाड़ी तक पाईपलाईन विस्तार कार्य | 1.40 | 2000.00 | 300.00 | 3 माह |
| 39 | वार्ड क्र. 07 में मुंगीलता गली से चन्द्रिका महाराज घर तक पाईपलाईन विस्तार कार्य | 2.12 | 2120.00 | 750.00 | 3 माह |
| 40 | वार्ड क्र. 07 में अजमेरी गली से शंकर ठाकुर घर तक पाईपलाईन विस्तार कार्य | 4.22 | 4220.00 | 750.00 | 3 माह |
| 41 | वार्ड क्र. 07 में साकेत सदन से इन्द्रा परमार घर तक पाईपलाईन विस्तार कार्य | 4.22 | 4220.00 | 750.00 | 3 माह |
| 42 | वार्ड क्र. 15 में छोटू घर से मोदनवाल घर तक पाईपलाईन विस्तार कार्य | 7.01 | 5260.00 | 750.00 | 3 माह |
| 43 | वार्ड क्र. 15 में शेरू घर से मुकराम घर तक पाईपलाईन विस्तार कार्य | 5.62 | 5000.00 | 750.00 | 3 माह |

- उपरोक्त कार्य विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से निविदा प्रपत्र फार्म "ए" डाऊनलोज कर पूर्ण रूप से भर कर निविदा प्रपत्र शुल्क डी.डी. के रूप में तथा अमानत राशि एफ.डी.आर/टी.डी.आर. के रूप में निविदा दस्तावेज सहित चार लिफाफा पद्धिति के माध्यम से स्पीडपोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के द्वारा भेजी जावे।
- निविदा से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी एवं नियम व शर्तें कार्यालयीन समय में कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है अथवा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है।

मु




# दिवाली पर यहां नहीं जलते पटाखे, 150 साल पुराने बरगद पर रहता है सैकड़ों चमगादड़ों का परिवार

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के एक गांव में दिवाली मनाने का तरीका बाकी जगहों से बिल्कुल अलग है। यहां लोग त्योहार तो पूरे उत्साह से मनाते हैं, लेकिन पटाखे नहीं जलाते। न तेज आवाज होती है और न ही आसमान में धुएं का गुबार दिखाई देता है। इसकी वजह भी बेहद खास है। दरअसल, गांव के एक पुराने बरगद के पेड़ पर सैकड़ों चमगादड़ रहते हैं। ग्रामीणों ने इन बेजुबान जीवों की शांति और सुरक्षा के लिए पटाखों से दूरी बना रखी है। खास बात यह है कि यह परंपरा आज की नहीं, बल्कि करीब 100 साल से चली आ रही है।

## आतिशबाजी से करते हैं परहेज

यह अनूठी परंपरा तमिलनाडु के मयिलादुथुरई जिले के पेरम्बूर गांव की है। यहां दिवाली पर लोग घरों में दीये जलाते हैं, मंदिरों में पूजा करते हैं और परिवार के साथ त्योहार की खुशियां बांटते हैं। लेकिन आतिशबाजी से पूरी तरह परहेज करते हैं। गांव के लोगों का मानना है कि अपनी खुशी के लिए किसी दूसरे जीव को परेशान करना ठीक नहीं है।



## 150 साल पुराने बरगद पर है चमगादड़ों का बसेरा


गांव के 'वव्वाल थोप्पू' यानी चमगादड़ों के बाग में एक करीब 150 साल पुराना बरगद का पेड़ है। इस पेड़ पर सैकड़ों इंडियन फ्लाइंग फॉक्स यानी बड़े फल खाने वाले चमगादड़ रहते हैं। ये चमगादड़ दिन में पेड़ों पर आराम करते हैं और रात में भोजन की तलाश में बाहर निकलते हैं।

## धुएं से होती है गांव वालों को परेशानी

ग्रामीणों को पता है कि दिवाली के दौरान पटाखों की तेज आवाज और उनसे निकलने वाला धुआं इन जीवों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। ऐसे में उन्होंने फैसला किया कि त्योहार की खुशियां मनाने के लिए इनका आशियाना खतरे में नहीं डालेंगे। तभी से गांव में पटाखे जलाने की परंपरा नहीं है। चमगादड़ पर्यावरण के लिए भी काफी जरूरी हैं। ये फलों के बीज दूर-दूर तक फैलाने और फूलों के परागण में मदद करते हैं। इससे जंगलों और हरियाली को बढ़ने में मदद मिलती है। यही वजह है कि गांव के लोग इन्हें सिर्फ एक जीव नहीं, बल्कि प्रकृति का अहम हिस्सा मानते हैं।

## तमिलनाडु के दूसरे गांवों में भी ऐसी परंपरा

पेरम्बूर अकेला ऐसा गांव नहीं है, जहां लोग वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए पटाखे नहीं जलाते। तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के कझुपेरुम्पक्कम गांव में भी चमगादड़ों को बचाने के लिए लोग आतिशबाजी से दूर रहते हैं। वहीं, कोयम्बटूर जिले के किट्टमपालयम गांव में साल 2012 में स्कूलों के जरिए पटाखे न जलाने की मुहिम शुरू हुई थी। धीरे-धीरे इस पहल से सैकड़ों परिवार जुड़ गए। इन गांवों के लोगों का मानना है कि त्योहार मनाने के साथ-साथ प्रकृति और जीव-जंतुओं का ध्यान रखना भी हमारी जिम्मेदारी है।




# दिवाली पर होती है बैलों की दौड़, सींगों पर बंधे नारियल-पैसों के लिए जान जोखिम में डालते हैं युवा

**पाली।** दीपावली यानी रोशनी का त्योहार, खुशियों और दीपों का पर्व, लेकिन राजस्थान के पाली जिले से एक ऐसी अनोखी तस्वीर सामने आई है, जो आम दीपोत्सव से बिल्कुल जुदा है। पाली के कानूजा गांव में दिवाली की एक ऐसी परंपरा निभाई जाती है, जिसके बारे में सुनकर आप भी हैरान रह जाएंगे। यहां पिछले 400 सालों से चली आ रही इस रस्म के तहत त्योहार के मौके पर पशुओं को दौड़ाया जाता है, जिनके सींगों पर नारियल और नकद रुपए बांधे जाते हैं। इन इनामों को पाने के लिए ग्रामीण उत्साह के साथ आगे आते हैं। पाली के कानूजा गांव में सदियों पुरानी, रोमांचक परंपरा की एक ऐसी झलक, जो राजस्थान की संस्कृति के अलग ही रंग बयां करती है।

## रोशनी के त्योहार में रोमांच का तड़का

राजस्थान अपनी समृद्ध संस्कृति, इतिहास और अनूठी परंपराओं के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। जब पूरा देश दीपावली की आतिशबाजी और मिठाइयों में सराबोर होता है, तब पाली जिले के रायपुर मारवाड़ उपखंड स्थित कानूजा (कनूजा) गांव में एक अलग ही सांस्कृतिक रंग देखने को मिलता है। जहां एक ओर आधुनिकता और शहर की चकाचौंध में लोग अपनी पुरानी परंपराओं और लोक-संस्कृति को भूलते जा रहे हैं, वहीं कानूजा गांव के ग्रामीणों ने अपनी सदियों पुरानी विरासत को आज भी पूरी जीवंतता के साथ कायम रखा है। गोवर्धन पूजा के खास मौके पर यहां 'बैल भड़काने' की पारंपरिक रस्म अदा की जाती है, जिसे देखने के लिए न केवल स्थानीय बल्कि आसपास के तमाम गांवों से भारी भीड़ उमड़ पड़ती है।



## सुबह से ही सजने लगती है गांव की चौपाल

गोवर्धन पूजा के दिन सुबह 7 बजे से ही कानूजा गांव की मुख्य चौपाल पर उत्सव जैसा माहौल बनने लगता है। पशुपालक और गांव के लोग अपने बैलों और गांव के बेसहारा बैलों को चौपाल पर एकत्र करते हैं। इसके बाद शुरू होता है बैलों के निखार और श्रृंगार का दौर. बैलों के शरीर पर मेहंदी और लाल रंग लगाकर उन्हें बेहद सुंदर तरीके से सजाया जाता है। इसके बाद एक विशेष रस्म निभाई जाती है—लाल और केसरिया रंग के कपड़ों में नारियल, नकद रुपए और मिठाइयां रखकर एक पोटली तैयार की जाती है। इस पोटली को बड़ी ही मजबूती के साथ बैलों के सींगों पर बांध दिया जाता है, यह पोटली ही इस रोमांचक खेल की मुख्य 'इनाम' होती है।

## आतिशबाजी से भड़कते हैं बैल

बैलों के सींगों पर इनाम की पोटली बांधने के बाद गांव के मुख्य मार्ग पर आतिशबाजी और पटाखे फोड़े जाते हैं। पटाखों के धमाकों और शोर-शराबे से बैल भड़क उठते हैं और गांव की गलियों व चौपाल पर सरपट दौड़ने लगते हैं। जैसे ही भड़के हुए बैल दौड़ना शुरू करते हैं, गांव के साहसी युवाओं की टोलियां उनके पीछे दौड़ पड़ती हैं। युवाओं के बीच होड़ मच जाती है कि कौन दौड़ते और भड़कते हुए बैल के पास जाकर उसके सींगों से बंधे नारियल और पैसों की पोटली को सुरक्षित निकाल पाता है। यह दृश्य बेहद रोमांचक और साथ ही अत्यंत जोखिम भरा होता है। भड़के हुए शक्तिशाली बैलों को काबू में करना और उनके सींगों से पोटली छीनना कोई आसान काम नहीं है। इस भगदड़ और आपाधापी में हर साल दर्जनों युवा चोटिल होते हैं, कई गिरते हैं तो कई बैलों की टक्कर से जख्मी हो जाते हैं। लेकिन परंपरा और लोक-संस्कृति का जुनून ऐसा होता है कि युवा चोट की परवाह किए बिना तुरंत खड़े होते हैं और दोबारा मुस्कुराते हुए बैलों के पीछे भागने लगते हैं।

## रोचक खबरें

### ब्लैक एलियन बनने की सनक, टैटू और सर्जरी से पहले इतना हैंडसम था ये शख्स

**पेरिस।** जब कोई अपनी पसंद के लिए समाज की परवाह करना छोड़ देता है, तो वो कुछ ऐसा कर जाता है जिस पर यकीन करना मुश्किल हो जाता है। फ्रांस के एंथनी लोफ्रेडो आज दुनिया में 'ब्लैक एलियन' के नाम से मशहूर हैं, लेकिन आज से 15 साल पहले वो बिल्कुल आम और हैंडसम दिखते थे। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी पुरानी तस्वीर शेयर की, जिसे देखकर सब हैरान रह गए। एंथनी पिछले 10 साल से ज्यादा समय से अपने शरीर पर अजीबोगरीब प्रयोग कर रहे हैं। उन्हें देखकर लगता है जैसे वो किसी साइंस फिक्शन फिल्म से निकले हों। इस लुक के लिए उन्होंने कई दर्दनाक सर्जरी करवाई हैं। उन्होंने अपने दोनों कान और हाथ की दो उंगलियां कटवा दी हैं, सिर को एलियन जैसा दिखाने के लिए स्किन के अंदर मेटल और सिलिकॉन इम्प्लांट लगवाए हैं, होंठ का एक हिस्सा हटवा दिया है और आंखों में काली स्याही भरवा ली है। उनका पूरा शरीर सिर से पैर तक काले टैटू से ढका हुआ है।



# मुंबई नहीं, धरती के इस कोने में गिरा नासा की 1.5 टन की दूरबीन का मलबा

**जकार्ता।** अमेरिकी अतंरिक्ष एजेंसी नासा के प्रमुख अंतरिक्ष दूरबीनों में से एक ' नील गेहरेल्स स्विफ्ट ऑब्जर्वेटरी ' बुधवार, 4 नवंबर को पृथ्वी पर गिर गया है। इससे ब्रह्मांड के सबसे बड़े विस्फोटों पर 22 साल से चल रहा इसका अध्ययन खत्म हो गया। स्विफ्ट ऑब्जर्वेटरी का अंत इसे बचाने के मिशन के फेल होने के तीन महीने बाद हुआ है। नील गेहरेल्स स्विफ्ट ऑब्जर्वेटरी इंडोनेशिया के ऊपर क्रैश हुआ, जो 1.5 टन का स्पेस टेलीस्कोप है। इससे भारत के लोगों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि मुंबई में इसका मलबा गिरने का खतरा जताया गया था। नासा के मुताबिक, पिछले कुछ



वर्षों में बहुत ज्यादा सौर गतिविधियों के कारण स्विफ्ट की कक्षा (ऑर्बिट) लगातार नीचे आ रही थी। ऑर्बिट को ऊपर उठाने का काम एक निजी कंपनी को काम सौंपा था लेकिन यह कोशिश नाकाम साबित हुई। यूएस स्पेस फोर्स ने बताया कि स्विफ्ट इंडोनेशिया के पास पृथ्वी के वायुमंडल में फिर प्रवेश कर गया और क्रैश हुआ।

## ज्यादातर हिस्सा वायुमंडल में जला

डेढ़ टन वजनी इस अंतरिक्ष यान का कितना हिस्सा वायुमंडल में जल गया, यह अभी स्पष्ट नहीं है। नासा को आशंका है कि इसके कुछ सघन (घने) टुकड़े बच गए होंगे। नासा ने इसके मलबे के हिस्से को समुद्र में गिराने की तैयारी की थी। साथ ही भारत, अफ्रीका, दक्षिण-पूर्व एशिया में इसके मलबे के कुछ हिस्से गिरने की संभावना भी जताई थी। स्विफ्ट को साल 2004 में कक्षा में भेजा गया था। इसका उद्देश्य गामा-रे विस्फोटों और तारों के फटने की घटनाओं पर दो साल रिसर्च करना था। यह मिशन योजना से 11 गुना अधिक समय चला, जिसके दौरान इसने ऐसी हजारों घटनाओं का परखा। इसने दूरबीनों के लिए फर्स्ट रिस्पॉन्डर (शुरुआती जानकारी देने वाले) के रूप में काम किया। स्विफ्ट के मामले में जल्दबाजी में काम करना पड़ा लेकिन हबल को बचाने के विकल्पों पर विचार करने के लिए अंतरिक्ष एजेंसी के पास अब अधिक समय है।

## गिर सकता है एक और टेलीस्कोप

नासा अब ए क और ऑब्जर्वेटरी 'हबल स्पेस टेलीस्कोप' को बचाने के लिए निजी कंपनियों की तलाश में है। सौर तूफानों के कारण हबल की कक्षा लगातार नीचे आ रही है। 1990 में लॉन्च किया गया हबल 2030 के दशक के मध्य तक पृथ्वी पर गिर सकता है। अंतरिक्ष एजेंसी निजी कंपनियों से सुझाव मांग रही है कि क्या हबल की कक्षा को ऊपर उठाया जा सकता है, इसके सिस्टम को अपग्रेड किया जा सकता है, या इसे नियंत्रित तरीके से पृथ्वी के वायुमंडल में वापस लाया जा सकता है। ऐसा कोई भी मिशन 2032 तक पूरा होना चाहिए। नासा प्रशासक जेरेड इसाकमैन ने एक बयान में कहा है कि हबल से अभी भी महत्वपूर्ण वैज्ञानिक कार्य किए जाने बाकी हैं। इसलिए हमें इसे यथासंभव लंबे समय तक चालू रखने के हर उचित अवसर पर विचार करना चाहिए।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com